सूर्योदय 5:17 सूर्यास्त 7:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 19.0 न्यू | 28.0 अधि |
| धर्मशाला | 18.5 न्यू | 34.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73,833 |
| निफ्टी | 23,162 |
| सोना | 1,45,000 |
| चांदी | 2,33,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129 62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com



आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 12 जून 2026 | 29 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 164, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702


# सीएम सुक्खू ने आरडीजी सहित उठाए हिमाचली मसले

## नीति आयोग की बैठक में पीएम मोदी से मांगे आपदा राहत पैकेज के 1500 करोड़, बोले-बीबीएमबी का 4000 करोड़ का बकाया भी दिलाएं

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक पर पिछले कई दिनों से प्रदेश सरकार, प्रशासनिक तंत्र व विकास योजनाओं से जुड़े हलकों की सीधी निगाहें टिकी हुई थीं।

आखिरकार वह बहुप्रतीक्षित क्षण आया जब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित इस अहम बैठक में हिमाचल प्रदेश की आर्थिक, पर्यावरणीय और विकासात्मक चुनौतियों को राष्ट्रीय मंच पर पूरे दमखम के साथ रखा। विकसित भारत के लिए समावेशी मानव विकास विषय पर केंद्रित इस बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश की प्रगति में हिमाचल की भूमिका महत्वपूर्ण है, इसलिए राज्य के हितों और विशेष परिस्थितियों को भी समान गंभीरता से देखा जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सामने खड़ी वित्तीय चुनौतियों को विस्तार से रखते हुए राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) की समाप्ति, प्राकृतिक आपदाओं से हुए भारी नुकसान, जलविद्युत परियोजनाओं में मुफ्त बिजली के हिस्से में आई कमी तथा जीएसटी व्यवस्था से हुई राजस्व हानि का समग्र आकलन करने के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार हिमाचल को उसका न्यायोचित अधिकार प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश को दिए गए 25 हजार करोड़ रुपए पर्याप्त नहीं हैं और विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए इस सहायता को बढ़ाकर 50 हजार करोड़ रुपए किया जाना चाहिए।

उन्होंने हिमाचल को देश का 'ग्रीन फ्रंटियर' बताते हुए कहा कि प्रदेश हर वर्ष लगभग 90 हजार करोड़ रुपए मूल्य की पारिस्थितिकीय सेवाएं देश को प्रदान कर रहा है, लेकिन इसके अनुरूप आर्थिक प्रतिपूर्ति नहीं मिल रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 13 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन करने वाले प्रदेश को मुफ्त बिजली का समुचित लाभ नहीं मिल रहा है, जबकि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) से मिलने वाली लगभग 7 हजार करोड़ रुपए की राशि भी अभी लंबित है। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं से सर्वाधिक प्रभावित होने के बावजूद केंद्र द्वारा घोषित 1500 करोड़ रुपए की विशेष सहायता राशि जारी न होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया।

मुख्यमंत्री ने बैठक में प्रदेश की विकास यात्रा और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2025 में हिमाचल पूर्ण साक्षर राज्य बना तथा स्कूल शिक्षा प्रदर्शन ग्रेडिंग सूचकांक में उल्लेखनीय सुधार दर्ज करते हुए 21वें स्थान से छठे स्थान तक पहुंचा है। उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है, जो प्रदेश की मजबूत शैक्षिक व्यवस्था का प्रमाण है। उन्होंने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण में राज्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, पंप स्टोरेज और बैटेरी स्टोरेज जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के माध्यम से हिमाचल देश के हरित ऊर्जा मानचित्र पर अग्रणी भूमिका निभाने बैटदिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने चंद्रभागा-रावी-ब्यास लिंक परियोजना के क्रियान्वयन में प्रदेश के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग रखी।



नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

### पर्यटन, पोषण और नशा विरोधी अभियान पर भी रखी स्पष्ट रणनीति

**बैठक** में मुख्यमंत्री ने पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए गग्गल हवाई अड्डे के विस्तार का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि बेहतर हवाई संपर्क से हिमाचल को 'वन स्टेट, वन इंटरनेशनल डेस्टिनेशन' के रूप में विकसित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही 'मुख्यमंत्री अपना परिवार सुखी परिवार' योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य के लगभग डेढ़ लाख जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार गंभीर प्रयास कर रही है।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणाली विकसित करने की वकालत

**मुख्यमंत्री** ने बच्चों के पोषण कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणाली विकसित करने की वकालत करते हुए कहा कि इससे योजनाओं की पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ेगी। वहीं नशे के खिलाफ चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान का उल्लेख करते हुए उन्होंने खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल के लिए केंद्र सरकार से सहयोग का आग्रह भी किया।

## न्यूज शॉर्ट्स

### अभिनेत्री जैकलीन केस से सुप्रीम कोर्ट जज ने खुद को किया अलग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 217 करोड़ रुपए के कथित वसूली मामले में आरोप तय करने के आदेश को चुनौती देने वाली अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने खुद को अलग कर लिया है। अब यह मामला उस नई बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा, जिसमें जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा शामिल नहीं होंगे। मामले की अगली सुनवाई 25 जून को होगी। यह मामला ट्रायल कोर्ट के उस आदेश से जुड़ा है, जिसमें जैकलीन फर्नांडिस, ठग सुकेश चंद्रशेखर और उसकी पत्नी लीना पॉल के खिलाफ मकोका और आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप तय करने के निर्देश दिए गए थे। (अनंत ज्ञान)

### एपीएसबीसीएल परिवहन घोटाले में ईडी की छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आंध्र प्रदेश स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन लिमिटेड (एपीएसबीसीएल) परिवहन घोटाले में वीरवार को पांच ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई। ईडी के अनुसार, इस घोटाले में सरकारी खजाने को करीब 195.33 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाने और आरोपितों द्वारा अवैध लाभ कमाने का मामला सामने आया है। तलाशी के दौरान एजेंसी ने आठ लाख रुपये नकद, दो रोलेक्स घड़ियां, प्रीमियम वाहन, आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किए। ईडी ने बताया कि आरोप है कि परिवहन अनुबंधों में हेरफेर कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। बरामद दस्तावेजों और डिजिटल उपकरणों की जांच जारी है और मामले की आगे की पड़ताल की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### सीबीआई ने साइबर ठग काले को थाईलैंड से किया प्रत्यर्पित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर धोखाधड़ी के मामले में वांछित भगोड़े गणेश बालासो काले को थाईलैंड से प्रत्यर्पित कर भारत लाने में सफलता हासिल की है। आरोपी को 24 मई को बैंकॉक में थाई अधिकारियों ने हिरासत में लिया था और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10 जून को भारत भेजा गया। सीबीआई के अनुसार, आरोपी पर ऑनलाइन पार्ट-टाइम नौकरी और निवेश का झांसा देकर लोगों से ठगी करने का आरोप है। मुंबई पहुंचने पर आरोपी को महाराष्ट्र साइबर सेल के हवाले कर दिया गया है। मामले की जांच जारी है। सीबीआई ने यह कार्रवाई गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास के सहयोग से की। (अनंत ज्ञान)

### अमृतसर में 30 किलो हेरोइन समेत छह तस्कर गिरफ्तार

**एजेंसी, चंडीगढ़।** अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने 30.045 किलोग्राम हेरोइन बरामद कर सीमा पार संचालित एक बड़े नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान दो नाबालिगों समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी दुबई में बैठे एक तस्कर के संपर्क में थे, जो सीमा पार से हेरोइन मंगवाकर पंजाब में सप्लाई करवाता था। पुलिस के अनुसार, दुबई स्थित यह तस्कर कई बड़े एनडीपीएस मामलों में वांछित है। नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और हवाला कनेक्शन की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)

## कल्याण बनर्जी का अल्टीमेटम ममता मुझे चुनें या अभिषेक को

**एजेंसी, कोलकाता**



ममता बनर्जी की मुश्किलें कम होते नहीं दिख रही हैं। विधायक और सांसद लगातार उनका साथ छोड़ रहे हैं। इस बीच, उनके सबसे करीबी सांसद कल्याण बनर्जी की भी गुरुवार को नाराजगी सामने आई।

उन्होंने कहा कि ममता दीदी को तय करना होगा कि वे मेरे साथ हैं या अभिषेक बनर्जी के साथ। अभिषेक को सीनियर नेताओं का सम्मान करना नहीं आता। वह बहुत अहंकारी हैं। इसी वजह से पार्टी बर्बाद हुई है। उन्होंने कहा, अगर ममता दीदी को अभिषेक बनर्जी पर ही निर्भर रहना है, तो उनके साथ रहें और मुझे छोड़ द। अगर उनसे अलग रास्ता चुनती हैं, तो मैं ममता दीदी के साथ हूं। कल्याण की नाराजगी की वजह टीएमसी का फर्जी साइन केस है। उन्होंने बताया, 'मुझे आधी रात को बताया गया कि इस केस से जुड़े वकील बदल दिए गए हैं। इनमें मैं भी था। यह अपमानजनक है।'

इधर, टीएमसी के राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बड़ाईक ने वीरवार को इस्तीफा दे दिया। पिछले चार दिनों में 13 में से तीन राज्यसभा सांसद ममता को छोड़कर जा चुके हैं। 10 जून को सुष्मिता देव ने रिजाइन किया था। 8 जून को सुखेंदु शेखर ने राज्यसभा सदस्यता और पार्टी छोड़ी थी। इससे पहले टीएमसी की बागी सांसद काकोली घोष ने दावा किया था कि 20 लोकसभा सांसद अलग गुट बना चुके हैं। वहीं, बंगाल के 80 में से 58 टीएमसी विधायक अलग गुट बना चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिकी मिसाइल हमले में हमीरपुर के नाविक आदित्य शर्मा की मौत

अनंत ज्ञान

**गलोड़।** ओमान तट के निकट स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास हुए जहाज हमले में हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के युवा नाविक आदित्य शर्मा की मौत हो गई है। आदित्य हमीरपुर के गलोड़ क्षेत्र के निवासी थे और पालाउ ध्वज वाले तेल टैंकर एमटी सेटेबेलो पर डेक कैडेट के रूप में कार्यरत थे। उनकी मौत की पुष्टि होने के बाद परिवार और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।


आदित्य शर्मा (फाइल फोटो)

हड़ेटा पंचायत के भालू गांव निवासी आदित्य जहाज पर डेक कैडेट के रूप में तैनात थे। बीते वर्ष नंवबर माह में वह घर से ड्यूटी के लिए गए थे। आदित्य के पिता राजेश कुमार जालंधर में निजी कंपनी में कार्यरत हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। आदित्य अपने माता पिता की इकलौती संतान थे, हादसे की सूचना के बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। परिजनों के अनुसार कंपनी के अधिकारियों से घटना की सूचना मिली, जिसमें उन्होंने बताया कि घटना के समय पोत पर कुल 24 चालक दल के सदस्य मौजूद थे, जिनमें से 21 को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया जबकि तीन की मौत हो गई, जिसमें आदित्य भी शामिल है। घटना की सूचना के बाद तहसीलदार गलोड़ केशव कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आदित्य के निधन गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं।

◆ **मुख्यमंत्री सुक्खू ने जताया गहरा शोक**

### अमेरिकी हमलों पर भारत ने जताया कड़ा विरोध

**एजेंसी, तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** ओमान के पास भारतीय नाविकों वाले जहाजों पर अमेरिकी हमलों को लेकर भारत ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने भारतीय क्रू वाले तीसरे जहाज एमटी जलवीर पर भी हमला किया है। इस पर सवार सभी 20 भारतीय सुरक्षित हैं और उन्हें निकालने का काम जारी है। इससे पहले एमटी सेटेबेलो और एमटी मैरीवेक्स पर भी हमले हो चुके हैं। इन घटनाओं में अब तक 3 भारतीय नाविकों की मौत हो चुकी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि तीनों जहाजों पर अमेरिकी नौसेना ने हमला किया है। भारत ने इस मामले पर अमेरिकी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया और कहा कि जहाजों पर हो रहे हमले तुरंत बंद होने चाहिए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने भी तीनों जहाज पर हमले की बात मानी है। सरकार ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में इस समय 13 भारतीय झंडे वाले जहाज और 18 हजार से ज्यादा भारतीय नाविक मौजूद हैं। इनमें 562 नाविक भारतीय जहाजों पर तैनात हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा है कि उसने इस हफ्ते तीसरे कारोबारी जहाज एमटी जलवीर पर हमला किया है। सेंट कॉम के मुताबिक, गिनी-बिसाऊ के झंडे वाले इस जहाज पर ईरानी तेल ले जाने का आरोप था। अमेरिका का कहना है कि जहाज के क्रू ने उसके निर्देश नहीं माने, इसलिए एक अमेरिकी विमान ने जहाज के इंजन वाले हिस्से पर दो हेलफायर मिसाइल दागीं। (अनंत ज्ञान)

## केरलम में निपाह वायरस लौटा, संक्रमित वेंटिलेटर पर

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** केरलम में इस साल निपाह वायरस का पहला केस मिला है। इसकी जानकारी गुरुवार को सामने आई। मरीज 43 साल का है और कोझिकोड का रहने वाला है। राज्य सरकार ने रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। मरीज को हल्का बुखार आने पर प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। बाद में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज भेजा गया। उसकी हालत गंभीर है और वह वेंटिलेटर पर है। स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने कहा, मरीज कई लोगों के संपर्क में आया था। अस्पताल के स्टाफ और उसके संपर्क में आए संभावित लोगों को क्वारंटीन रहने को कहा गया है। फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है। 2018 के बाद से केरलम में छठी बार संक्रमण फैला है। आखिरी बार दो साल पहले 2024 में दो केस मिले थे। इनमें एक मरीज की जान चली गई थी। (अनंत ज्ञान)

◆ **राज्य में इस साल पहला केस, 8 साल में छठी बार संक्रमण**



## मणिपुर के कामजोंग में गोलाबारी 2 की मौत, कई घरों में लगाई आग


**एजेंसी, इम्फाल**

मणिपुर के कामजोंग जिले के कुलतूह कुकी गांव में वीरवार सुबह संदिग्ध मिलिटेंट्स ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, मिलिटेंट्स ने सुबह करीब 4:55 बजे अंधाधुंध गोलीबारी की। साथ ही गांव के कई घरों को आग के हवाले कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। भारी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कया गया है।

यह घटना कांगपोकपी जिले में छह नगा नागरिकों के शव मिलने के एक दिन बाद हुई है। आशंका जताई जा रही है कि ये शव उन छह लोगों के हैं जो 13 मई को लीलोन वैफेई गांव से अगवा हुए थे। 29 दिन बाद इनके शव मिलने से तनाव बढ़ गया है। लापता छह लोगों के शव कांगपोकपी जिले के कराम वैफेई गांव से बरामद किए गए थे। हालांकि, प्रशासन ने अभी तक उनकी पहचान की पुष्टि नहीं की है। मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए को सौंप दी गई है। छह शवों को वीरवार सुबह इम्फाल स्थित जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान लाया गया। शवों के पहुंचते ही बड़ी संख्या में परिजन, नगा समुदाय के नेता और स्थानीय लोग अस्पताल परिसर में जमा हो गए। भीड़ को काबू करने के लिए सुरक्षा बलों को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। (अनंत ज्ञान)

◆ **एक दिन पहले 6 नगा लोगों के मिले थे शव**





NAAC GRADE A+ Accredited University
Shoolini University
NO.1 PRIVATE UNIVERSITY IN INDIA
QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2026
Scholarships Worth Upto ₹5cr.

ADMISSIONS OPEN 2026
180+ Future-Ready Programs

COMPUTER SCIENCE
— B Tech CSE
— B Tech Artificial Intelligence
BCA | MCA | M Tech | PhD
CORE ENGINEERING
B Tech Civil (AI & Geoinformatics)
M Tech | PhD
DATA SCIENCE
MSc | PhD
BIOMEDICAL ENGINEERING
B Tech
SUMMIT RESEARCH PROGRAM
B Tech Biotechnology
BIOTECHNOLOGY
B Tech | M Tech | BSc (Hons) | MSc | PhD
BIOTECHNOLOGY with AI
B Tech
BIOINFORMATICS
B Tech | M Tech | PhD
MICROBIOLOGY
BSc (Hons) | MSc | PhD
FOOD TECHNOLOGY
B Tech | M Tech | BSc (Hons) | MSc | PhD
PHARMACEUTICAL SCIENCES
B Pharm | M Pharm | PhD
NUTRITION & DIETETICS
BSc (Hons) | MSc
FORENSIC SCIENCE
BSc (Hons) | MSc
AGRICULTURE
BSc (Hons) | MSc | PhD
MEDIA STUDIES
BA JMC | MA | PhD
DESIGN
B Design | PhD
SCIENCES
Zool | Bot | Chem | Phys
BSc (Hons) | MSc | PhD
HOTEL MANAGEMENT
BSc
LAW
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM | PhD
PSYCHOLOGY
BA/BSc (Hons) | MA/MSc | PhD
LIBERAL ARTS
BA (Hons) | MA | PhD
YOGIC SCIENCES
BA / BSc (Hons) | MA / MSc | PhD
MATHEMATICS
BA / BSc (Hons) | MA / MSc | PhD
MANAGEMENT SCIENCES
B Com (Hons) | BBA (Hons) | MBA | PhD
MBA SPECIALISATIONS
Marketing | Finance | HR
Pharma & Healthcare |
Business Analytics & AI

INTERNATIONAL DEGREES
At Globally Top-Ranked Universities
THE UNIVERSITY OF MELBOURNE — 2+2 UG Dual Degree
ROYAL HOLLOWAY, UNIVERSITY OF LONDON — 1+1 PG Dual Degree
UNIVERSITY OF EDINBURGH — 2+2 Engineering Dual Degree
DURHAM UNIVERSITY — 1+1 PG Dual Degree
QUEEN'S UNIVERSITY, BELFAST — 2+2 UG Dual Degree

SHOOLINI UNIVERSITY
Solan-Oachghat-Kumarhatti Highway, Bajhol, Solan, Himachal Pradesh 173229, India.
Admissions Helpline 701 800 7000
shooliniuniversity.com


**कार्रवाई** प्रदेश में राशन वितरण व्यवस्था पर उठे सवाल, कम वजन की शिकायतों पर विभाग सख्त

# गोदाम से डिपो तक 'गायब' हो रहा अनाज, वजन कर खुली पोल

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** आटा, चावल, चीनी सहित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सिविल सप्लाई कारपोरेशन के गोदामों से राशन डिपो तक पहुंचते पहुंचते हर चीज का भार क्यों कम हो रहा, इसकी जांच शुरू हो गई है।

वीरवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने कई जगह पहुंचकर नापतोल किया तो डिपुओं में मौजूद अनाज का भार कम गया। अब रिपोर्ट तैयार करके अगली कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, लेकिन यक्ष प्रश्न यही है कि कार्रवाई होगी या फिर औपचारिकता मात्र ही यह सब कुछ फाइलों में सिमट जाएगा।

कारण यह है कि सिविल सप्लाई के गोदामों से आखिर हो क्यों रहा ऐसा? यदि मिल मालिक कम सप्लाई दे रहे हैं, तो वहां से आने वाली सप्लाई को जांचने का जिम्मा किसका है। इस तरह के सारे सवाल हैं, जिनका जवाब न केवल खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को देना है, बल्कि सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन भी इसकी बराबर की जवाबदेह है।

दरअसल में बीते रोज डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने इस तरह की शिकायतें की थीं। उनका कहना था कि न केवल हमीरपुर जिला बल्कि प्रदेशभर में डिपुओं के संचालकों को इस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन उनकी सुनवाई कोई नहीं कर रहा। तेल के बंद डिब्बों में भी 12 की जगह 11 लीटर तेल मिल रहा है। बाहर पैकिंग ठीक होती है, भीतर कुछ और स्थिति रहती है और संबंधित विभाग को इस मामले में कड़ी कार्रवाई अमल में लानी चाहिए।



एक डिपो पर जांच करते हुए अधिकारी।

### गोदामों की भी जांच जरूरी : अशोक कवि

**इधर,** डिपो संचालक समिति के अध्यक्ष अशोक कवि का कहना है कि विभाग ने वीरवार को कुछ जगहों पर जांच-पड़ताल की है और उनके आरोप सही पाए गए हैं। उनकी मांग है कि सप्लाई आर्डर देने वालों और जहां से यह सप्लाई शुरू हो रही है, सिविल सप्लाई के गोदामों में भी विभाग को इनका नापतोल करना चाहिए, ताकि वास्तविक स्थिति का पता चल पाए कि असली दोषी कौन है? जिन मिल मालिकों की वजह से ऐसा हो रहा है, उन मिल मालिकों के खिलाफ केवल इतनी कार्रवाई न हो कि उनको केवल शो कॉज नोटिस ही जारी हो। उन मिलों को ब्लैक लिस्ट किया जाए और सिविल सप्लाई के गोदाम भी समय-समय पर चेक किए जाएं, ताकि रोज-रोज की या समस्या हाल हो सके।

### क्या कहते हैं डीएफ एंड एससी रणजीत सिंह

**डीएफ** एंड एससी रणजीत सिंह का कहना है कि आज का कई डिपुओं पर जाकर शिकायतों की जांच की गई है। कई जगह वेट कम पाया गया है। अब रिपोर्ट तैयार करके अगली कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला में चिट्टा-नकदी संग युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला में पुलिस ने एक कार से 7 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) और 23 हजार रुपए नकद बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। बरामदगी के बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 33 वर्षीय राहुल ठाकुर निवासी गांव बिंगा, तहसील धर्मपुर, जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 10 जून को स्पेशल सेल शिमला को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर लालपानी बाईपास से न्यू स्लॉटर हाउस जाने वाले संपर्क मार्ग पर वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक कार को जांच के लिए रोका गया। वाहन चालक से पूछताछ के बाद पुलिस ने नियमानुसार उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार से करीब 7 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। इसके अलावा वाहन से 23 हजार रुपये नकद भी बरामद किए गए। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर लिया। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि बरामद चिट्टा कहां से लाया गया था और इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो नहीं है।

### कार से हेरोइन बरामद, दो युवक किए अरेस्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिले के ठियोग क्षेत्र में पुलिस ने एक कार से 4.5 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बरामदगी के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 34 वर्षीय जगमोहन निवासी गांव नयारी, तहसील रोहडू और 33 वर्षीय हेमंत मेहता निवासी गांव शरण, तहसील रामपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 10 जून को ठियोग पुलिस की टीम रहीघाट के पास यातायात जांच कर रही थी। इसी दौरान एक कार को जांच के लिए रोका गया। वाहन में चालक के साथ एक अन्य व्यक्ति भी सवार था। पुलिस को दोनों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिसके बाद वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से करीब 4.5 ग्राम हेरोइन, जिसे आम बोलचाल में चिट्टा कहा जाता है, बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर उनके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसएसपी शिमला गौरव सिंह का कहना है कि मामले की जांच जारी है। जांच के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बरामद नशीला पदार्थ कहां से लाया गया था और इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो नहीं है। दोनों आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### ठियोग में दुकान से अफीम बरामद, एक काबू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिले के ठियोग क्षेत्र में पुलिस ने एक दुकान पर छापेमारी कर 70 ग्राम अफीम बरामद की है। बरामदगी के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोहन लाल उर्फ हैप्पी निवासी राहीघाट, तहसील ठियोग, जिला शिमला के रूप में हुई है। मामले के अनुसार ठियोग पुलिस को सूचना मिली थी कि राहीघाट क्षेत्र में स्थित एक दुकान से मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त की जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने बुधवार की शाम कार्रवाई करते हुए संबंधित दुकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान दुकान से करीब 70 ग्राम अफीम बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को हिरासत में ले लिया। बरामदगी के आधार पर पुलिस थाना ठियोग में केस दर्ज किया गया है। मामला एनडीपीएस अधिनियम की धारा 18 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने वीरवार को बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा। साथ ही यह पता लगाने के लिए जांच आगे बढ़ाई जा रही है कि बरामद अफीम कहां से लाई गई थी और इसके नेटवर्क से अन्य कौन-कौन लोग जुड़े हो सकते हैं। जिला शिमला पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### शांति भंग होने की आशंका पर चार युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** संजौली में झगड़े की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि घटना के कारण क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका थी, जिसके चलते आरोपियों के खिलाफ निवारक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 10 जून को पुलिस थाना संजौली को सूचना मिली थी कि तांत्या पार्किंग क्षेत्र में कुछ युवक दो अन्य युवकों के साथ झगड़ा कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद संबंधित युवकों को हिरासत में ले लिया गया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने पाया कि विवाद के चलते क्षेत्र में शांति भंग होने और सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना थी। इसे देखते हुए पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 126 और 170 के तहत निवारक कार्रवाई अमल में लाई। पुलिस ने चारों युवकों को 10 जून को गिरफ्तार किया और नियमानुसार उन्हें अदालत में पेश करने की प्रक्रिया शुरू की गई। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सार्वजनिक शांति भंग करने वाले मामलों में आगे भी सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।

# दूध और कुरकुरे के खाली पैकेटों में शिमला पहुंचाया जा रहा था चिट्टा


## तीन माह में 1.25 करोड़ रुपए का लेन-देन, फरीदाबाद से मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला में लंबे समय से सक्रिय एक अंतरराज्यीय चिट्टा तस्करी नेटवर्क का शिमला पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य सप्लायर रवि अहिरवार को हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि तस्कर दूध, कुरकुरे और अन्य खाद्य पदार्थों के खाली पैकेटों में चिट्टा छिपाकर शहर के विभिन्न इलाकों में पहुंचाते थे। इसके बाद पैकेटों को झाड़ियों, सुनसान स्थानों अथवा निर्धारित ठिकानों पर रखकर उनकी वीडियो बनाई जाती थी और खरीदारों को लोकेशन भेजी जाती थी। पुलिस के अनुसार यह नेटवर्क पिछले एक वर्ष से अधिक समय से शिमला शहर और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय था।

मामले का खुलासा उस समय हुआ जब बालूगंज थाना पुलिस ने अविनाश चौहान के कब्जे से सात ग्राम चिट्टा बरामद किया। जांच आगे बढ़ने पर विशाल यादव और उसके भाई जय प्रकाश यादव, निवासी बिहार को गिरफ्तार किया गया। डिजिटल साक्ष्यों, बैंक खातों के लेन-देन और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस मुख्य डिस्ट्रीब्यूटर रवि अहिरवार तक पहुंची। पुलिस जांच में पता चला है कि पिछले तीन महीनों में इस नेटवर्क के माध्यम से करीब 1.25 करोड़ रुपए का लेन-देन हुआ है। आरोपी रवि अहिरवार मूल रूप से मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले का निवासी है और वर्तमान में फरीदाबाद के बल्लभगढ़ क्षेत्र में रह रहा था। उसे अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार रवि अहिरवार वर्ष 2025 से मोहाली क्षेत्र में रह रहा था और हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी के नेटवर्क को संचालित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। जांच में यह भी सामने आया है कि उसे नशे की बिक्री की रकम के आधार पर 10 से 30 प्रतिशत तक कमीशन मिलता था।

### बैकवर्ड लिंक के आधार पर 48 आरोपी अरेस्ट



**शिमला** पुलिस के अनुसार नशा तस्करी के मामलों में अब केवल बरामदगी तक कार्रवाई सीमित नहीं रखी जा रही, बल्कि सप्लाई चेन और वित्तीय नेटवर्क को भी निशाना बनाया जा रहा है। एएसपी अभिषेक ने बताया कि वर्ष 2026 में अब तक बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर 48 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या केवल सात थी। पुलिस आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में एक किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई थी, जबकि वर्ष 2026 में छह महीने से भी कम समय में दो किलोग्राम हेरोइन जब्त की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त इस वर्ष अब तक 37 ड्रग सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ कर पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी चोट पहुंचाई है।

### एक साल में 50 बार शिमला आ चुका है रवि अहिरवार

पुलिस का दावा है कि वह बीते एक वर्ष के दौरान करीब 50 बार शिमला आकर नशे की खेप पहुंचा चुका है। मुख्य आरोपी विशाल यादव के मोबाइल फोन की जांच के दौरान पुलिस को अनेक वीडियो मिले हैं, जिनमें नशे को झाड़ियों और अन्य सुनसान स्थानों पर छिपाकर रखने के दृश्य दर्ज हैं। इन साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क में कई अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच का दायरा बढ़ाया जा रहा है।

# जनगणना-2027 : जुन्गा में 36 कर्मियों को दिया प्रशिक्षण



ईमानदारी व समर्पण भाव से कार्य करने की शपथ लेते प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जनगणना-2027 के पहले चरण की तैयारियों को लेकर जुन्गा में पर्यवेक्षकों और गणनाकारों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। तहसीलदार कार्तिकेय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला में 6 पर्यवेक्षकों और 30 गणनाकारों सहित कुल 36 कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना से जुड़े सभी तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा सभी प्रतिभागियों को ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण भाव से कार्य करने की शपथ भी दिलाई गई। तहसीलदार ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग और परिवारों की गणना का कार्य किया जाएगा, जिसके लिए जुन्गा तहसील को 77 हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों में विभाजित किया गया है।

कार्तिकेय शर्मा ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे जनगणना-2027 के अंतर्गत चल रहे स्व-गणना अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और 15 जून तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी उपलब्ध करवाएं। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल प्रणाली के माध्यम से संचालित की जाएगी, जिससे आंकड़ों के संकलन और सत्यापन में अधिक पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी। जनगणना का पहला चरण 16 जून से 15 जुलाई 2026 तक चलेगा, जिसके दौरान प्रशिक्षित गणनाकार और पर्यवेक्षक घर-घर जाकर आवश्यक जानकारी एकत्रित करेंगे। कार्यशाला में कार्यालय कानूनगो अरविंद कुमार के अलावा मास्टर ट्रेनर रामानंद और मोहित ने भी प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया।

# लोकगायक इंद्रजीत को उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि कुल्लू के प्रसिद्ध लोकगायक इंद्रजीत का चयन देश के प्रतिष्ठित उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार के लिए किया गया है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन कार्यरत संगीत नाटक अकादमी द्वारा प्रदान किया जाने वाला यह राष्ट्रीय सम्मान उन्हें हिमाचली लोकसंगीत, लोकसंस्कृति तथा पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाएगा।



उनके चयन की घोषणा के बाद प्रदेश के सांस्कृतिक और कला जगत में खुशी की लहर है। बिना किसी औपचारिक संगीत प्रशिक्षण के लोकगायन में विशिष्ट पहचान बनाने वाले इंद्रजीत ने अपने गीतों के माध्यम से हिमाचल की लोक परंपराओं, स्थानीय बोलियों और पहाड़ी जीवन को देश-दुनिया तक पहुंचाया है। उनके लोकप्रिय गीत 'लाड़ी शाऊंणी', 'पाखली माणु', 'बुधूआ मामा', 'तिरछी नज़रे' और 'सोलमा लाड़ी' व्यापक रूप से सराहे गए हैं। लोकसंगीत के साथ-साथ उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और महिला सम्मान जैसे सामाजिक विषयों को भी अपनी रचनाओं में प्रमुखता से स्थान दिया है। कला जगत से जुड़े लोगों ने इसे हिमाचली लोकसंस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर मिली बड़ी पहचान बताते हुए इंद्रजीत को शुभकामनाएं दी हैं।

# भाजपा के दो कार्यकर्ता कांग्रेस में हुए शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र की राजनीति में गुरुवार को उस समय महत्वपूर्ण घटनाक्रम देखने को मिला जब जुब्बल तहसील की ग्राम पंचायत जय पीड़ी माता के शाडी गांव निवासी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता भूपेश्वर चौहान तथा ग्राम पंचायत गिल्टाड़ी के क्वालटा गांव के भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता शमशेर सिंह कलेटा ने भारतीय जनता पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। दोनों नेताओं ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से भेंट कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया। भूपेश्वर चौहान और शमशेर सिंह कलेटा ने कहा कि वे शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की जनहितैषी कार्यशैली तथा जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने दोनों नेताओं का स्वागत करते हुए विश्वास दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा सम्मान और जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अनुभवी कार्यकर्ताओं के जुड़ने से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# रामपुर नगर परिषद के पार्षदों ने ली शपथ

## 9 पार्षदों में से चार कांग्रेस और पांच भारतीय जनता पार्टी समर्थित





नगर परिषद रामपुर के नवनिर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलाते एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** नगर परिषद सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह ने सभी पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। गौर हो कि विगत 30 जून को रामपुर नगर परिषद के 9 वार्डों में चुनाव हुए थे तथा नतीजे भी इसी रोज घोषित किए गए।

नगर परिषद के नवनिर्वाचित पार्षदों में से चार कांग्रेस समर्थित हैं जबकि पांच पार्षद भाजपा समर्थित हैं। जाहिर है नगर परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद भाजपा का ही परचम लहराएगा। पार्षदों के शपथ समारोह के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नाम पर चर्चा जोरों पर चल रही है, जिसका नतीजा जल्द ही सामने आएगा, लेकिन भाजपा के रोहित नेगी के नाम की चर्चा जोरों पर है। नगर परिषद के संभावित आगामी अध्यक्ष रोहित नेगी ने बताया कि कल नवनिर्वाचित पार्षदों में से चार कांग्रेस समर्पित है, जबकि पांच भाजपा समर्थित हैं। जाहिर है कि भाजपा का ही अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनेगा। इस अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद के लिए पार्टी में चर्चा जोरों पर है जल्द ही इसका खुलासा कर दिया जाएगा।

नवनिर्वाचित पार्षद निकिता गुप्ता ने कहा कि हम सरकार से गुहार लगाते हो हैं कि जल्द ही नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव का रास्ता साफ कर दिया जाए ताकि नगर परिषद क्षेत्र में विकास को गति मिल सके।

### अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नाम पर गरमाई सियासत

# दो वीर सपूतों ने शौर्य चक्र हासिल कर देवभूमि को किया गौरवान्वित : जयराम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व व सम्मान का अवसर है। राज्य के दो वीर सपूतों, मंडी जिले के जोगिंद्रनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत दारट बगला के कैप्टन योगेंद्र सिंह ठाकुर तथा शिमला जिले की जुब्बल तहसील के घुंसा गांव निवासी मेजर अंशुल बाल्टू को देश के प्रतिष्ठित वीरता सम्मान 'शौर्य चक्र' से अलंकृत किया गया है। मेजर अंशुल बाल्टू को यह सम्मान असम में एक विशेष सैन्य अभियान के दौरान असाधारण साहस, अदम्य वीरता और उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता का परिचय देने के लिए राष्ट्रपति भवन में प्रदान किया गया। दोनों सैन्य अधिकारियों की इस उपलब्धि से पूरे प्रदेश में हर्ष और गौरव का वातावरण है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला से जारी बयान में कैप्टन योगेंद्र सिंह ठाकुर और मेजर अंशुल बाल्टू को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि दोनों वीर जवानों ने अपने साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति से न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि पूरे देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल की धरती सदैव वीरों की जननी रही है और यहां के युवाओं ने समय-समय पर भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवाएं देकर राष्ट्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भारतीय सेना के अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रसेवा की सर्वोच्च भावना का प्रतीक यह सम्मान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कैप्टन योगेंद्र सिंह और मेजर अंशुल बाल्टू की वीरगाथा प्रदेश के युवाओं में देशसेवा, त्याग और राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेगी। उन्होंने दोनों वीर सपूतों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश को अपने इन बहादुर बेटों पर सदैव गर्व रहेगा।

## रामपुर में दुकानों में नहीं दिख रही रेट लिस्ट, विभाग बना मूकदर्शक

# फल-सब्जियों के वसूले जा रहे मनमाने दाम

अनंत ज्ञान



**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर के फल व सब्जी विक्रेता बेलगाम नजर आते हैं प्रशासन की नरमी का वे गलत उठा रहे रहे हैं। विशेष कर रामपुर के चौधरी अड्डे पर करीब एक दर्जन फल व सब्जी विक्रेता दुकान सजाए हुए हैं जो कि आम लोगों से मन माने दाम वसूल रहे हैं। लगता है वे रेट लिस्ट लगाना जरूरी नहीं मानते हैं। ग्राहकों से मनवाने दाम वसूले जा रहे हैं। इस पर ना तो प्रशासन और ना ही सिविल सप्लाई महकमा आज तक कोई कार्रवाई कर पाया है।

हैरानी इस बात की है कि किसी भी दुकान पर रेट लिस्ट नहीं लगी है इसका लाभ दुकानदार उठा रहे हैं। इस बारे जब स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी नागरिक हर्ष अमरेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस समस्या का संज्ञान लिया जाएगा और फल व सब्जी विक्रेताओं को बुलाकर उन्हें रेट लिस्ट आदि लगाने को कहा जाएगा। यदि कोई व्यापारी इसका उल्लंघन करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चौधरी अड्डा के रेन सेल्टर वाले बस स्टॉप पर जहां शिमला की ओर से आने वाली बसें रुकती हैं वहां पर कुछ चुनिंदा फल व सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क पर काफी आगे तक सब्जियों के क्रेट रखे जाते हैं। इससे सड़क और तंग हो जाती है। बसों में चढ़ने व उतारने वाली सवारियों को खासी दिक्कत पेश आती है इस आपाधापी में दुर्घटना का भय बना रहता है लोगों की मांग है कि एक सीमित स्थान तक ही व्यापारी अपना सामान रखें ताकि सवारियों को उतरने चढ़ने में कोई दिक्कत ना हो। हालांकि प्रशासन, नगर परिषद और एन एच विभाग के कर्मचारियों द्वारा कई बार इस प्रकार के अतिक्रमण को हटाने के लिए कोशिश की गई, और सब्जी विक्रेताओं को चेतावनी देकर उनका माल भी जप्त किया गया लेकिन कुछ दिनों बाद फिर स्थिति वैसी की वैसी ही हो जाती है इसे रोकना जरूरी है।

# चेतन बरागटा ने की राष्ट्र की समृद्धि एवं पीएम के उत्तम स्वास्थ्य की कामना

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के आईटी एवं सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी चेतन बरागटा ने ऊपरी शिमला के प्रसिद्ध हाटेश्वरी माता मंदिर, हाटकोटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री के रूप में लोकसेवा के ऐतिहासिक कीर्तिमान पर विशेष पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर जुब्बल मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए माता हाटेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

चेतन बरागटा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, वैश्विक प्रतिष्ठा और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं तथा विश्व मंच पर देश की बढ़ती प्रतिष्ठा उनके दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण, अंत्योदय, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल क्रांति, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका ऐतिहासिक रही है। देश के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और भारत को विश्व की अग्रणी शक्ति बनाने के उनके प्रयास करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

### प्रसिद्ध हाटेश्वरी माता मंदिर हाटकोटी में की पूजा-अर्चना

# यूजीसी-नेट और स्नातक परीक्षाओं की तिथियों में किया जाए बदलाव : एसएफआई

## छात्र हित में संशोधन की उठाई मांग, परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



परीक्षा नियंत्रक को तिथियों में बदलाव को लेकर ज्ञापन सौंपते एसएफआई कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई की राज्य विश्वविद्यालय इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के नियंत्रक परीक्षा को ज्ञापन सौंपकर यूजीसी-नेट/जेआरएफ तथा विश्वविद्यालय की स्नातक (यूजी) परीक्षाओं की तिथियों में हो रहे टकराव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बड़ी संख्या में विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित यूजीसी-नेट/जेआरएफ परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे हैं, जबकि विश्वविद्यालय की कुछ स्नातक परीक्षाएं भी उन्हीं तिथियों पर निर्धारित की गई हैं। इससे विद्यार्थियों के समक्ष गंभीर शैक्षणिक संकट उत्पन्न हो गया है। एसएफआई नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया कि यूजीसी-नेट/जेआरएफ उच्च शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में विद्यार्थियों के भविष्य को निर्धारित करने वाली महत्वपूर्ण परीक्षा है। ऐसे में यदि विश्वविद्यालय की परीक्षाएं उसी अवधि में आयोजित होती हैं तो अनेक विद्यार्थियों को दोनों परीक्षाओं में से किसी एक का चयन करने के लिए विवश होना पड़ेगा। यह स्थिति छात्रों के शैक्षणिक अधिकारों और उनके भविष्य की संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है।

प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया कि जिन स्नातक परीक्षाओं की तिथियां यूजीसी-नेट/जेआरएफ परीक्षा से टकरा रही हैं, उन्हें पुनर्निर्धारित किया जाए ताकि सभी विद्यार्थियों को बिना किसी बाधा के दोनों परीक्षाओं में सम्मिलित होने का समान अवसर प्राप्त हो सके।

## शिक्षा

### राजेश शर्मा का सी लर्निंग कार्यक्रम को विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान, बोले-

# नैतिक शिक्षा से होगा स्टूडेंट्स का सर्वांगीण विकास

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित सोशल, इमोशनल एंड एथिकल लर्निंग कार्यक्रम के स्टेट रिसोर्स ग्रुप की तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का समापन हिमाचल प्रदेश एग्रीकल्चर को-ऑपरेटिव स्टाफ ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, सांगटी शिमला में हुआ।

समापन समारोह में समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए कहा कि सी लर्निंग कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो उन्हें केवल शैक्षणिक रूप से ही नहीं, बल्कि सामाजिक, भावनात्मक और नैतिक रूप से भी सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक उपलब्धियों के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। परख सर्वेक्षण और परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स जैसे राष्ट्रीय मानकों में प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। यह सफलता सरकार के मार्गदर्शन, शिक्षकों की निष्ठा और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल अच्छे अंक प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए मानसिक और भावनात्मक रूप से भी तैयार करना आवश्यक है।

राजेश शर्मा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में विद्यार्थी तनाव, दबाव और विभिन्न मानसिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में उनमें सहानुभूति, आत्म-जागरूकता, जिम्मेदारी तथा विपरीत परिस्थितियों से जूझने की क्षमता विकसित करना समय की आवश्यकता बन गया है। सी लर्निंग कार्यक्रम इसी सोच के साथ लागू किया गया है ताकि विद्यार्थियों का संतुलित और समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि कार्यशाला में प्राप्त ज्ञान और अनुभव को कक्षा-कक्ष तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएं तथा विषय अध्यापन के साथ जीवन मूल्यों के विकास को भी प्राथमिकता दें।

### कहा- शिक्षक और विद्यार्थी शिक्षा व्यवस्था के दो महत्वपूर्ण स्तंभ





**राजेश** शर्मा ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी शिक्षा व्यवस्था के दो सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। यदि दोनों के बीच विश्वास, प्रेरणा और सकारात्मक संवाद का वातावरण तैयार हो जाए तो शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य स्वतः पूरा हो सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि सी लर्निंग कार्यक्रम आने वाले समय में विद्यालयी शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनेगा और विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### वैश्विक शैक्षणिक पद्धतियों से जोड़ रही समग्र शिक्षा

**समग्र** शिक्षा निदेशक ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनेक नवाचारपूर्ण कदम उठा रही है। अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा, विद्यालयों को वर्दी चयन की स्वतंत्रता, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा तथा अन्य सुधारात्मक पहलों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को विश्व की उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रणालियों से परिचित कराने के लिए सिंगापुर जैसे देशों के अध्ययन भ्रमण भी आयोजित किए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पालमपुर में आपदा पर मेगा मॉक ड्रिल 15 को

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** होल्टा में 15 जून को आपदा प्रबंधन की मेगा मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी, जिसमें भूकंप और उसके बाद आगजनी की स्थिति का पूर्वाभ्यास किया जाएगा। लगभग 100 लोगों के राहत एवं बचाव कार्य का अभ्यास किया जाएगा। एसडीएम पालमपुर डॉ. ओपी यादव की अध्यक्षता में बैठक में वन, बिजली, लोक निर्माण, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को तैयार रहने के निर्देश दिए गए। तीन राहत शिविर स्थापित किए जाएंगे तथा प्राथमिक उपचार की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग करेगा। सभी विभागों को आपदा से निपटने के लिए मुस्तैद रहने को कहा गया है।

### 287 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित : विनय कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने कहा कि क्षयरोग (टीबी) के खिलाफ लड़ाई में पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला में आयोजित जिला क्षय रोग उन्मूलन समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में जिले की 287 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया, जिनमें 69 सिल्वर और 37 गोल्ड श्रेणी में शामिल हैं। बैठक में टीबी मुक्त भारत ऐप और एआई चैटबॉट का शुभारंभ किया गया। सीएमओ डॉ. विवेक करोल ने अभियान की प्रगति, जबकि स्वास्थ्य अधिकारियों ने जांच, उपचार और पोषण सहायता पर विस्तृत जानकारी दी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर के भरे जाएंगे 80 पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अक्षय कुमार ने बताया कि इवान सिक्यूरिटी फंक्शन प्राइवेट लिमिटेड शिमला द्वारा सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के 80 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए पुरुष व महिला उम्मीदवार पात्र होंगे। शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं पास तथा आयु 20 से 36 वर्ष निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को 15 से 25 हजार रुपये मासिक वेतन व अन्य सुविधाएं मिलेंगी। साक्षात्कार 15 जून को इंदौरा, 16 जून को नूरपुर तथा 18 जून को धर्मशाला में आयोजित होंगे। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी निर्धारित वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश जिला कांगड़ा की शाहपुर शहरी इकाई की बैठक 13 जून को शाहपुर में प्राथमिक पाठशाला के समीप सुबह 10:30 बजे आयोजित होगी। शहरी इकाई के प्रधान सेठ राम ने बताया कि बैठक में राज्य प्रधान एवं संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे। वहीं जिला प्रधान रविंद्र राणा, महासचिव ईश्वर दास चौधरी, मनमोहन पठानिया तथा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं, 16 जून को धर्मशाला में होने वाली जिला स्तरीय बैठक तथा 8 जुलाई को प्रस्तावित राज्य स्तरीय बैठक पर चर्चा की जाएगी।

### सुनहेत से बस्सी रोड 17 से 2 जुलाई तक रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिसूचना जारी की है कि देहरा उपमंडल के अन्तर्गत सुनहेत से बस्सी सड़क के मरम्मत कार्य के चलते 17 जून से 2 जुलाई तक यह मार्ग हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए नेहरनपुखर चैक से बारा वाया भरूं रोड़ का उपयोग किया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री के दीर्घ कार्यकाल पर हवन-पूजन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के धारकंडी मंडल द्वारा चौकी माता मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे कार्यकाल के कीर्तिमान पर हवन-यज्ञ और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक वशिष्ठ, जनजातीय मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमल कुमार शर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्रहित में निरंतर सफल नेतृत्व की कामना की गई। कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ है।

### परागपुर में डिजिटल शिक्षा की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग परागपुर द्वारा राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 60 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम निदेशालय, महिला एवं बाल विकास, हिमाचल प्रदेश तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य 3 से 6 वर्ष के बच्चों को समर कैंप के माध्यम से प्री-स्कूल शिक्षा के लिए तैयार करना रहा। कार्यकर्ताओं को बच्चों के विकास आकलन, डिजिटल शिक्षा और गृह-शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी गई।

### मसौट में महिलाओं और बच्चों ने लगाई छबील



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** भीषण गर्मी और लू के बीच ग्राम मसौट की महिलाओं और बच्चों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए राहगीरों व वाहन चालकों के लिए ठंडे पानी की छबील लगाई। दिनभर सैकड़ों लोगों ने इसका लाभ उठाया। आयोजन का उद्देश्य लोगों को गर्मी से राहत देना रहा। ग्रामीणों ने इस सेवा भाव की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

### डाडासीबा में जनगणना-2026 प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** तहसील डाडा सीबा में जनगणना-2026 के सफल संचालन हेतु प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 9 से 11 जून तक आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी बीरबल ने की। इसमें 29 प्रगणकों व 5 सुपरवाइजरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को घर-घर जाकर प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षक दिनेश शर्मा व वीरेंद्र कुमार ने तकनीकी जानकारी दी। प्रशासन ने 2026 की जनगणना में जनता से सही व पूर्ण जानकारी देकर सहयोग की अपील की।

# भारत बनाम अफगानिस्तान मैच को लेकर ट्रैफिक प्लान तैयार

## मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए विशेष टीमों का किया गठन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में 13 जून को होने वाले भारत बनाम अफगानिस्तान क्रिकेट मैच के लिए जिला कांगड़ा प्रशासन पूरी तरह तैयार है। जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा एवं ट्रैफिक प्रबंधन की व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रशासन के अनुसार, कानून-व्यवस्था और ट्रैफिक मैनेजमेंट की जिम्मेदारी को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

अतिरिक्त सुरक्षा बल की आवश्यकता भी पूरी कर ली गई है। मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है, जबकि आपदा प्रबंधन विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। एडीएम कांगड़ा शिल्पी बेकटा ने बताया कि पुलिस प्रशासन की ओर से प्राप्त अनुरोध के आधार पर 13 जून को पैराग्लाइडिंग और अन्य हवाई गतिविधियों (एयरबोर्न एक्टिविटीज) पर अस्थायी रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी विशेष योजना बनाई गई है। मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शकों और बाहरी लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए वन-वे ट्रैफिक प्लान लागू किया जाएगा। दाड़ी मार्ग और शहीद स्मारक की ओर जाने वाले रास्तों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। शहीद स्मारक वाला मार्ग फिलहाल मरम्मत कार्य के कारण बंद है, जिससे वहां यातायात दबाव बढ़ने की आशंका है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अनधिकृत स्थानों पर वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाएगी।

### धर्मशाला पहुंचीं दोनों टीमें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी एकदिवसीय शृंखला के पहले मुकाबले के लिए भारतीय क्रिकेट टीम वीरवार को धर्मशाला पहुंच गई है। कांगड़ा एयरपोर्ट पर सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए थे। भारतीय टीम एयरपोर्ट से सीधे वाहनों के काफिले के साथ धर्मशाला के लिए रवाना हुई। खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए क्रिकेट प्रेमियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। भारत और अफगानिस्तान के बीच वनडे श्रृंखला का पहला मुकाबला 13 जून को धर्मशाला स्थित स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं, देर शाम अफगानिस्तान की टीम भी मुकाबले के लिए धर्मशाला पहुंच गई है।

## आईटीआई शाहपुर में कैंपस इंटरव्यू 16 को

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) शाहपुर में 16 जून को युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध होने जा रहा है। जीएमपी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मोहाली द्वारा संस्थान परिसर में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से विभिन्न पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। आईटीआई शाहपुर के प्रधानाचार्य इंजीनियर अभिनंदन कालिया ने बताया कि कंपनी में आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों का वेल्डर अथवा फिटर ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके अलावा 10वीं एवं 12वीं पास युवा भी निर्धारित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि कंपनी में हेल्पर के 30 पद रिक्त हैं। समूह अनुदेशक मनोज ठाकुर ने बताया कि अभ्यर्थी 16 जून को सभी दस्तावेजों सहित आईटीआई शाहपुर परिसर में उपस्थित हों।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मी सम्मानित



पुलिस थाना फतेहपुर में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस थाना फतेहपुर में पुलिस अधीक्षक नूरपुर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मासिक अपराध समीक्षा और पुलिस कल्याण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला के समस्त एसडीपीओ, थाना प्रभारियों, पुलिस चौकी प्रभारियों और मुख्य लिपिक ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक नूरपुर ने हाल ही में संपन्न हुए पंचायती राज चुनावों को पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कानून-व्यवस्था के साथ संपन्न कराने के लिए समस्त पुलिस जिला स्टाफ के सामूहिक प्रयासों की जमकर सराहना की। बैठक में लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण, अनुसंधान की गुणवत्ता सुधारने, एनडीपीएस मामलों में वित्तीय जांच तेज करने और अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसपी नूरपुर द्वारा जवानों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके कल्याण व कार्यस्थल की स्थितियों में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। ड्यूटी के प्रति विशेष समर्पण दिखाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। 13 सीसीटीएनएस ) ऑपरेटर्स को उनकी उत्कृष्ट तकनीकी सेवाओं के लिए CC-III सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। 5 कर्मचारियों को 'इमपलाई ऑफ दा मंथ चुना गया।

## इंडियन मॉनिटर लिजर्ड के शिकार पर एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बुधवार को सेरा थाना बीट नरवाना से एक इंडियन मॉनिटर लिजर्ड हंटिंग का मामला सामने आया है। इस मामले में वन विभाग ने एफआईआर दर्ज की हुआ। मामला संज्ञान में आने पर जब विभाग की टीम मौका पर पहुंची तो हंटर फरार हो गया था। डीएफओ धर्मशाला अमित शर्मा ने बताया कि हमने उस व्यक्ति को अडेंटिफाई किया था, उसकी घर की तलाशी ली और हमें मीट रूप में इंडियन मॉनिटर लिजर्ड का मीट प्राप्त हुआ, जिस पर एफआईआर लॉज कर दी है। इंडियन मॉनिटर लिजर्ड जो है, वह इंडियन वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972 विद अमेंडमेंट 2022 के तहत शेड्यूल वन का एनिमल है और इसे हाइयेस्ट प्रोटेक्शन दी गई है तो सेक्शन 9 और सेक्शन 51 के तहत हमने एफआईआर लॉज किया है।

◆ **विभाग की टीम के पहुंचने से पहले फरार हुआ हंटर**

हंटर सर्विलांस पर है, इस पर कार्रवाई की जा रही है। इसमें तीन से सात वर्ष की सजा का प्रावधान है। इस मामले में एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, इसमें कि हाथ में जो मरे हुए लिज़ार्ड को पकड़ा है। विभाग की टीम स्पॉट पर उसको पकड़ने गई थी,परंतु वो तब तक वहां से भाग चुका था तो हम उसकी जानकारी एकत्रित कर रहे हैं और अगली कार्रवाई तभी अमल में लाएंगे जब उसको हम अरेस्ट कर पाएंगे।

## शिक्षकों की जनगणना ड्यूटी को लेकर टीजीटी कला संघ ने जताई आपत्ति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** 16 जून से 15 जुलाई 2026 तक होने वाली जनगणना गृह गणना प्रक्रिया को लेकर शिक्षकों की तैनाती पर विवाद सामने आया है। प्रथम चरण में अधिकतर ड्यूटी शिक्षकों की लगाई गई है, जबकि अन्य विभागों के कर्मचारियों को कार्य समय में रिलीव किया जा रहा है। शिक्षकों को स्कूल में पूरे दिन पढ़ाने के बाद यह कार्य करने के आदेश हमीरपुर, कुल्लू और चंबा के जिलाधीशों द्वारा जारी किए गए हैं।

राजकीय टीजीटी कला संघ ने आरोप लगाया है कि इससे शिक्षकों पर कार्य का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है और निर्धारित समय में जनगणना पूरा करना कठिन हो गया है। संघ का कहना है कि समान कार्य के लिए समान समय दिया जाना चाहिए, लेकिन शिक्षकों को केवल अवकाश और स्कूल समय के बाद यह कार्य करने के लिए बाध्य किया जा रहा है। संघ ने यह भी बताया कि कई शिक्षकों के मोबाइल एंड्रॉयड 12 से कम क्षमता वाले हैं, जिससे जनगणना ऐप काम नहीं कर रही और उन्हें नए महंगे मोबाइल खरीदने पड़ रहे हैं। शाम के समय फील्ड वर्क के कारण सुरक्षा और आवागमन की समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं, विशेषकर महिला शिक्षकों के लिए स्थिति चुनौतीपूर्ण हो सकती है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल और राज्य महासचिव विजय हीर ने कहा कि शिक्षकों को भी अन्य विभागों की तरह पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि आदेशों में संशोधन नहीं किया गया तो संघ इस मामले को हाईकोर्ट में ले जाएगा। संघ ने यह भी कहा कि जनगणना अधिनियम की धारा 15 के तहत पार्ट-टाइम ड्यूटी का कोई प्रावधान नहीं है। साथ ही 12 जुलाई से समर क्लोजिंग स्कूल अवकाश शुरू होने से स्थिति और जटिल हो जाएगी।

## मोदी नेतृत्व में भारत ने की विकास और सुरक्षा में नई ऊंचाइयां हासिल : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता राकेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के सफल कार्यकाल पूरे होने पर इसे ऐतिहासिक करार दिया है। धर्मशाला से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से राकेश शर्मा ने कहा कि इन वर्षों में देश ने पहली बार गरीब कल्याण और अभूतपूर्व विकास को समांतर रूप से चरितार्थ होते देखा है। उन्होंने कहा 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले मोदी अब लगातार तीसरे कार्यकाल में देश का नेतृत्व कर रहे हैं। भाजपा ने देशभर में विशेष अभियान चलाने की घोषणा की है, जिसमें सरकार की 22 बड़ी उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने डिजिटल इंडिया, डीबीटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, आत्मनिर्भर भारत और राष्ट्रीय सुरक्षा को सरकार की बड़ी उपलब्धियां बताया। भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, वैश्विक नेतृत्व और सुरक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। देश की सेना जहां पहले से ओर मजबूत हुई है साथ ही सेना का मनोबल भी बढ़ा है।

## धर्मशाला वन मंडल में 63 वनाग्नि मामले, 230 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला वन मंडल में फायर सीजन के दौरान अब तक 63 वनाग्नि के मामले सामने आ चुके हैं। इससे अब तक लगभग 230 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है। वन विभाग के प्रारंभिक आकलन के अनुसार प्रभावित क्षेत्र में करीब 85 हेक्टेयर प्लांटेशन एरिया, 137 हेक्टेयर प्राकृतिक वन क्षेत्र तथा लगभग 7.5 हेक्टेयर गैर-वन क्षेत्र शामिल है। आग से अब तक लगभग 25 लाख 60 हजार रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। डीएफओ धर्मशाला अमित शर्मा ने बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक जंगल की आग मानवजनित (ह्यूमन इंड्यूस्ड) होती है। इनमें कुछ घटनाएं अनजाने में होती हैं, जबकि कई मामलों में शरारतवश जानबूझकर जंगलों में आग लगाने के मामले भी सामने आते हैं। विभाग के अनुसार हर तीन से चार वर्ष के अंतराल पर बड़े स्तर का फॉरेस्ट फायर सीजन देखने को मिलता है। इसका एक प्रमुख कारण जंगलों में बड़ी मात्रा में सूखी पत्तियों और वन अवशेषों का जमा होना तथा सूखे जैसी परिस्थितियां हैं। आग से नई पौध तैयारियां (रीजनरेशन) प्रभावित होती हैं।

◆ **अब तक 25.60 लाख रुपए का नुकसान**

## परागुपर में प्रवासियों की संदिग्ध गतिविधियां सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर में प्रवासियों द्वारा चोरी की नाकाम कोशिश और सूद मुहल्ले में खुलेआम असामाजिक गतिविधियों का संचालन एक अत्यंत गंभीर विषय है, जो भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी का संकेत दे रहा है। बुधवार की रात साढ़े दस बजे के लगभग चोरों का रंगे हाथों पकड़ा जाना और वहां भारी संख्या में लोगों का शराब के नशे में मीट पकाते हुए मिलना स्थानीय निवासियों की सुरक्षा के प्रति पुलिस और प्रशासन की घोर लापरवाही को उजागर करता है।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि परागपुर में डेरा जमाए प्रवासियों का कोई आधिकारिक लेखा-जोखा नहीं है और मकान मालिक बिना किसी सत्यापन के उन्हें किराए पर कमरे उपलब्ध करवा रहे हैं, जो एक सुनियोजित खतरे को दावत देने जैसा है। स्थानीय लोगों द्वारा इन्हें केवल माफी मंगवाकर छोड़ देना इस समस्या का समाधान नहीं, बल्कि अपराधी तत्वों के हौसले बुलंद करने का काम कर रहा है। पुलिस की शिथिलता का आलम यह है कि न तो प्रवासियों का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है और न ही उनके गृह क्षेत्रों से कोई वेरिफिकेशन सुनिश्चित की जा रही है, जिससे परागपुर अब आपराधिक तत्वों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बनता जा रहा है ।यदि प्रशासन ने समय रहते प्रवासियों की पहचान और उनकी गतिविधियों पर नकेल नहीं कसी, तो आने वाले समय में यह क्षेत्र बड़े अपराधों की चपेट में होगा, जिसके लिए सीधे तौर पर पुलिस की उदासीनता और जिम्मेदारों की अनदेखी जिम्मेदार होगी।

> परागपुर में चोरी का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है, फिर भी में मकान मालिकों से आग्रह करता हूं कि बिना वेरिफिकेशन के वे किराएदार ना रखे। व उनका आधार व फोटो अवश्य पुलिस थाना में दें ताकि उनकी वेरिफिकेशन उनके गृह थाना से करवाई जा सके।
> **-राजकुमार, डीएसपी, डाडासीबा।**

## जयसिंहपुर अस्पताल में 3 .5 करोड़ की लगेगी मशीनरी : गोमा

### रोगी कल्याण समिति की बैठक में 33 लाख 47 हजार 500 रुपए का बजट पारित

◆ **अस्पताल के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 55 लाख मंजूर**

◆ **दो माह में शुरू होंगे ब्लड बैंक और डायलिसिस यूनिट**



मंत्री यादविंद्र गोमा ने अस्पताल में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में लगभग 3.5 करोड़ रुपए की आधुनिक मशीनरी स्थापित की जाएगी, जिसका प्रारूप प्रदेश सरकार को भेज दिया गया है और जल्द ही इसकी मंजूरी करवा दी जाएगी। यह बात मंत्री ने आज सिविल अस्पताल जयसिंहपुर की रोगी कल्याण समिति की बैठक में भाग लेने के उपरांत कही। बैठक में सर्वसहमति के साथ आगामी विकास कार्यों के लिए 33 लाख 47 हजार 500 रुपए के बजट को पारित किया गया है, जिससे अस्पताल की प्रशासनिक व स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

गोमा ने बैठक के दौरान अस्पताल में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के लोगों को घर-द्वार पर बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि अस्पताल के सुचारू संचालन और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के एि 55 लाख रुपए मंजूर कर दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त मरीजों को आधुनिक व बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अस्पताल में 15 लाख रुपए की अल्ट्रासाउंड मशीन और 20 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर भी स्थापित कर दिया गया है, जिसका सीधा लाभ स्थानीय जनता को मिलना शुरू हो गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर उन्होंने कहा कि अस्पताल में ब्लड बैंक और डायलिसिस यूनिट की स्थापना का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी दो माह के भीतर ब्लड बैंक और डायलिसिस यूनिट को पूरी तरह स्थापित कर क्रियाशील कर दिया जाएगा, ताकि गंभीर मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों का रुख न करना पड़े। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जसवंत डढ़वाल, नव निर्वाचित जिला परिषद सदस्य लंबागांव अभिलाषा ,तहसीलदार जयसिंहपुर ललित ठाकुर, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वरुण सूद तथा खंड विकास अधिकारी सिकंदर कुमार सहित रोगी कल्याण समिति के सभी सरकारी व गैर-सरकारी सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप इंटरनेशनल स्कूल ने सत्य साई एजुकेयर को प्रदान किए 51,000 रुपए



स्कूल परिवार ने मानवता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** समाजसेवा, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को सशक्त करते हुए महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, धर्मगिरी-पठियार ने श्री सत्य साई एजुकेयर विद्या प्रतिष्ठान को 51,000 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। यह योगदान ठाकुर कुलदीप सिंह के उदार सहयोग से संभव हो सका।

स्कूल की प्रधानाचार्या ऐश्वर्या संब्याल ने भी इस नेक कार्य में अपना योगदान देते हुए भोजन प्रायोजित किया। वहीं, विद्यालय के प्रबंधक सुभाष पठानिया ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में सेवा, संवेदनशीलता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। श्री सत्य साई एजुकेयर विद्या प्रतिष्ठान एक ऐसी संस्था है, जो पूर्णतः दान और जनसहयोग के माध्यम से संचालित होती है तथा किसी प्रकार की सरकारी सहायता प्राप्त नहीं करती। संस्था शिक्षा के साथ-साथ मानव सेवा के अनेक कार्यों में सक्रिय है। इसके अंतर्गत जोनल अस्पताल, धर्मशाला में मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता की जाती है। विद्यालय परिवार ने कहा कि यह योगदान समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा मानव कल्याण के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर सभी ने सेवा, सहयोग और मानवता के मूल्यों को आगे बढ़ाने तथा समाज के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में सहयोग से कांगड़ा चाय को नई ऊंचाई का लक्ष्य




बैठक में एचपीसीडीपी परियोजना की प्रगति की सराहना की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जाईका इंडिया मिशन ने कांगड़ा और पालमपुर क्षेत्र के दौरे के बाद धर्मशाला स्थित होटल धौलाधार हाइट्स में आयोजित समापन बैठक में हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (एचपीसीडीपी) की प्रगति और उपलब्धियों की सराहना की।

बैठक में किसानों की आय बढ़ाने, फसल विविधीकरण, कृषि उद्यमिता और मूल्य संवर्धन से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि यह परियोजना किसानों को पारंपरिक खेती से हटाकर उच्च मूल्य वाली और बाजारोन्मुख कृषि गतिविधियों से जोड़ रही है। साथ ही किसान उत्पादक संगठनों को सशक्त बनाने की दिशा में कई पहलें सफलतापूर्वक लागू की जा रही हैं। ताकेउची ताकुरो ने परियोजना की नवाचार आधारित गतिविधियों और किसानों की भागीदारी की सराहना की।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में माचा चाय उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, जो वैश्विक बाजार में किसानों के लिए आय के नए अवसर खोल सकती हैं। बैठक में चाय उत्पादन, प्रसंस्करण और कांगड़ा चाय को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

## धर्मशाला में बिजली शटडाउन का 21 जून तक का शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल धर्मशाला संख्या-2 के सहायक अभियंता रमन भरमौरीया ने बताया कि विद्युत लाइनों के सामान्य रखरखाव कार्य के कारण 63 केवीए पीडब्ल्यूडी कॉलोनी चेलियां के क्षेत्र चेलियां पीडब्ल्यूडी कॉलोनी तथा साथ लगते क्षेत्र में 12 जून को, 250 केवीए रेडियो कॉलोनी के क्षेत्र रेडियो कॉलोनी, अप्पर सकोह, सुभाष नगर में 13 जून को, 250 केवीए सीएसएस नई कॉलोनी चेलियां के क्षेत्र नई कॉलोनी चेलियां में 14 जून को, 250 केवीए सकोह बाजार के क्षेत्र सकोह बजार में 15 जून को, 250 केवीए पूल्ड आवास चेलियां के क्षेत्र चेलियां , जवाहर नगर में 16 जून को, 250 केवीए सीएसएस रेडियो कॉलोनी के क्षेत्र रेडियो कॉलोनी, अप्पर सकोह, सुभाष नगर में 17 जून को, 250 केवीए नजदीक पंप हाउस के क्षेत्र लोअर सकोह, जटेहड़ में 18 जून को, 250 केवीए सकोह मिडल के क्षेत्र लोअर सकोह, पुलिस लाइन रोड में 19 जून को, 250 केवीए सीएसएस- 250 केवीए गुलेर मोहल्ला- 100 केवीए पटवारखाना- 250 केवीए चेलियाँ के क्षेत्र चेलियां, स्टेडियम रोड, पास्सू लाइन एरिया, गुलेर मोहल्ला, बलोरिया मोहल्ला, नई कॉलोनी, पीडब्ल्यू कॉलोनी में 20 जून को तथा 250 केवीए नजदीक पंप हाउस के क्षेत्र लोअर सकोह तथा जटेहड़ में 21 जून 2026 को सुबह 9:30 से सांय 5 बजे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यदि मौसम खराब रहता है, तो उक्त कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### बलधर-पठियार बाजार तक चलाया चेकिंग अभियान

## नियमों के उल्लंघन पर पांच दुकानदारों के कटे चालान



दुकान में जांच करती फ्लाइंग स्क्वायड टीम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** तंबाकू उत्पादों की बिक्री एवं उपयोग पर नियंत्रण के लिए गठित कोटपा फ्लाइंग स्क्वायड नगरोटा बगवां ने आज खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूबी भारद्वाज के नेतृत्व में बलधर, सेराथाना, धलूं, टंग, बडोई तथा पठियार बाजार क्षेत्रों में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया।

इस दौरान खुले में एवं बिना वैध लाइसेंस के तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पांच दुकानदारों के चालान किए गए। पठियार बाजार में एक विद्यालय के समीप स्थित दुकान में बीड़ी, सिगरेट एवं खैनी जैसे तंबाकू पदार्थ पाए जाने पर टीम ने लगभग पांच पैकेट बीड़ी, पांच पैकेट सिगरेट तथा अन्य तंबाकू उत्पादों को मौके पर ही नष्ट करवाया। दुकानदारों के लाइसेंसों की जांच की गई तथा खुले में खाद्य पदार्थ बेचने वाले व्यापारियों को भी स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए। नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई।

## न्यूज ब्रीफ

### नशे की समस्या पर बच्चों से संवाद करेंगी डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नशामुक्त हिमाचल अभियान के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 12 जून को उपायुक्त कार्यालय परिसर स्थित बचत भवन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ स्कूली बच्चों के साथ सीधा संवाद करेंगी। एडीसी अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही छात्र-छात्राएं भाषण, पोस्टर और नारा लेखन गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्त हिमाचल का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### गंढियाणा में रास्ता रोकने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन की मझियार पंचायत के गांव गंढियाणा को जाने वाले रास्ते को अवरुद्ध करने के मामले में पुलिस ने आरोपी परिवार के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्रामीण राय सिंह के अनुसार, एक परिवार ने एंबुलेंस मार्ग को अपनी निजी भूमि बताते हुए बंद कर दिया है। पंचायत द्वारा इस रास्ते के निर्माण और पक्कीकरण पर धनराशि भी खर्च की गई थी। रास्ता बंद होने से ग्रामीणों, विशेषकर स्कूली छात्रों और बुजुर्गों को करीब एक किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। एसएचओ इंस्पेक्टर निर्मल सिंह ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए कार्रवाई शुरू होने की जानकारी दी।

### योग एवं ध्यान शिविर का पहला चरण संपन्न

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा जिला कारागार हमीरपुर में आयोजित सात दिवसीय योग, ध्यान और प्राणायाम प्रशिक्षण शिविर का पहला चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में दो दर्जन से अधिक सजायाफ्ता और विचाराधीन बंदियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को योग, ध्यान, नकारात्मक भावनाओं पर नियंत्रण तथा समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में श्री श्री रविशंकर द्वारा विकसित सुदर्शन क्रिया का अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षकों जोगिंदर ठाकुर और अजय शर्मा ने प्रशिक्षण प्रदान किया। वहीं, 16 जून से शिविर का दूसरा चरण शुरू होगा। इसके अलावा हीरा नगर चिल्ड्रन पार्क में निशुल्क योग शिविर भी आरंभ किया गया है।

### पदम पुरस्कारों के लिए 30 तक भेजें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, मेडिकल, सामाजिक कार्यों, विज्ञान, नागरिक सेवा, उद्योग और अन्य क्षेत्रों में सराहनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष दिए जाने वाले पदम पुरस्कारों के क्रम में अगले वर्ष के पदम पुरस्कार-2027 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार पदम पुरस्कार-2027 के आवेदन संबंधित विभागों की संस्तुतियों सहित 30 जून तक सामान्य प्रशासन विभाग में पहुंच जाने चाहिए।

### सिविल अस्पताल नादौन को मिली एंबुलेंस



**अनंत ज्ञान, नादौन।** मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा सिविल अस्पताल नादौन के लिए भेजी गई आधुनिक एंबुलेंस अस्पताल पहुंच गई है। बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद ने हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों का सक्रिय और संवेदनशील होना आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी पहल से नादौन क्षेत्र को लगातार नई विकासात्मक सौगातें मिल रही हैं। क्षेत्रवासियों ने आधुनिक एबुलेंस मिलने पर खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पदों के लिए साक्षात्कार 30 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** महिला एवं बाल विकास परियोजना भोरंज के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के कुल 14 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक महिलाएं 27 जून तक सीडीपीओ कार्यालय भोरंज में आवेदन कर सकती हैं। सीडीपीओ सुनील कुमार ने बताया कि 18 से 35 वर्ष आयु, 10+2 योग्यता और संबंधित क्षेत्र की स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। चयन 25 अंकों के आधार पर होगा, जिसमें योग्यता, अनुभव और साक्षात्कार शामिल हैं। साक्षात्कार 30 जून को एसडीएम कार्यालय भोरंज में आयोजित होगा।

### वरिष्ठ नागरिक राज्यस्तरीय सम्मेलन 28 को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी की बैठक सागर स्पोर्ट्स अकादमी भरेड़ी स्थित कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में एमएस चंदेल विशेष पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में 28 जून को सागर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भरेड़ी में प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नागरिक सम्मेलन आयोजित करने की जिम्मेदारी संघ को सौंपी गई। सम्मेलन में सभी जिलों के प्रतिनिधि भाग लेंगे और वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में विभिन्न समितियों के गठन और आयोजन को सफल बनाने पर विस्तार से विचार किया गया। अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### जालपा माता मंदिर में किया हवन-पूजन



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पीएम नरेंद्र मोदी के 4399 दिनों के राष्ट्रसेवा कार्यकाल के अवसर पर भोरंज भाजपा मंडल द्वारा जालपा माता मंदिर (जलाहू) में हवन-पूजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने की। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री कमलेश कुमारी ने कहा कि यह कार्यकाल गरीब कल्याण और विकास को समर्पित रहा है। कार्यक्रम में कई स्थानीय नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बस स्टैंड भोटा में जनरल स्टोर में चोरी



**अनंत ज्ञान, संजीव, भोटा।** नगर पंचायत भोटा में वीरू जनरल स्टोर में रात के समय चोरी की वारदात सामने आई है। दुकानदार बीरबल ने बताया कि सुबह आने पर दुकान का ताला कुंडी सहित टूटा मिला और गल्ले से करीब 1500 रुपए तथा नोटों की माला गायब थी। एक 200 रुपए का नोटों का हार नीचे गिरा हुआ मिला। दुकान भोटा अड्डे के पास स्थित है, जहां आसपास अन्य दुकानें भी देर रात तक खुली रहती हैं। इसके बावजूद चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में चिंता है। मौके पर भोटा पुलिस सहायता कक्ष प्रभारी निर्मला ठाकुर टीम सहित पहुंचीं और निरीक्षण किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### गलोड़ खंड में निजी स्कूलों के निरीक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** शिक्षा खंड गलोड़ के अंतर्गत सत्र 2026/27 के लिए निजी स्कूलों की निरीक्षण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निरीक्षण टीम में प्राथमिक शिक्षा खंड अधिकारी विजय शर्मा, प्रधानाचार्य सुरजीत सिंह माही तथा केंद्रीय मुख्य शिक्षक शामिल हैं। टीम द्वारा स्कूलों के दस्तावेज, उपस्थिति रजिस्टर, एसएमसी और बोर्ड द्वारा निर्धारित किताबों की गहन जांच की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि जिन स्कूलों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कर अपलोड किया जाए ताकि मान्यता प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। निरीक्षण प्रक्रिया अगले सप्ताह तक पूरी की जाएगी।

# पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ जिले के 24 स्थानों पर की छापेमारी

## 'जीरो टॉलरेंस नीति' के तहत नशा तस्करी रोकने को लेकर अभियान तेज

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा नशा तस्करी एवं नशे के कारोबार करने वालों पर कार्रवाई करने को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

इसके तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सक्रिय नशा तस्करों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ एक साथ विशेष तलाशी एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस मुख्यालय एवं राज्य सीआईडी के निर्देशानुसार संचालित किया गया। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर बलवीर सिंह के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में गठित विशेष पुलिस टीमों ने पूरी गोपनीयता, समन्वय एवं सुनियोजित तरीके से कार्रवाई को अंजाम दिया। इस



छापेमारी के दौरान तलाशी लेती पुलिस टीम। अनंत ज्ञान

विशेष अभियान के दौरान पुलिस थाना हमीरपुर, नादौन, बड़सर, भोरंज एवं सुजानपुर के तहत अंतर्गत चिन्हित 24 स्थानों पर तलाशी एवं छापेमारी की गई। यह अभियान जिले में नशे के बढ़ते खतरे पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा नशा तस्करों पर कड़ी निगरानी बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया गया। जिला पुलिस हमीरपुर नशा तस्करी एवं नशे के सेवन के प्रति 'जीरो टॉलरेंस नीति' अपनाए हुए है तथा विशेष रूप से युवाओं को 'चिट्टा' जैसे घातक नशे से बचाने हेतु निरंतर प्रयासरत है। जिला पुलिस हमीरपुर आम जनता, विशेषकर युवाओं से अपील करती है कि वे नशा तस्करी एवं संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस के साथ साझा करें। समाज को नशा मुक्त बनाने में जनसहयोग एवं सामुदायिक भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

हमीरपुर पुलिस भविष्य में भी ऐसे विशेष अभियान जारी रखेगी ताकि जिले में शांति, सुरक्षा एवं स्वस्थ सामाजिक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

## बलोह की ललिता जसवाल ने जरूरतमंद स्कूली बच्चों को दिए 1200 रुपए व जूते



विद्यार्थियों ने ट्रस्ट और ललिता जासवाल का आभार जताया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की बलोह पंचायत के बलोह गांव की बेटी ललिता जसवाल मानवता, सेवा और समर्पण की एक प्रेरणादायक मिसाल बनकर उभरी हैं। श्रेष्ठा कुमारी मेमोरियल ट्रस्ट पिछले 38 वर्षों से बिना किसी सरकारी सहायता के निरंतर समाज सेवा के कार्यों में जुटा हुआ है।

ट्रस्ट की अध्यक्ष ललिता जसवाल अपने आसपास के विद्यालयों में जाकर जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता करना कभी नहीं भूलतीं। ललिता जसवाल ने राजकीय उच्च विद्यालय वलोह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की। छठी कक्षा की दुर्गा, सातवीं कक्षा की परी, आठवीं कक्षा का नक्श, नौवीं कक्षा की रिद्धिमा तथा दसवीं कक्षा की सिया को 1200-1200 रूपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

इसके अलावा जरूरतमंद विद्यार्थियों सूर्यांश, कार्तिकेय, शैलजा, निशांत और अरुण कुमार को जूते भी वितरित किए गए। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने ट्रस्ट और ललिता जासवाल का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## हमीरपुर में सजा ग्लैमर का मंच प्रतिभाओं को मिला नया 'उड़ान पथ'

◆ **अनुराग शर्मा और गोकुल बुटेल ने किया सौंदर्य प्रतियोगिता की प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन**

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** मिस यूनिवर्स-हिमाचल प्रदेश एवं मिस टीन-हिमाचल प्रदेश प्रतियोगिता का फाइनल बुधवार देर रात बड़ू स्थित बासी पैलेस में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के विभिन्न राउंडों में राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा तथा मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (इनोवेशन, डिजिटल टेक्नोलॉजीज एंड गवर्नेंस) गोकुल बुटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



मिस यूनिवर्स-हिमाचल प्रदेश एवं मिस टीन-हिमाचल प्रदेश प्रतियोगिता का भव्य फाइनल संपन्न अनंत ज्ञान

इस अवसर पर अनुराग शर्मा ने आयोजकों और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हिमाचली युवतियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवतियां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल हो सकती हैं। गोकुल बुटेल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक और प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों में भाग लेना भी आवश्यक है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं लड़कियों को मॉडलिंग ही नहीं, बल्कि जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, आयोजक बेविन अत्री, डॉ. कैप्टन उदय, निर्णायक मंडल के सदस्य, प्रतियोगिता के मार्गदर्शक एवं पूर्व विजेताएं भी उपस्थित रहीं। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमन भारती आदि ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

## गऊ रक्षक सेवा दल भरेड़ी ने बचाई बछड़े की जान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** गऊ रक्षक सेवा दल भरेड़ी ने एक बार फिर मानवता और गौसेवा की मिसाल पेश करते हुए गलोह गांव में बीमार पड़े एक छोटे बछड़े का सफल उपचार कर उसे स्वस्थ किया। इस कार्य की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार बछड़ा पिछले दो-तीन दिनों से गंभीर रूप से बीमार था। हालत बिगड़ने पर स्थानीय लोगों ने दल को सूचना दी, जिसके बाद टीम तुरंत मौके पर पहुंची और उपचार शुरू किया। लगातार दो से तीन दिनों की देखभाल, दवाइयों और निगरानी के बाद बछड़ा पूरी तरह स्वस्थ हो गया। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और दल के प्रयासों की सराहना की। जुल्मी देवी सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने इसे प्रेरणादायक सेवा बताया। लोगों का कहना है कि यह संगठन बिना स्वार्थ दिन-रात गौसेवा में जुटा रहता है और समाज में सकारात्मक संदेश दे रहा है।

## सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा की बेटियां बनीं राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियन



प्रियांशु चौधरी को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर घोषित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा की जूनियर बालिका फुटाबाल टीम ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल अंतर-समूह फुटाबाल प्रतियोगिता (प्री-सुब्रोतो कप 2026) में शानदार विजय हासिल कर विद्यालय और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता कर्नाटक स्थित सैनिक स्कूल कोडागु में आयोजित की गई थी।

सुजानपुर टीहरा की बेटियों ने देशभर से आई मजबूत टीमों को पछाड़ते हुए फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में उनका सामना सैनिक स्कूल चंद्रपुर से हुआ। अत्यंत रोमांचक और कांटे की टक्कर वाले इस मुकाबले में निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। इसके बाद हुए पेनल्टी शूटआउट में सुजानपुर टीहरा की खिलाड़ियों ने 3-2 से जीत दर्ज कर प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में कर्नाटक के राज्यपाल द्वारा विजेता टीम को चैंम्पयनशिप ट्रॉफी प्रदान की गई। कैडेट प्रियांशु चौधरी को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर (बेस्ट गोलकीपर) घोषित किया। सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा की प्राचार्या ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का परिणाम है तथा विद्यालय में खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## डॉ. सिकंदर ने अग्निकांड प्रभावित परिवार को भेंट की घरेलू सामग्री



अग्निकांड प्रभावित परिवार को घरेलू सामग्री भेंट करते राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोनल, नादौन।** कलूर गांव में गत दिनों अचानक एक घर आग की चपेट में आ गया था, जिसके चलते परिवार को काफी अधिक नुक्सान हुआ था और राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर ने फोन पर मदद करने की बात कही थी। वीरवार को सांसद सिकंदर पीड़ित परिवार के घर पहुंचे व घटना का जायजा लिया। सांसद प्रभावित परिवार से मिले और उन्हें रोजाना की जरूरत गैस चूल्हा, कंबल, चदर, कुकर सहित अन्य जरूरी सामान उपलब्ध करवाया और डबल बैड सहित अन्य सामान व आर्थिक रूप से मदद करने भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर उनके साथ सुनील शर्मा, रघुवीर सिंह ठाकुर व पूर्व उपप्रधान सैंटी, एसटी मौर्चा के अध्यक्ष गुरमीत सिंह व महामंत्री पुनम नेगी भी उपस्थित रही। सांसद डॉ. सिकंदर ने प्रदेश सरकार से भी गरीब परिवार की मदद करने की गुहार लगाई है। गौर रहे कि चार दिन पहले कलूर गाव के वार्ड नंबर एक में सुशील कुमार के घर में अचानक आग लग गई थी। घर के अंदर रखा समान फ्रीज, एलइडी, बैड, अल्मीरा, पंखे, टेबल चेयर और 15000 की नकदी आदि जलकर राख हो गई। इस घटना से गरीब परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया करीब दो साल पहले ही प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत प्रभावित परिवार का दो कमरों का मकान बनाया गया था।

## भोरंज में तीन माह से कृषि विभाग भवन पर ताला, किसान भटकने को मजबूर

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, भोरंज।** कृषि विभाग विषय वाद विशेषज्ञ कार्यालय भोरंज एवं कृषि विक्रय केंद्र भोरंज (सम्मू ताल) सरकारी भवन में पिछले लगभग तीन महीनों से ताला लटका हुआ है।

कृषि विभाग कार्यालय को मिनी सचिवालय भवन भोरंज में और एईओ सेल सेंटर को करीब तीन किलोमीटर दूर टिक्करी घुरालां गांव में स्थानांतरित कर दिया गया है। जिस कारण भोरंज में आने वाले किसानों को खाली हाथ लौटना या फिर निजी बीज भंडारों का रुख करना पड़ रहा है।

बता दें कि कृषि विभाग भोरंज का कस्बा सम्मू ताल में अपना सरकारी भवन है और पिछले कई सालों से कृषि विभाग एसएम.स कार्यालय और कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय,कृषि विक्रय केंद्र भोरंज इसी भवन में स्थित थे, जिसे मिनी सचिवालय भवन भोरंज में एक ही छत के नीचे होने के




कृषि विक्रय केंद्र भोरंज भवन तीन माह से बंद। अनंत ज्ञान

उद्देश्य से करीब तीन माह पूर्व स्थांतरित कर दिया गया है।

इसके अलावा कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय, कृषि विक्रय केंद्र भोरंज को यहां से बंद करके करीब तीन किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत लुद्दर महादेव के गांव टिक्करी घुरालां के सेल सैंटर में स्थांतरित कर दिया गया है जिस कारण भोरंज उपमंडल मुख्यालय पर स्थित कृषि विक्रय केंद्र के बंद होने से और जानकारी के अभाव के कारण कस्बा सम्मू ताल में बीज इत्यादि खरीदने आने वाले किसानों को खाली हाथ लौटना या फिर निजी बीज भंडारों का रुख करना पड़ रहा है। हालांकि विभाग ने इस बारे में सम्मू स्थित भवन की दीवार पर कार्यालय और सेल सेंटर के स्थानांतरित किए जाने की सूचना भी लगा रखी है। इस बारे में एसएमएस कृषि विभाग भोरंज मोनिका शर्मा का कहना है कि कृषि विक्रय केंद्र भोरंज को टिक्करी विक्रय केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया है और मिनी सचिवालय भवन के धरातल में कृषि विक्रय केन्द्र भोरंज का निर्माण किया जाएगा जिसके लिए प्रपोजन तैयार कर लिया गया है।

**बैठक** बहुतकनीकी कॉलेज के सभागार में 15 को प्रधानों-उपप्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह

# अधिकारी करें सभी आवश्यक प्रबंध: डीसी

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला हमीरपुर की सभी 242 ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधानों और उपप्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह 15 जून को बहुतकनीकी कालेज बड़ू के सभागार में आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता आयुष, विधि, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा करेंगे। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने वीरवार को जिला के अधिकारियों के साथ बैठक करके इस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उपायुक्त ने कहा कि इस समारोह में कुल 484 प्रधानों-उपप्रधानों के अलावा बड़ी संख्या में अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। इसलिए, आयोजन स्थल पर सभी के बैठने की व्यवस्था के अलावा भोजन, पेयजल, शौचालय, वाहनों की पार्किंग और



शपथ समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

अन्य सुविधाओं के लिए भी पर्याप्त प्रबंध होने चाहिए। सभागार में सभी 6 विकास खंडों के जनप्रतिनिधियों के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाए जाएंगे। उपायुक्त ने प्रत्येक ब्लॉक के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए, ताकि सभी जनप्रतिनिधियों के पंजीकरण के साथ-साथ सर्टिफिकेट एवं किट वितरण तथा शपथ की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूर्ण किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानों-उपप्रधानों को आयोजन स्थल पर पहुंचाने के लिए जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय और सभी बीडीओ कार्यालय आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और किसी ब्लॉक के जनप्रतिनिधियों के लिए अगर बसों की आवश्यकता है तो उसकी डिमांड तुरंत भेजें। सभी पंचायत प्रधानों-उपप्रधानों को 11 बजे तक सभागार में बिठाना सुनिश्चित करें, ताकि शपथ ग्रहण समारोह को निर्धारित समय पर आरंभ किया जा सके। बड़ू में वाहनों की पार्किंग, यातायात, सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में सहायक आयुक्त चिराग शर्मा और जिला पंचायत अधिकारी बबीता गुलेरिया ने शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर नगर निगम हमीरपुर अतिरिक्त आयुक्त राम प्रसाद शर्मा, डीएसपी नितिन चौहान, एचआरटीसी के डीएम राजकुमार पाठक, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## चंदरुही गांव में युवाओं ने ऐतिहासिक बावड़ी को संवारा



बावड़ी की साफ-सफाई करते युवा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत कक्कड़ के गांव चंदरुही में युवाओं ने सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए गांव की प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई का अभियान चलाया। इस दौरान युवाओं और महिलाओं ने मिलकर श्रमदान किया तथा वर्षों से जमा गंदगी, झाड़ियां और कचरा हटाकर बावड़ी को स्वच्छ बनाया। ग्रामीणों के अनुसार इसकी नियमित देखरेख नहीं होने के कारण बावड़ी के आसपास झाड़ियां उग आई थीं और उसमें गंदगी जमा हो गई थी। इससे न केवल इसकी सुंदरता प्रभावित हो रही थी, बल्कि जल स्त्रोत के संरक्षण पर भी खतरा मंडरा रहा था। गांव के युवाओं ने सफाई अभियान शुरू किया और बावड़ी के आसपास फैली झाड़ियों को काटा गया, कूड़ा-कचरा हटाया गया तथा परिसर को व्यवस्थित किया गया। युवाओं का कहना है कि जल स्त्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसके लिए आगे आना चाहिए। इस सामाजिक कार्य में नरेश गिल, लकी, विशाल, कमल और सूरज ने सक्रिय भूमिका निभाई। गांव की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### नेला वार्ड की नवनिर्वाचित पार्षद नर्वदा मोहन ने दीपक शर्मा से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी के नेला वार्ड से नवनिर्वाचित पार्षद नर्वदा मोहन और पूर्व पार्षद राजेंद्र मोहन ने हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव



दीपक शर्मा से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दीपक शर्मा ने नर्वदा मोहन को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि नेला वार्ड की जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना है, उस विश्वास पर खरा उतरते हुए वह क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देंगी। दीपक शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास सबसे बड़ी ताकत होता है। जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए विकास को नई दिशा दें। उन्होंने विश्वास जताया कि नर्वदा मोहन वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और जनहित से जुड़े कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगी। उन्होंने नवनिर्वाचित पार्षद को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनसेवा और विकास कार्यों में उन्हें हरसंभव सहयोग और समर्थन मिलता रहेगा।

### एंटी-चिट्टा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 17 से

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल, अनंत नगर, तताहर, सरकाघाट द्वारा 17 एवं 18 जून को 'एंटी-चिट्टा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट-2026' का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित होगी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना तथा समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, विशेषकर चिट्टा जैसे घातक नशे के खिलाफ जनजागरूकता पैदा करना है। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-19 तथा ओपन वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। सिंगल्स एवं डबल्स दोनों श्रेणियों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार और आकर्षक ट्रॉफियां प्रदान की जाएंगी। विद्यालय प्रबंधन ने क्षेत्र के स्कूलों, कॉलेजों, खेल संस्थानों तथा बैडमिंटन खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। विद्यार्थियों को विशेष रियायत भी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गई है।

### प्राइमरी स्कूल चौक के छात्रों ने सीखा योग

**अनंत ज्ञान, महादेव।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला चौक में नेशनल आयुष मिशन के अंतर्गत एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर महादेव के योग प्रशिक्षक राजेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को वृक्षासन, ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन सहित कपालभाति, भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम तथा भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करवाया।योग प्रशिक्षक ने छात्रों को बताया कि नियमित योग और प्राणायाम से शरीर एवं मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने कहा कि योग तनाव को दूर करने और एकाग्रता बढ़ाने में भी सहायक है। इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अपूर्वा शर्मा, आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी शकुंतला शर्मा, शिक्षिका सुनीता देवी तथा संगीता भी उपस्थित रहीं। उल्लेखनीय है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर योग संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### किसानों को सिखाई जा रही प्राकृतिक खेती

**अनंत ज्ञान, जय देवी।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती ग्राम पंचायत चाम्बी के गांव मझरोट में किसानों को कृषि प्रौद्योगिकी की प्रबंधन अभिकरण की ओर से प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को मुख्य रूप से हल्दी को उगाने और उसके विपणन के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। सहायक खंड तकनीकी प्रबंधक विकास खंड धनोटू प्रीति नायक ने बताया कि किसानों को हल्दी के उत्पादन और प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि किसानों की आमदनी बढ़े और लागत कम हो। प्राकृतिक खेती में किसी भी प्रकार के कीटनाशक का प्रयोग नहीं किया जाता। प्राकृतिक रूप से फसल को तैयार किया जाता है। इसमें कीटनाशक की जगह खुद तैयार किए हुए प्राकृतिक कीटनाशक का प्रयोग किया जाएगा ताकि लोगों को शुद्ध हल्दी प्राप्त हो सके जो कि विभिन्न प्रकार के रोगों के लड़ने में सक्षम है। साथ ही में केंद्र सरकार की योजना 'खेत बचाओ अभियान' के लिए भी लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। क्योंकि आने वाला भविष्य खेती ही है अगर खेत बचे रहेंगे तो हमारा भविष्य भी सुरक्षित रहेगा।

### मनरेगा बंद होने से मजदूरों को नहीं मिल रहा काम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सीटू से संबंधित मजदूर यूनियनें अपनी मांगों को लेकर संघर्ष की राह पर हैं। हाल ही में आंगनबाड़ी यूनियन की हड़ताल और शिमला सचिवालय के बाहर प्रदर्शन के बाद अब मंत्री के साथ हुए समझौते के क्रियान्वयन को लेकर 21 जून को बिलासपुर में राज्य कमेटी की बैठक होगी। यह जानकारी सीटू के राज्य उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सीटू से संबंधित मिड-डे मील वर्कर्ज यूनियन 22 जून को लंबित मांगों को लेकर हड़ताल करेगी तथा शिमला में राज्य स्तरीय रैली आयोजित होगी, जिसमें मंडी जिला के सभी शिक्षा खंडों से कार्यकर्ता भाग लेंगे। एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन भी अपनी मांगों को लेकर 15 जून को मंडी व 22 जून को शिमला में बैठक करेगी। निर्माण मजदूरों के लंबित लाभ जारी न होने के विरोध में 6, 7 और 8 जुलाई को श्रम कल्याण बोर्ड कार्यालय हमीरपुर में प्रदर्शन किया जाएगा। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा कानून की जगह ग्राम जी योजना लाई है, लेकिन अब तक इससे संबंध में कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। इससे पिछले तीन माह से जरूरतमंद लोगों को पंचायतों में काम नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर सीटू जुलाई से जनसंपर्क अभियान शुरू करेगी तथा बरसात के बाद दिल्ली में रैली और प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

### हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति की मासिक बैठक समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति की अध्यक्षता में, समिति कार्यालय रोपा कॉलोनी में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित दिव्यांगों तथा उनके परिजनों की समस्याओं को सुना गया तथा निवारण के लिए, सरकार को भेजा गया। बैठक में प्रदेश व केंद्र सरकार से विशेष अनुरोध किया गया कि वो, सभी बस अड्डों, रेलवे स्टेशन और प्रत्येक सार्वजनिक स्थानों, सरकारी कार्यालयों में, दिव्यांगों के लिए विशेष रूप से तैयार शौचालय, लिफ्ट, सड़क किनारे बने वर्षा आश्रयों में रैंप की सुविधा इत्यादि सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश, नई अधिसूचना जारी कर, संबंधित अधिकारियों को दें। प्रदेश महासचिव रमेश चन्द भारद्वाज ने रेल मंत्री, भारत सरकार से निवेदन किया कि, वो दिव्यांगों के लिए, रेल पास, प्राप्त करने लिए, जिला स्तर की जगह अब तहसील स्तर पर बने सरकारी हस्पतालों के माध्यम से दिलवाने के दिशा निर्देश, सभी तहसील व जिला स्तर के चिकित्सा अधिकारियों को दें तथा इसे के हिसाब से, वर्तमान वेबसाइट (दिव्यांगजन) को अपडेट करें। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोशन लाल, उपाध्यक्ष बालम राम, टेक चन्द, मेहर सिंह तथा मधु इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### सरकाघाट में महिला उद्यमियों की मीट आयोजित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला उद्योग केंद्र मंडी द्वारा वीरवार को विकास खंड कार्यालय गोपालपुर, सरकाघाट में महिला उद्यमियों के लिए एक दिवसीय फीडिंग एवं नेटवर्किंग मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनआईटीकॉन लिमिटेड के माध्यम से किया गया, जिसमें उपमंडल सरकाघाट क्षेत्र की लगभग 50 महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम उद्योग विभाग की पहल पर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला उद्योग विभाग गोपालपुर के विस्तार अधिकारी अक्षय शर्मा ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को वित्तीय सहायता, स्वरोजगार के अवसरों, सरकारी योजनाओं तथा विपणन एवं नेटवर्किंग से संबंधित विभिन्न मंचों की जानकारी प्रदान करना था। फीडिंग एवं नेटवर्किंग मीट का आयोजन रैम्प परियोजना के अंतर्गत संचालित 'सोशल इंक्लूजन' घटक के तहत किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिला उद्यमियों की वित्तीय पहुंच को सुदृढ़ बनाना, उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना तथा स्थायी आजीविका एवं बेहतर बाजार संपर्क सुनिश्चित करना है।

### संधोल कॉलेज मामले में बैठक 17 जून को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संधोल महाविद्यालय को बचाने के लिए वीरवार को दोनों बड़े दलों के पदाधिकारियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों की दूसरी बैठक रिटायर्ड आईएफएस रविंदर पाल सिंह कटवाल की अध्यक्षता में स्थानीय विश्राम गृह में हुई। बैठक में फ़िलहाल निर्णय लिया कि विभिन्न पंचायतों में पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश जम्वाल के नेतृत्व में छोटी-छोटी कमेटियों का गठन किया जाएगा। जो हाल में स्थानीय पाठशाला से 12वीं कक्षा से निकले छात्रों के नई एडमिशन की संभावना की तलाश करेंगे। यदि 50 छात्रों तक कि भी एडमिशन होती है तो स्थानीय विधायक चंद्र शेखर ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र इस महाविद्यालय का पोर्टल भी खोल दिया जाएगा। इसके लिए पुनः से सभी लोग 17 को फिर से बैठक करेंगे उसमें पता चलेगा कि महाविद्यालय के पुनः शुरू होने की संभावना है या नहीं।

# चक्कर स्थित मिल्क प्लांट में दुग्ध उत्पादकों ने किया जोरदार प्रदर्शन

## महीने में चार दिन खरीद बंद रखने और भुगतान में देरी पर भड़के किसान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी के चक्कर स्थित मिल्क प्लांट में दुग्ध उत्पादकों और प्लांट प्रबंधन के बीच खींचतान देखने को मिली। बड़ी संख्या में पहुंचे दुग्ध उत्पादकों ने मिल्क प्लांट के बाहर प्रदर्शन करते हुए प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों का आरोप है कि प्लांट प्रबंधन 20 लीटर से अधिक दूध स्वीकार नहीं कर रहा है, जिससे अधिक मात्रा में दूध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि महीने में चार दिन दूध की खरीद नहीं की जाती, जिसके कारण उन्हें अपना दूध औने-पौने दामों पर बेचने या फेंकने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इसके अलावा दूध की आपूर्ति के बावजूद



मंडी के चक्कर मिल्क प्लांट के बाहर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते दुग्ध उत्पादक। अनंत ज्ञान

भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा और कई उत्पादकों को दो से तीन माह तक भुगतान का इंतजार करना पड़ रहा है। दुग्ध उत्पादकों का कहना है कि पशुपालन उनकी आजीविका का प्रमुख साधन है, लेकिन खरीद

- **मौके पर पहुंचे एसडीएम और पुलिस अधिकारी**
- **किसानों से बातचीत कर शांत करवाया मामला**

नीति और भुगतान में देरी के कारण वे आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। किसानों ने मांग उठाई कि दूध खरीद पर लगी सीमाएं हटाई जाएं, नियमित रूप से दूध खरीदा जाए तथा लंबित भुगतान तुरंत जारी किया जाए। स्थिति को देखते हुए मौके पर एसडीएम तथा पुलिस बल भी पहुंचा। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों और प्रबंधन के साथ बातचीत कर मामले को शांत करवाने का प्रयास किया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगे।

# पलाहोटा का पुलिस जवान अजय चार साल से लापता

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** सुंदरनगर उपमंडल की पलाहोटा पंचायत से संबंध रखने वाले पुलिस जवान अजय कुमार के लापता होने के चार वर्ष बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। अजय कुमार के वृद्ध माता-पिता इस उम्मीद में दिन गुजार रहे हैं कि एक दिन उनका बेटा घर लौटेगा और उनके दुखों का अंत होगा। अजय कुमार बलद्वाड़ा पुलिस थाना के अंतर्गत हटली चौकी में तैनात था। चार वर्ष पूर्व वह छुट्टी लेकर घर आने की बात कहकर निकला था, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने बताया कि इस संबंध में कई बार पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत करवाया गया। मंडी के तत्कालीन उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया था तथा उस समय के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से भी मुलाकात कर मामले को उठाया गया था, लेकिन आज तक कोई संतोषजनक परिणाम सामने नहीं आया।



- **परिजनों ने पुलिस पर लगाए लापरवाही के आरोप**

अजय कुमार के चाचा लीलाधर ने बताया कि उनके भतीजे का संपर्क कथित रूप से कोटली क्षेत्र के एक तांत्रिक के साथ था, जो उसे ब्लैकमेल करता था। उन्होंने मांग की कि मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए संबंधित व्यक्ति से गहन पूछताछ की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि अजय कुमार के लापता होने के समय परिवार में उसकी शादी की तैयारियां चल रही थीं। परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि चार वर्षों के बाद भी जांच किसी ठोस निष्कर्ष तक नहीं पहुंची है। उनका कहना है कि पुलिस अक्सर घर आकर औपचारिक पूछताछ कर लौट जाती है, जबकि मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है।

# आईटीआई सुंदरनगर के 121 प्रशिक्षुओं को मिली नौकरी



अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पीडब्ल्यूडी सुंदरनगर में गुरुवार को डेंसो हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट अभियान में वर्ष 2025 में आईटीआई उत्तीर्ण कर चुके प्रशिक्षुओं के साथ-साथ वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे तथा वर्ष 2026 में पासआउट होने वाले प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। संस्थान के प्लेसमेंट इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि प्लेसमेंट प्रक्रिया के तहत सबसे पहले अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा आयोजित की गई। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। पूरी चयन प्रक्रिया में कुल 168 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया, जिनमें से 121 प्रशिक्षुओं का अंतिम रूप से चयन किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम प्रशिक्षुओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने चयनित प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कंपनी के एचआर मैनेजर दिनेश ध्युरी एवं कुंदन कुमार ने प्रशिक्षुओं को कंपनी की कार्यप्रणाली, रोजगार के अवसरों, कार्यस्थल के वातावरण तथा कर्मचारियों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

# स्वगणना में बढ़-चढ़कर भाग लें नागरिक : रुपिंदर कौर

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, मंडी।** उपमंडलाधिकारी (नागरिक) एवं सहायक जनगणना अधिकारी मंडी सदर रुपिंदर कौर ने उपमंडल के नागरिकों से जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा पहली बार डिजिटल जनगणना के तहत नागरिकों को स्वयं ऑनलाइन अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज करने की सुविधा प्रदान की गई है। रुपिंदर कौर ने बताया कि मंडी सदर उपमंडल के नागरिक घर बैठे ऑनलाइन पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर अपनी एवं अपने परिवार की जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। उन्होंने लोगों से निर्धारित समय सीमा से पहले इस प्रक्रिया को पूरा करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि नागरिक पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। इसके बाद परिवार एवं आवास संबंधी आवश्यक जानकारी भरकर प्रपत्र जमा किया जा सकता है। सफल पंजीकरण के उपरांत प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी प्राप्त होगी। एसडीएम ने कहा कि स्वगणना के माध्यम से नागरिक सुविधाजनक तरीके से घर बैठे अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। यह प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और पारदर्शी है। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं की बेहतर योजना निर्माण एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भी सटीक जनगणना आंकड़े महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मंडी के इतिहास के दस्तावेजीकरण में विद्वानों की अहम भूमिका : ललित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग द्वारा 'मंडी की 500 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा' विषय पर विभागीय सभागार में शोध गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी मुख्य अतिथि तथा प्रख्यात साहित्यकार एवं इतिहासकार डॉ. गंगा राम राजी अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे।

- **एसपीयू मंडी में शोध गोष्ठी आयोजित, 'नारी का दिल' कहानी संग्रह का विमोचन**

इतिहास विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की विशेष शोध परियोजना के तहत मण्डी के 500 वर्षों के इतिहास पर एक व्यापक पुस्तक तैयार की जा रही है। आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि मंडी का इतिहास हिमालयी सभ्यता और संस्कृति की महत्वपूर्ण धरोहर है तथा इसके प्रामाणिक दस्तावेजीकरण से भावी पीढ़ियों को अपने अतीत को समझने का अवसर मिलेगा। वहीं डॉ. गंगा राम राजी ने कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसके इतिहास और सांस्कृतिक स्मृतियों से होती है तथा मण्डी के इतिहास का व्यवस्थित संकलन लंबे समय से आवश्यक था। डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रस्तावित पुस्तक में मण्डी रियासत का राजनीतिक इतिहास, धार्मिक परम्पराएं, पुरातात्विक धरोहर, लोक संस्कृति, कला एवं स्थापत्य, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान तथा आधुनिक विकास यात्रा जैसे विषय शामिल किए जा रहे हैं। गोष्ठी में डॉ. कमल प्यासा, डॉ. राकेश कपूर, डॉ. नरेश वैद्य, विनोद वहल, अनिल शर्मा, प्रकाश, मुरारी शर्मा, भगत राम गुलेरिया, सुनीता कपूर, अंशुल मल्होत्रा, समसेर मिन्हास, राजेन्द्र कुमार एवं विद्या शर्मा सहित अन्य विद्वानों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सहायक आचार्य डॉ. रामपाल, राजेश शर्मा, शोधार्थी वेद प्रकाश, डोल्मा, सुरेखा, राजु, सूर्य प्रकाश तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर दिवंगत इतिहासकार एवं शिक्षाविद् डॉ. एम. एस. अहलूवालिया की कृति 'नारी का दिल' का विमोचन भी किया गया। पुस्तक का संपादन डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने अपने गुरु को श्रद्धांजलि स्वरूप किया है।

# डेल्टा फोर्स बनी क्रिकेट चैंपियन

## हेल्थ वॉरियर को हराकर जीता 51 हजार का इनाम

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** नशामुक्त खेल भावनायुक्त क्रिकेट प्रतियोगिता में डेल्टा फोर्स की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया है।



स्थानीय कॉलेज के मैदान में हुए फाईनल मैच में डेल्टा फोर्स हैल्थ वारियर को चार विकेट से हराकर 51हजार रूपये की इनामी राशि और ट्राफी की हकदार बनी है। वहीं तीसरे और चौथे नंबर के लिए हुए मैच में एसडीआरएफ मंडी ने एजुकेशन वारियर को दो विकेट से हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उप विजेता को 31 हजार और ट्राफी तथा तीसरे नंबर की टीम को 21 हजार रूपये की राशि और ट्राफी पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य कर एवं आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त सुनील जोशी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। फाइनल मैच टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए हैल्थ वारियर ने 20 ओवर में 136 रन बनाए। जिसमें दीपक मंडयाल ने 33, डा. पवन शर्मा ने 36, डा. अर्जुन ने 16 और डा. विक्रांत ठाकुर ने 10 रन बनाए। डेल्टा की ओर से देशु शर्मा ने चार तथा विवेक सेन और सुरेंद्र शर्मा ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने आई डेल्टा फोर्स की टीम के लिए जीत की राह आसान नहीं थी। जीत के लिए दो रन की दरकार के लिए टीम के सलामी बल्लेबाज ने ओवर की अंतिम पर चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। डेल्टा फोर्स के ललित चंदेल ने सर्वाधिक 46, नेकराम ने 29, गोविंद ठाकुर ने 14, विजय सेन ने 28 और शरद राणा ने 12 रन बनाए। हैल्थ की ओर से नीरु भारद्वाज और डा. रोहित ने दो-दो तथा डा. अर्जुन और डा. पवन शर्मा ने एक-एक विकेट लिया।

समापन समारोह के अवसर पर सेवानिवृत डीएसपी गुरबचन सिंह विशेष अतिथि के रूप में तथा एचजीटीयू के अध्यक्ष अश्वनी गुलेरिया, नरेश ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, सुरेश ठाकुर, मुकेश चंदेल, खेम सिंह कौशल, सूरज, अनिल, बालकराम, संजीव राणा, मनसा राम भी उपस्थित रहे।

### प्रधान वीरेंद्र कुमार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत महादेव से नवनिर्वाचित प्रधान वीरेंद्र कुमार का कांग्रेस कार्यालय धनोटू महादेव में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें प्रधान निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व संगठन महासचिव ब्रह्मदास चौहान ने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला होती हैं और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं होती, बल्कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना भी उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वीरेंद्र कुमार लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। पंचायत के लोगों ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरते हुए वे क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में ग्राम पंचायत महादेव विकास और जनसेवा के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगी। ब्रह्मदास चौहान ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास सबसे बड़ी ताकत होता है और जनप्रतिनिधियों को इसे बनाए रखने के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और सेवा भाव के साथ कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी नवनिर्वाचित प्रधान वीरेंद्र कुमार को शुभकामनाएं देते हुए पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# एक टन चलारू एकत्र कर वनों को आग से बचाने का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

- **नव दुर्गा महिला मंडल थरकी की महिलाओं की प्रेरणादायक पहल**

**बग्गी।** विकास खंड धनोटू की ग्राम पंचायत छम्यार के नव दुर्गा महिला मंडल थरकी की महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए गांव के आसपास के क्षेत्रों की सफाई की तथा वनों को आग से बचाने के उद्देश्य से एक टन से अधिक चील के पत्ते (चलारू) एकत्र किए। महिला मंडल की प्रधान कला देवी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गर्मियों के दौरान कई वन आग की चपेट में आ जाते हैं, जिससे हरे-भरे जंगलों को भारी नुकसान पहुंचता है।

इसके साथ ही हजारों की संख्या में वन्य जीव-जंतु भी आग की भेंट चढ़ जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए महिला मंडल की महिलाओं ने इस वर्ष आसपास के वनों से चलारू एकत्र कर जंगलों को आग से बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए द हंस फाउंडेशन द्वारा दो बेलर मशीनें उपलब्ध करवाई गईं। महिलाओं ने इन मशीनों के माध्यम से एकत्रित चलारू का सफलतापूर्वक संपीड़न (बेलिंग) किया। कम समय में ही महिलाओं ने मशीनों का संचालन करना और चलारू के बंडल तैयार करना सीख लिया, जो भविष्य में भी उनके लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

इस अभियान में द हंस फाउंडेशन के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर निशांत, कम्युनिटी ऑर्गेनाइजर गौरव एवं प्रीति की सक्रिय भागीदारी रही। वहीं नंदगढ़ और हटगढ़ फॉरेस्ट बीट के वन रक्षकों व कला देवी, प्रेम लता, उर्मिला, कमला देवी, शकुंतला देवी, छांगी देवी, नोखी देवी ने भी उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

महिला मंडल की इस सराहनीय पहल से क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है, तथा वनों को आग से बचाने का सकारात्मक संदेश मिला है।

### अति संवेदनशील पंचायतों में हुए सीएफआर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के संयुक्त तत्वावधान में उपमंडल सुंदरनगर की अतिसंवेदनशील पंचायतों महादेव, धनोटू तथा भलाणा-चांबी के लिए सामुदायिक प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता (सीएफआर) प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायत महादेव के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास खंड अधिकारी धनोटू मनमोहन शर्मा ने की। उन्होंने राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा संचालित इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण समुदायों को आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सक्षम बनाते हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर स्वयंसेवकों एवं समुदाय की आपदा तैयारी तथा त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, खोज एवं बचाव, पूर्व चेतावनी प्रणाली, सुरक्षित निकासी, आपातकालीन संचार, मनोसामाजिक सहायता तथा सामुदायिक समन्वय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त भूकंप, भूस्खलन, अचानक बाढ़, वनाग्नि तथा अन्य स्थानीय आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक अमरजीत सिंह, स्रोत व्यक्ति दिलेराम तथा अमनदीप सिंह ने प्रतिभागियों को आपदा के समय समुदाय की भूमिका, स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों तथा त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र के महत्व से अवगत कराया।

## मॉक ड्रिल: जब जंगल में लगी 'काल्पनिक आग', तब सामने आई विभागों की असली तैयारी

# सुकेत वन मंडल ने परखी विभागों की प्रतिक्रिया क्षमता

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** गर्मियों के मौसम में वनाग्नि की बढ़ती घटनाएं केवल जंगलों के लिए ही नहीं, बल्कि वन्यजीवों, पर्यावरण और आसपास बसे समुदायों के लिए भी गंभीर चुनौती बनकर उभरती हैं। ऐसे में यदि किसी जंगल में अचानक आग भड़क जाए तो विभिन्न विभाग कितनी तेजी और प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया दे सकते हैं, इसकी वास्तविक तस्वीर सुकेत वन मंडल ने जिलास्तरीय वन अग्नि मॉक अभ्यास के दौरान देखने को मिली। सुकेत वन मंडल द्वारा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सहयोग से आयोजित इस अभ्यास में वन विभाग, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, अग्निशमन सेवा, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर यह प्रदर्शित किया कि आपदा के समय समन्वित प्रयास किस प्रकार बड़े नुकसान को टाल सकते हैं।



मॉक ड्रिल के दौरान सामूहिक चित्र में वन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी। अनंत ज्ञान

### काल्पनिक घटना में वास्तविक परिस्थितियों जैसा अभ्यास

**अभ्यास** के दौरान जंगल में अचानक आग लग जाती है । सूचना मिलते ही वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग को नियंत्रित करने के प्रयास शुरू किए। इसके साथ ही अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन को अलर्ट किया गया। यह पूरा अभ्यास वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप तैयार किया गया था ताकि किसी वास्तविक आपदा की स्थिति में प्रतिक्रिया प्रणाली की कमियों और मजबूती दोनों का परीक्षण किया जा सके।

### धुएं से अचेत कर्मी का रेस्क्यू

**मॉक** ड्रिल में एक कर्मी के धुएं से अचेत होने का परिदृश्य भी शामिल किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार, आपात चिकित्सा सहायता और सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। इससे यह संदेश गया कि वनाग्नि जैसी घटनाओं में केवल आग ही नहीं, बल्कि धुआं भी जानलेवा साबित हो सकता है। अभ्यास में पशुपालन विभाग ने घायल पशुओं के रेस्क्यू व उपचार का महत्वपूर्ण पक्ष सामने रखा।

### आग से लड़ाई केवल बुझाने की नहीं, रोकथाम की भी

**मॉक** ड्रिल का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह रहा कि वनों में लगने वाली आग केवल आग बुझाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसकी शुरुआत रोकथाम, समय पर सूचना और सामुदायिक सहभागिता से होती है। अभ्यास में वन विभाग के कर्मियों ने प्रथम प्रतिक्रिया दल की भूमिका निभाते हुए आग की प्रारंभिक रोकथाम, फायर लाइन निर्माण और संचार तंत्र को सक्रिय करने का प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों ने बताया कि वनाग्नि की अधिकांश घटनाएं मानवीय लापरवाही से जुड़ी होती हैं। ऐसे में जागरूकता और स्थानीय समुदाय की भागीदारी ही सबसे प्रभावी सुरक्षा कवच बन सकती है। उपअरण्यपाल राकेश कटोच ने कहा कि वनाग्नि की रोकथाम में जनसहयोग सबसे बड़ी शक्ति है और नियमित अभ्यासों के माध्यम से विभागों की तत्परता के साथ-साथ समुदाय की जागरूकता भी बढ़ती है।

बिखरना विनाश का पथ है तो सिमटना निर्माण का।
-कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर

## संपादकीय

# नशे के खिलाफ जंग

हिमाचल प्रदेश पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ अपनी मुहिम को जिस तरह तेज किया है, वह निश्चित रूप से सराहनीय है। प्रदेशभर में 236 तस्करों के ठिकानों पर एक साथ की गई छापेमारी ने यह संदेश दे दिया है कि अब नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सामूहिक कार्रवाई की सबसे बड़ी विशेषता यह होती है कि इससे अपराधियों को संभलने या सबूत मिटाने का अवसर नहीं मिलता। यही कारण है कि पुलिस की इस कार्रवाई से नशा तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने 12.59 ग्राम चिट्टा, 13.8 किलोग्राम चूरा-पोस्त, 70 ग्राम अफीम, 14,250 मिलीलीटर अवैध शराब तथा 2.31 लाख रुपये से अधिक की नकदी बरामद की है। भले ही बरामदगी का आंकड़ा बहुत बड़ा न दिखाई दे, लेकिन इस अभियान का वास्तविक उद्देश्य नशा तस्करों के नेटवर्क को तोड़ना और उनके मन में कानून का भय पैदा करना है। इस दृष्टि से देखा जाए तो पुलिस अपने प्रयासों में काफी हद तक सफल दिखाई देती है।

दूसरी ओर, शिमला पुलिस द्वारा चिट्टा तस्करी के एक बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जाना भी एक बड़ी उपलब्धि है। हरियाणा के फरीदाबाद से मुख्य सप्लायर की गिरफ्तारी इस बात का प्रमाण है कि नशे का कारोबार अब स्थानीय सीमाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह कई राज्यों में फैले संगठित अपराध का रूप ले चुका है। जांच में सामने आया है कि केवल तीन महीनों में इस नेटवर्क के माध्यम से लगभग सवा करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ। यह आंकड़ा बेहद चिंताजनक है और बताता है कि हिमाचल में नशे का कारोबार कितनी तेजी से फैल रहा है।

सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि तस्कर अब नशे की सप्लाई के लिए अत्याधुनिक और चालाक तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। दूध और कुरकुरे के पैकेटों में चिट्टा छिपाकर उसकी सप्लाई करना इस बात का उदाहरण है कि अपराधी पुलिस की निगरानी से बचने के लिए कितनी नई-नई तरकीबें अपना रहे हैं। आरोपी खाद्य पदार्थों के खाली पैकेटों में नशा रखकर उसकी वीडियो बनाता था और मुख्य संचालकों को भेजता था। भुगतान की पुष्टि होने के बाद खरीदारों को लोकेशन भेजी जाती थी, जहां से वे नशे की खेप उठा लेते थे। तस्करी की दुनिया में इस तकनीक को 'डेड ड्रॉप सिस्टम' कहा जाता है। यह तरीका न केवल पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण है, बल्कि यह दर्शाता है कि नशे के कारोबार में तकनीक और संगठित अपराध का गठजोड़ लगातार मजबूत हो रहा है।

हैरानी की बात यह है कि मुख्य आरोपी पिछले एक वर्ष में करीब 50 बार शिमला आया और हर बार वह नशे की खेप पहुंचाकर कमीशन प्राप्त करता रहा। इसका अर्थ है कि यह नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था और बड़ी संख्या में युवाओं तक नशा पहुंचा रहा था। यदि समय रहते इसका पर्दाफाश नहीं होता तो स्थिति और भी भयावह हो सकती थी। पुलिस के आंकड़े भी इस गंभीर समस्या की ओर संकेत करते हैं। इस वर्ष अब तक 37 ड्रग सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जा चुका है। साथ ही लगभग दो किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी है। बैकवर्ड लिंकेज के आधार पर 48 आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई है, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या केवल सात थी। ये आंकड़े दो बातें स्पष्ट करते हैं। पहली, पुलिस पहले की तुलना में कहीं अधिक सक्रिय और प्रभावी ढंग से काम कर रही है। दूसरी, नशा तस्करों का नेटवर्क भी तेजी से फैल रहा है और उसके तार प्रदेश से बाहर तक जुड़े हुए हैं।

हिमाचल प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में चिट्टे का बढ़ता प्रचलन प्रदेश के लिए गंभीर सामाजिक संकट बन गया है। सबसे दुखद पहलू यह है कि इसकी चपेट में बड़ी संख्या में युवा आ रहे हैं। नशा न केवल उनके स्वास्थ्य को बर्बाद कर रहा है, बल्कि परिवारों को भी आर्थिक और मानसिक रूप से तबाह कर रहा है। अनेक परिवार अपने बच्चों को इस दलदल में खो चुके हैं और कई घरों में भविष्य की उम्मीदें समाप्त हो चुकी हैं।

ऐसी स्थिति में केवल पुलिस कार्रवाई ही पर्याप्त नहीं होगी। नशे के खिलाफ लड़ाई को जन आंदोलन का रूप देना होगा। समाज, परिवार, शिक्षण संस्थान और पंचायतों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। युवाओं को खेल, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना भी आवश्यक है ताकि वे गलत रास्ते की ओर न बढ़ें।

निस्संदेह आने वाले समय में पुलिस के सामने चुनौतियां और बढ़ सकती हैं। तस्कर नए तरीके अपनाएंगे और अपने नेटवर्क को और मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। लेकिन यदि पुलिस इसी तरह ईमानदारी, सतर्कता और दृढ़ता के साथ कार्रवाई जारी रखती है तो नशा माफिया की कमर तोड़ी जा सकती है। हिमाचल के युवाओं को बचाने और प्रदेश के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए यह लड़ाई हर हाल में जीतनी होगी।

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ

**बंडारू दत्तात्रेय** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं। उनका जन्म 12 जून 1947 को हैदराबाद में हुआ। उन्होंने ओस्मानिया यूनिवर्सिटी से बीएससी की शिक्षा प्राप्त की। बंडारू दत्तात्रेय ने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रचारक के रूप में की। आपातकाल के दौरान उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। वर्ष 1980 में उन्होंने भारीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और आंध्र प्रदेश इकाई में सचिव के रूप में कार्य किया। बाद में वे दो बार प्रदेश अध्यक्ष तथा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रहे।



बंडारू दत्तात्रेय
जन्म : 12 जून, 1947

अपने सरल स्वभाव और जनता से निकट संबंधों के कारण उन्हें गृहक्षेत्र में 'पीपुल्स लीडर' के नाम से जाना जाता है। उनका संसदीय राजनीतिक सफर वर्ष 1991 में शुरू हुआ, जब वे पहली बार 10वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। इसके बाद 1998 में पुन: सांसद चुने गए और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में शहरी विकास मंत्री बने। वर्ष 1999 में फिर लोकसभा पहुंचे और केंद्रीय रेल राज्यमंत्री का दायित्व संभाला।

वर्ष 2014 में उन्होंने तेलंगाना की सिकंदराबाद सीट से जीत दर्ज की और नरेंद्र मोदी सरकार में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार संभाला। उनके कार्यकाल में श्रमिक कल्याण और रोजगार संबंधी अनेक पहलें शुरू की गईं। राजनीतिक और सामाजिक जीवन में लंबे अनुभव के बाद 7 जुलाई 2021 को उन्हें हरियाणा का राज्यपाल नियुक्त किया गया। जनसेवा, संगठन क्षमता और लंबे राजनीतिक अनुभव के कारण बंडारू दत्तात्रेय भारतीय राजनीति के महत्वपूर्ण नेताओं में गिने जाते हैं।



कविता

### हरे पत्ते

सुभाष चंद काशव, टीजीटी (हिंदी)
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, लड्डा, जिला चंबा

हरे-हरे ये प्यारे पत्ते, लगते जैसे सपने सच्चे।
डाली-डाली झूम रहे हैं, धरती के ये सुंदर बच्चे।
सुबह-सुबह जब ओस नहाए, मोती जैसी चमक दिखाएं।
मंद पवन के संग लहराकर, मन में नई उमंग जगाएं।
धूप सुनहरी जब मुस्काए, इन पर रंग अनोखे छाए।
हरियाली का संदेशा लेकर, जीवन की खुशियां बरसाए।
पक्षी इनकी छांव में गाएं, राहगीरों को सुख पहुंचाएं।
शुद्ध हवा का उपहार देकर, सबका जीवन महकाएं।
हरे पत्ते कहते हमसे, पेड़ों का सम्मान करो।
धरती मां की हरियाली को, मिलकर और महान करो।
आओ हम सब वृक्ष लगाएं, हर आंगन हरियाली लाएं।
हरे पत्तों की मुस्कानों से, सुंदर अपना देश बनाएं।

# निर्भीक निडर : हिमाचल में ईको-पर्यटन को मिलेगी नई ऊंचाई

हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य को पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पर्यटन को प्रदेश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख स्तंभ मानते हुए सरकार की ओर से ईको, साहसिक और धार्मिक पर्यटन को एकीकृत रूप से विकसित किया जा रहा है। यही नहीं, आधुनिक अधोसंरचना और पर्यावरण अनुकूल परियोजनाओं से प्रदेश का हर कोना पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है।



आरएस बाली (जानू)
टूरिज्म कैबिनेट मिनिस्टर रैंक
हिमाचल प्रदेश सरकार
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इसी कड़ी में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए सरकार ने कांगड़ा जिले के देहरा उपमंडल के बनखंडी में दुर्गेश अरण्य वन्य प्राणी उद्यान की स्थापना का कार्य आरंभ किया है। यह उद्यान 180 हेक्टेयर में फैला होगा और इसे तीन चरणों में लगभग 619 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से विकसित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का पहला चरण जून 2025 तक पूर्ण कर लिए जाने का लक्ष्य है।

उद्यान में बनने वाली वॉक-इन एवियरी, मोनोरेल सफारी, वॉक-इन एक्वेरियम और नेचुरल ट्रेल जैसी सुविधाएं इसे देश के अन्य वन्यजीव उद्यानों से विशिष्ट बनाएंगी। पहले चरण में बाघ और शेर के बाड़े विकसित किए जाएंगे। दूसरे और तीसरे चरण में भालू, तेंदुआ और हिम तेंदुआ जैसे वन्य प्राणियों के लिए विशेष खंड बनाए जाएंगे।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने कांगड़ा को प्राकृतिक, धार्मिक और साहसिक पर्यटन की दृष्टि से विशेष विकास क्षेत्र घोषित कर, इसे प्रदेश की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। इसके साथ-साथ कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रभावित परिवारों को मुआवजा एवं भूमि अधिग्रहण की मंजूरी मंत्रिमंडल की ओर से दी जा चुकी है, जिससे इस क्षेत्र को देश और विदेश के पर्यटकों के लिए और अधिक सुलभ बनाया जा सकेगा।

राज्य में पर्यटकों की आसान पहुंच के लिए हवाई संपर्क को सशक्त किया जा रहा है। कुल 16 नए हेलिपोर्ट्स विकसित किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिनमें प्रथम चरण में हमीरपुर (जसकोट), कांगड़ा (रक्कड़, पालमपुर), चंबा (सुल्तानपुर), कुल्लू (आलू ग्राउंड, मनाली), किन्नौर (शारबो) और लाहौल-स्पीति (जिस्पा, सिस्सू, रंगरीक) शामिल हैं। शिमला-धर्मशाला के बीच उड़ानों का साप्ताहिक संचालन भी सुनिश्चित किया गया है।

राज्य सरकार की ओर से किए जा रहे अन्य प्रयासों के तहत बिलासपुर के औहर में 33.75 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया पर्यटक परिसर तैयार किया जा रहा है, जिसमें होटल ब्लॉक, फूड कोर्ट और मनोरंजन गतिविधियां शामिल होंगी।




विश्व पैराग्लाइडिंग कप 2024 का आयोजन कांगड़ा के बीड़-बिलिंग में किया गया, जिससे क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। पौंग बांध के लिए विशेष मास्टर प्लान बनाया गया है ताकि उसका सतत और पर्यावरण अनुकूल विकास किया जा सके। लाहौल-स्पीति और किन्नौर के दुर्गम पर्यटन स्थलों जैसे चंद्रताल, काजा, तांदी, रक्छम और नाको-चांगो-खाब को भी योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जा रहा है। शिमला के समीप हसन घाटी में स्काईवॉक ब्रिज निर्माण की योजना बनाई गई है। गोबिंदसागर झील में जल क्रीड़ा और विभिन्न क्षेत्रों में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए 'ग्रीन हिमाचल' अभियान के तहत उपनगरीय और शहरी क्षेत्रों में जैव विविधता पार्क, नदी किनारे हरित पार्क और रोपवे प्रणाली के विकास का कार्य किया जा रहा है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन सुविधाओं का विस्तार करना है।

हमीरपुर के दियोटसिद्ध मंदिर के लिए टैक्सी पार्किंग से मंदिर तक रज्जू मार्ग (रोपवे) स्थापित करने का निर्णय भी इसी दिशा में लिया गया है। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी, यातायात का दबाव कम होगा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। राज्य सरकार बागबानी को भी पर्यटन से जोड़ने की योजना पर कार्य कर रही है।

बड़े बाग-बगीचों और उनके समूहों को ग्रामीण पर्यटन की दृष्टि से विकसित कर पर्यटकों को हिमाचल के प्राकृतिक स्वाद, स्थानीय उत्पादों और ग्रामीण जीवनशैली से परिचित कराया जाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी।

वर्ष 2024 में हिमाचल प्रदेश में 1,00,87,440 पर्यटकों का आगमन हुआ, जो अब तक का एक रिकॉर्ड है। यह बढ़ती संख्या राज्य सरकार की पर्यटन विकास रणनीति, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन मॉडल की सफलता को दर्शाती है। पर्यटन क्षेत्र में हो रहे निरंतर निवेश से राज्य की आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिला है।

दुर्गेश अरण्य वन्य प्राणी उद्यान जैसी परियोजनाएं हिमाचल प्रदेश को पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन विकास का आदर्श मॉडल बना रही हैं। जैव विविधता के संरक्षण, हरित परिवहन और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने वाली ये पहलें राज्य के संतुलित विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। हर क्षेत्र में समन्वित और दूरदर्शी योजनाओं के साथ सरकार राज्य को हरित, समृद्ध और पर्यटन के अनुकूल भविष्य की ओर अग्रसर कर रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शिमला समर फेस्टिवल... हिमाचली परंपरा और संस्कृति का उत्सव

हिमालय की गोद में बसा शिमला इन दिनों फिर से रंगों, संगीत और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर है। शिमला समर फेस्टिवल 2026 के आरंभ के साथ ही ऐतिहासिक रिज मैदान पर लोक संस्कृति, कला और परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, सोलन
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

देश-विदेश से आए पर्यटकों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति ने इस उत्सव को हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का प्रमुख मंच बना दिया है। यह केवल मनोरंजन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिमाचली संस्कृति, सामाजिक एकता और लोक परंपराओं के संरक्षण का जीवंत उत्सव है।

समर फेस्टिवल की शुरुआत वर्ष 1960 में हुई थी। तब से यह आयोजन हिमाचल की सांस्कृतिक धरोहर को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का माध्यम बना हुआ है। वर्ष 2026 का आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्वीकरण और आधुनिक जीवनशैली के प्रभाव से स्थानीय संस्कृतियां नई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। ऐसे में यह उत्सव सांस्कृतिक पहचान को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

इस वर्ष उत्सव के आरंभ के साथ ही रिज मैदान पर पारंपरिक हिमाचली लोकनृत्य नाटी की गूंज सुनाई दी। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। नाटी केवल एक लोकनृत्य नहीं, बल्कि हिमाचल की सामूहिक चेतना, सामाजिक संबंधों और लोक जीवन का प्रतीक है। सैकड़ों कलाकारों का सामूहिक प्रदर्शन प्रदेश की सांस्कृतिक एकता और सामुदायिक भावना को दर्शाता है।

समर फेस्टिवल का सबसे बड़ा सांस्कृतिक महत्व यह है कि यह प्रदेश की विविध लोक परंपराओं को एक मंच पर लाता है। कांगड़ा, कुल्लू, चंबा, सिरमौर, मंडी, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जैसे क्षेत्रों के कलाकार अपनी लोक कलाओं, गीतों और नृत्यों के माध्यम से हिमाचल की सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन करते हैं। इससे सांस्कृतिक एकता और पारस्परिक समझ को बढ़ावा मिलता है।



वर्तमान समय में जब युवा वर्ग तेजी से आधुनिक संस्कृति की ओर आकर्षित हो रहा है, तब ऐसे उत्सवों का महत्व और बढ़ जाता है। लोक संगीत, पारंपरिक वाद्ययंत्र, पहाड़ी गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां युवाओं को उनकी जड़ों से जोड़ती हैं। यह उत्सव आधुनिकता और सांस्कृतिक विरासत के बीच संतुलन स्थापित करने का संदेश देता है। शिमला समर फेस्टिवल स्थानीय कलाकारों के लिए भी एक बड़ा अवसर है। लोक कलाकार, गायक, नर्तक और शिल्पकार इस मंच के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे उन्हें पहचान मिलती है तथा उनकी कला को संरक्षण प्राप्त होता है। कई कलाकारों के लिए यह मंच राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का माध्यम बनता है। हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों की प्रदर्शनियां भी उत्सव का प्रमुख आकर्षण हैं। चंबा रूमाल, किन्नौरी शॉल, कुल्लू टोपी, लकड़ी की नक्काशी और पारंपरिक आभूषण पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। इससे स्थानीय कारीगरों को बेहतर बाजार और आर्थिक अवसर प्राप्त होते हैं।

पर्यटन की दृष्टि से भी यह उत्सव अत्यंत महत्वपूर्ण है। समर फेस्टिवल के कारण शिमला आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ती है, जिससे स्थानीय व्यापार, होटल उद्योग और परिवहन क्षेत्र को लाभ मिलता है। इस वर्ष के आयोजन में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को भी विशेष महत्व दिया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ लोगों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

कुल मिलाकर, शिमला समर फेस्टिवल 2026 केवल एक वार्षिक उत्सव नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक आत्मा का उत्सव है। रिज मैदान पर गूंजते लोकगीत, नाटी की थाप, पारंपरिक वेशभूषाओं की रंगत और पर्यटकों का उत्साह यह संदेश देता है कि संस्कृति केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान की शक्ति और भविष्य की प्रेरणा भी है। यही इस उत्सव का सबसे बड़ा सांस्कृतिक महत्व है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पीएम मोदी ने बनाया जनविश्वास, विकास और वैश्विक नेतृत्व का नया कीर्तिमान

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में कुछ उपलब्धियां केवल राजनीतिक घटनाएं नहीं होतीं, बल्कि वे राष्ट्र की सामूहिक चेतना, जनता के विश्वास और विकास की दिशा को परिभाषित करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री पद पर निरंतर कार्य करते हुए देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के लंबे समय से स्थापित कीर्तिमान को पीछे छोड़ना ऐसा ही एक ऐतिहासिक क्षण है। यह उपलब्धि केवल समय की नहीं, बल्कि जनसमर्थन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की कहानी है।



श्रेय अवस्थी
सह-संयोजक, सामाजिक मीडिया विभाग, भाजपा (हि.प्र.)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने लोकतांत्रिक संस्थाओं, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखी। उनके कार्यकाल में अनेक राष्ट्रीय संस्थानों की स्थापना हुई और नवस्वतंत्र भारत ने विकास की अपनी प्रारंभिक यात्रा प्रारंभ की। राष्ट्र उनके योगदान का सदैव सम्मान करता रहेगा। 21वीं सदी के भारत की चुनौतियां और आकांक्षाएं भिन्न थीं। देश को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता थी जो त्वरित निर्णय लेने वाला, वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस भूमिका को निभाते हुए भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने गरीब कल्याण, आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, विज्ञान, अंतरिक्ष, संस्कृति और वैश्विक कूटनीति के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। डिजिटल इंडिया अभियान ने भारत को तकनीकी क्रांति का वैश्विक उदाहरण बनाया है। यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ने पारदर्शिता तथा सुशासन को नई मजबूती प्रदान की है।



विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी भारत ने नई उपलब्धियां हासिल की हैं। चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बनाया। आदित्य-एल1 अभियान, गगनयान की तैयारियां और अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी को बढ़ावा देने जैसे कदम भारत के वैज्ञानिक आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में सीमावर्ती आधारभूत संरचना के विस्तार, सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण तथा रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के प्रयासों ने भारत की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया है।

आधारभूत संरचना के विकास में भी नए राष्ट्रीय राजमार्गों, वंदे भारत रेलगाड़ियों, हवाई अड्डों और संपर्क सुविधाओं के विस्तार ने विकास को नई गति प्रदान की है। सांस्कृतिक और राष्ट्रीय गौरव के क्षेत्र में भी यह कालखंड महत्वपूर्ण रहा है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारतीय सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बनकर उभरा है। भारतीय संस्कृति, योग और सभ्यतागत मूल्यों को वैश्विक मंच पर नई पहचान मिली है। संवैधानिक दृष्टि से अनुच्छेद 370 को समाप्त करना तथा महिला आरक्षण कानून पारित करना भी महत्वपूर्ण निर्णयों में शामिल हैं।

कोरोना महामारी के दौरान भारत ने विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक संचालित किया। विदेश नीति के क्षेत्र में भी भारत की प्रतिष्ठा नई ऊंचाइयों तक पहुंची है। प्रधानमंत्री मोदी को विभिन्न देशों द्वारा 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है, जो भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक हैं।

जी-20 की सफल अध्यक्षता ने भारत की कूटनीतिक क्षमता को विश्व के सामने स्थापित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्थापित यह नया कीर्तिमान करोड़ों भारतीयों के विश्वास, विकसित भारत के संकल्प और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली राजनीति का प्रतीक है। आज भारत अमृतकाल की यात्रा में विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर दृढ़ता से अग्रसर है और यह उपलब्धि भारतीय लोकतंत्र के स्वर्णिम अध्यायों में सदैव स्मरणीय रहेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कांग्रेस में अनुशासन, संवाद और राजनीतिक मतभेदों की चुनौती

लोकतंत्र में विचारों का आदान-प्रदान और मतभेद स्वाभाविक प्रक्रिया का हिस्सा हैं। किसी भी राजनीतिक दल में विभिन्न नेताओं के बीच नीतियों, कार्यशैली और संगठनात्मक निर्णयों को लेकर अलग-अलग राय हो सकती है। महत्वपूर्ण यह है कि इन मतभेदों का समाधान संवाद, अनुशासन और लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप किया जाए। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में हाल के दिनों में सामने आए घटनाक्रम ने इसी विषय को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर (कांगड़ा)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी नीरज भारती द्वारा सोशल मीडिया पर व्यक्त किए गए विचारों और राज्य सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर उठाए गए सवालों ने राजनीतिक हलकों में व्यापक चर्चा को जन्म दिया। दूसरी ओर कांग्रेस संगठन ने भी अपने दृष्टिकोण के अनुसार अनुशासन बनाए रखने को प्राथमिकता दी। परिणामस्वरूप यह मुद्दा केवल व्यक्तिगत मतभेद तक सीमित न रहकर संगठनात्मक अनुशासन और राजनीतिक संवाद का विषय बन गया।

किसी भी राजनीतिक दल की सफलता उसकी एकजुटता और सामूहिक नेतृत्व पर निर्भर करती है। कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दल में संगठनात्मक संरचना और अनुशासन को विशेष महत्व दिया जाता है। यदि किसी नेता को सरकार या संगठन की कार्यप्रणाली को लेकर आपत्ति हो, तो उसके लिए पार्टी मंचों पर अपनी बात रखने की व्यवस्था होती है। वहीं दूसरी ओर नेताओं की चिंताओं और सुझावों को भी गंभीरता से सुना जाना आवश्यक होता है, क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में संवाद ही सबसे प्रभावी समाधान माना जाता है।

हालिया विवाद के दौरान सोशल मीडिया एक प्रमुख मंच बनकर उभरा। आज के डिजिटल युग में नेताओं के वक्तव्य कुछ ही क्षणों में व्यापक जनचर्चा का विषय बन जाते हैं। ऐसे में सार्वजनिक मंचों पर दिए गए बयानों का प्रभाव केवल संबंधित व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि संगठन और सरकार की छवि पर भी पड़ता है। इसलिए राजनीतिक दलों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि मतभेदों को सार्वजनिक विवाद बनने से पहले आपसी बातचीत के माध्यम से सुलझाया जाए।



इस पूरे घटनाक्रम में कई प्रकार की राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आईं। समर्थकों और विरोधियों ने अपने-अपने दृष्टिकोण से तर्क प्रस्तुत किए। हालांकि लोकतांत्रिक मूल्यों की दृष्टि से यह आवश्यक है कि किसी भी विषय पर चर्चा तथ्यों, मर्यादा और शालीनता के साथ हो। व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप अक्सर मूल मुद्दों को पीछे छोड़ देते हैं और जनता का ध्यान वास्तविक नीतिगत बहस से हट जाता है।

राजनीतिक मतभेदों का समाधान संगठनात्मक मंचों पर हो और विकास से जुड़े मुद्दे प्राथमिकता में बने रहें। यह भी सत्य है कि किसी भी दल में समय-समय पर मतभेद उत्पन्न होते हैं, लेकिन मजबूत संगठन वही माना जाता है जो संवाद और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से इन चुनौतियों का समाधान निकाल सके। कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक दलों के लिए यह अवसर है कि वे संगठनात्मक एकता को मजबूत करें और कार्यकर्ताओं तथा नेताओं के बीच बेहतर संवाद स्थापित करें।

बहरहाल, लोकतंत्र की शक्ति संवाद, सहमति और आपसी सम्मान में निहित है। राजनीतिक मतभेदों का समाधान सकारात्मक और रचनात्मक तरीके से होना चाहिए। जनता की अपेक्षा भी यही है कि राजनीतिक नेतृत्व व्यक्तिगत विवादों से ऊपर उठकर प्रदेश के विकास, सुशासन और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दे। यही स्वस्थ लोकतंत्र और मजबूत राजनीतिक व्यवस्था की पहचान है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## जेमिमा रोड्रिक्स का कातिलाना अंदाज

**नई दिल्ली।** जेमिमा रोड्रिक्स दुनिया की सबसे खूबसूरत क्रिकेटरों में से एक है। वह काफी चुलबुली और बबली हैं। उसका यह अंदाज सबको दिवाना बना देता है। जेमिमा एक बेहतरीन डांसर, सिंगर और गिटारिस्ट भी हैं।



## स्पोर्ट्स विंडो

### श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 पुरुष और महिला टीमों का ऐलान

◆ यशवर्धन सिंह चौहान होंगे कप्तान, भविका अहिरे को महिला टीम की कमान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर क्रिकेट समिति ने आगामी श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 पुरुष टीम की वीरवार को घोषणा कर दी। इस दौरे में भारतीय टीम तीन एकदिवसीय और दो बहु-दिवसीय मुकाबले खेलेगी। यशवर्धन सिंह चौहान को दोनों प्रारूपों के लिए टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि लक्ष्य रायचंदानी उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। दौरे के सभी एकदिवसीय मुकाबले हम्बनटोटा में खेले जाएंगे, जबकि बहु-दिवसीय मैच गॉल और कोलंबो में आयोजित होंगे। यह दौरा युवा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभव हासिल करने और भविष्य की भारतीय टीम के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।
वहीं, भारतीय महिला अंडर-19 टीम के चयनकर्ताओं ने वीरवार को भारत दौरे पर आने वाली श्रीलंका महिला अंडर-19 टीम के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए भारतीय टीमों की घोषणा कर दी है। इस दौरे में तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मुकाबले खेले जाएंगे। दोनों प्रारूपों में विकेटकीपर बल्लेबाज भविका अहिरे को कप्तान बनाया गया है, जबकि महक नरवसे को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टी20 और एकदिवसीय टीमों में अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है, हालांकि एकदिवसीय टीम में कुछ बदलाव किए गए हैं। यह श्रृंखला युवा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा अवसर मानी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### एनसीएए चैंपियनशिप : जा'कोबे थार्प ने 110 मीटर बाधा दौड़ में तोड़ा विश्व रिकॉर्ड



**एजेंसी, यूजीन (अमेरिका)।** अमेरिका के युवा एथलीट जा'कोबे थार्प ने एनसीएए आउटडोर चैंपियनशिप के हीट मुकाबले में वीरवार को पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ का नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया। ऑबर्न विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे थार्प ने 12.75 सेकंड का समय निकाला और पूर्व विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड अमेरिका के एरीज़ मेरिट के नाम था, जिन्होंने वर्ष 2012 में 12.80 सेकंड का समय दर्ज किया था। विश्व रिकॉर्ड बनाने के बाद थार्प ने कहा, 'मैंने ऐसा करने की योजना नहीं बनाई थी। सच कहूं तो मेरा ऐसा इरादा नहीं था।' पांचवीं लेन में दौड़ शुरू करने वाले 20 वर्षीय थार्प शुरुआत में थोड़े धीमे नजर आए, लेकिन तीसरी बाधा पार करने के बाद उन्होंने बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने शानदार गति पकड़ी और दमदार अंदाज में दौड़ समाप्त की। थार्प ने कहा, 'मुझे पता था कि इस प्रतियोगिता तक पहुंचते-पहुंचते मेरी तैयारी बहुत अच्छी हो जाएगी, क्योंकि हमने इसी प्रतियोगिता के लिए अपनी फिटनेस को चरम स्तर तक पहुंचाने की योजना बनाई थी। मुझे विश्वास था कि मैं कुछ असाधारण कर सकता हूं, बस उसे सही तरीके से अमल में लाना था।' थार्प ने इससे पहले वर्ष 2024 अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक भी जीता था। हालांकि, थार्प के इस विश्व रिकॉर्ड को अभी विश्व एथलेटिक्स की आधिकारिक मंजूरी मिलना बाकी है। (अनंत ज्ञान)

### इंग्लैंड, पुर्तगाल और अल्जीरिया ने जीत के साथ भरी फीफा विश्व कप की उड़ान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप से पहले खेले गए अंतिम अभ्यास मुकाबलों में इंग्लैंड, पुर्तगाल और अल्जीरिया ने जीत दर्ज कर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। तीनों टीमों ने प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ टूर्नामेंट से पहले आत्मविश्वास हासिल किया। इंग्लैंड ने फ्लोरिडा के ऑरलैंडो में खेले गए मुकाबले में कोस्टा रिका को 3-0 से हराया। मौसम खराब होने के कारण मैच एक घंटे देरी से शुरू हुआ, लेकिन इंग्लैंड ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। डेक्लान राइस ने नौवें मिनट में खाता खोला, जबकि दूसरे हाफ में एंथनी गॉर्डन और अंत में ओली वॉटकिंस ने गोल कर जीत सुनिश्चित की। इंग्लैंड की पिछले 10 मैत्री मैचों में यह चौथी जीत रही। अब उसका सामना ग्रुप एल में क्रोएशिया से होगा। पुर्तगाल ने लीरिया में नाइजीरिया को 2-1 से हराया। क्रिस्टियानो रोनाल्डो गोल नहीं कर सके, लेकिन टीम के आक्रमण में सक्रिय रहे। पेड्रो नेटो और फ्रांसिस्को कॉन्सेसाओ के गोलों की बदौलत पुर्तगाल ने जीत दर्ज की। रॉबर्टो मार्टिनेज की टीम लगातार पांचवें मैच में अपराजित रही। अल्जीरिया ने सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए बोलिविया को 4-0 से रौंद दिया। ऐसा मांडी ने पहला गोल किया, जबकि दूसरे हाफ में अमीन गुइरी ने दो और अनीस हदज मूसा ने एक गोल दागकर जीत को शानदार बना दिया। अब सभी अभ्यास मुकाबले समाप्त हो चुके हैं और दुनिया की नजरें फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप चरण पर टिकी हैं, जहां टीमें खिताब की जंग के लिए तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)

## पहली बार 12 टीमें और 33 मैच, 14 जून को भारत-पाक के बीच होगा महामुकाबला

# महिला टी-20 वर्ल्डकप महाकुंभ आज से



**एजेंसी, नई दिल्ली**

10वां वुमंस टी-20 वर्ल्ड कप 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में शुरू होगा। पहला मुकाबला इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। फाइनल 5 जुलाई को लॉर्ड्स में होगा। इस बार 12 टीमें 24 दिनों में 33 मुकाबले खेलेंगी। यह अब तक का सबसे बड़ा विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप होगा। टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन न्यूजीलैंड है। टीम ने 2024 में पहली बार खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलिया 6 ट्रॉफी के साथ टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है।

भारत कभी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। टीम ने 4 बार सेमीफाइनल और एक बार फाइनल में जगह बनाई है। भारत इस बार ग्रुप ऑफ डेथ में है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका जैसी टीमें हैं। भारत का पहला मैच 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान से होगा। 2009 में पहली बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप इंग्लैंड में हुआ था। टूर्नामेंट में 8 टीमें शामिल थीं। मेजबान इंग्लैंड ही पहली चैंपियन बनी थी। शुरुआती 3 वर्ल्ड कप तक 8 टीमें खेलती थीं। 2014 से टीमों की संख्या बढ़कर 10 हुई। 2026 में पहली बार 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इंग्लैंड 17 साल बाद वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहा है। 12 टीमों को 6-6 के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप स्टेज में सभी टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी। इसके बाद दोनों ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल जीतने वाली टीम फाइनल खेलेगी। भारत का अभियान कब शुरू होगा? भारतीय टीम 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। टीम का सबसे बड़ा मुकाबला 28 जून को ऑस्ट्रेलिया से होगा। 21 जून को भारत और साउथ अफ्रीका आमने-सामने होंगे। ग्रुप को इस बार 'ग्रुप ऑफ डेथ' कहा जा रहा है। इसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका जैसी मजबूत टीमें हैं। भारतीय टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी। स्क्वॉड में स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और श्रेयांका पाटिल जैसे खिलाड़ी हैं। (अनंत ज्ञान)

### टीम इंडिया के मैचों का शेड्यूल

| तारीख | मुकाबला | स्थान | समय |
|---|---|---|---|
| 14 जून | भारत vs पाकिस्तान | बर्मिंघम | शाम 7:00 बजे |
| 17 जून | भारत vs नीदरलैंड्स | लीड्स | शाम 7:00 बजे |
| 21 जून | भारत vs द. अफ्रीका | मैनचेस्टर | शाम 7:00 बजे |
| 25 जून | भारत vs बांग्लादेश | मैनचेस्टर | शाम 7:00 बजे |
| 28 जून | भारत vs ऑस्ट्रेलिया | लंदन | शाम 7:00 बजे |

इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा आज पहला मुकाबला

# 100 प्रभावशाली खेल हस्तियों में स्मृति मंधाना का जलवा

◆ महिला क्रिकेट को नई ऊंचाई दे रहीं स्मृति मंधाना
◆ लेब्रन जेम्स शिक्षा अभियान से बदल रहे बच्चों का भविष्य
◆ मेसी, अल्काराज और हालैंड भी सूची में शामिल

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन ने पहली बार खेल जगत की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों की सूची जारी की है। सूची में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ओपनर स्मृति मंधाना के साथ बास्केटबॉल महानायक लेब्रन जेम्स, फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी, टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज और नॉर्वे के गोल मशीन एरलिंग हालैंड शामिल हैं।



स्मृति मंधाना ने अपने रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन से महिला क्रिकेट को नई पहचान दी है। वह घरेलू वनडे में दोहरा शतक लगाने, तीनों अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में शतक जड़ने और एक वर्ष में 1,000 से अधिक वनडे रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। उनकी कप्तानी में आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के खिताब जीते, जबकि भारत ने महिला विश्व कप भी अपने नाम किया।

41 वर्षीय लेब्रन जेम्स उम्र के इस पड़ाव पर भी एनबीए में रिकॉर्ड कायम कर रहे हैं। चार बार के एनबीए चैंपियन लेब्रन खेल के साथ समाज सेवा में भी सक्रिय हैं। उनका 'आई प्रॉमिस स्कूल' ड्रॉपआउट बच्चों को दोबारा शिक्षा से जोड़ने का काम कर रहा है।

मेसी ने इंटर मियामी से जुड़कर अमेरिका में फुटबॉल की लोकप्रियता को नई ऊंचाई दी है। वहीं स्पेन के 23 वर्षीय कार्लोस अल्काराज को आधुनिक टेनिस का सबसे चमकता सितारा माना जा रहा है। दूसरी ओर, मैनचेस्टर सिटी के स्ट्राइकर एरलिंग हालैंड लगातार गोलों की बरसात कर फुटबॉल की दुनिया में अपना दबदबा बनाए हुए हैं। टाइम के अनुसार, ये खिलाड़ी केवल मैदान पर ही नहीं, बल्कि कारोबार, संस्कृति और सामाजिक बदलाव के जरिए भी दुनिया को प्रभावित कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# रोहित-विराट की मौजूदगी में गौतम नहीं बना पा रहे गंभीर योजनाएं

◆ बीसीसीआई के संपर्क में हैं दोनों खिलाड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम 2027 वनडे विश्व कप की तैयारियों में जुटी है, लेकिन टीम निर्माण को लेकर कई स्तरों पर असमंजस बना हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुख्य कोच गौतम गंभीर वनडे टीम में अपनी योजनाओं को उतनी स्वतंत्रता से लागू नहीं कर पा रहे हैं, जितनी टेस्ट और टी20 प्रारूप में करते हैं। इसकी बड़ी वजह वरिष्ठ खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली की मौजूदगी बताई जा रही है।



रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दोनों दिग्गज 2027 विश्व कप खेलने के इच्छुक हैं और भविष्य की योजनाओं को लेकर बीसीसीआई नेतृत्व के संपर्क में हैं। ऐसे में मुख्य कोच गौतम गंभीर, मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और कप्तान शुभमन गिल को टीम संयोजन को लेकर संतुलन साधना पड़ रहा है। रोहित और विराट ने 2024 टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। इसके बाद दोनों टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह चुके हैं। हालांकि, वनडे क्रिकेट और आईपीएल में उनका प्रदर्शन लगातार प्रभावशाली रहा है। 2027 विश्व कप के दौरान रोहित 40 और विराट 39 वर्ष के होंगे, लेकिन मौजूदा फॉर्म को देखते हुए उम्र फिलहाल उनके लिए बाधा नहीं दिख रही।

पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने भारत के सफेद गेंद के प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया और सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। भारत और अफगानिस्तान के बीच प्रस्तावित वनडे सीरीज से पहले रोहित ने फिटनेस और बल्लेबाजी पर जमकर काम किया। (अनंत ज्ञान)

## वनडे रैंकिंग में भारतीय पुरुष टीम का दबदबा बरकरार

**एजेंसी, दुबई।** भारत वार्षिक अपडेट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पुरुषों की वनडे टीम रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है, लेकिन न्यूजीलैंड पर उसकी बढ़त आठ अंक से घटकर सिर्फ पांच अंक की रह गई है। भारत के अंक 119 से घटकर 118 हो गए हैं, जबकि न्यूजीलैंड के दो अंक के फायदे से 113 अंक हैं। मौजूदा विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 109 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। शीर्ष 10 टीम में एकमात्र बदलाव में दक्षिण अफ्रीका (102) ने पाकिस्तान (98) को पछाड़कर चौथा स्थान हासिल कर लिया है। नौवें स्थान पर मौजूद बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के बीच अंतर अब बढ़कर 10 अंक का हो गया है। आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को पीछे छोड़कर 11वां स्थान हासिल किया है, जबकि अमेरिका भी स्कॉटलैंड से आगे निकलकर 13वें स्थान पर है। संयुक्त अरब अमीरात अब कनाडा से आगे 19वें स्थान पर है। (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलिया की टी-20 टीम में भारतीय क्रिकेटर निखिल चौधरी को मिला मौका

◆ ट्रैविस हेड की जगह टीम में शामिल, बांग्लादेश दौरे पर कर सकते हैं अंतरराष्ट्रीय पदार्पण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत में जन्मे लेग स्पिन ऑलराउंडर निखिल चौधरी को पहली बार ऑस्ट्रेलिया की टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। तस्मानिया और होबार्ट हरिकेंस के लिए खेलने वाले 30 वर्षीय निखिल को आराम दिए गए ट्रैविस हेड की जगह टीम में मौका मिला है।



निखिल इससे पहले भारत में पंजाब के लिए घरेलू क्रिकेट खेल चुके हैं। उन्होंने 2017 से 2019 के बीच पंजाब की ओर से टी-20 और लिस्ट-ए क्रिकेट में हिस्सा लिया। वर्ष 2020 में वह अपने चाचा से मिलने ऑस्ट्रेलिया गए थे, लेकिन कोविड-19 महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय सीमाएं बंद होने के कारण वहीं रह गए। आईसीसी के पात्रता नियमों के तहत ऑस्ट्रेलिया में पांच वर्ष निवास पूरा करने के बाद वह राष्ट्रीय टीम के लिए चयन के योग्य बने।

ऑस्ट्रेलिया में निखिल ने ग्रेड क्रिकेट से शुरुआत की और जल्द ही होबार्ट हरिकेंस के साथ जुड़ गए। बिग बैश लीग में उनके लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। 2024-25 सत्र में हरिकेंस को खिताब दिलाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। इसके बाद उन्होंने तस्मानिया के लिए प्रथम श्रेणी और लिस्ट-ए क्रिकेट में भी अपनी छाप छोड़ी।

ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा कि निखिल लंबे समय से राष्ट्रीय टीम की योजनाओं का हिस्सा रहे हैं। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि बांग्लादेश दौरे पर वह अंतरराष्ट्रीय माहौल का अनुभव हासिल करेंगे और टी-20 सीरीज में पदार्पण का अवसर पा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# 20 जून को पहली बार सजेंगे 'इंडियन एथलेटिक अवॉर्ड्स'

◆ एएफआई 10 श्रेणियों में करेगा सम्मान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) 20 जून को राजधानी में पहली बार 'इंडियन एथलेटिक अवॉर्ड्स 2026' का आयोजन करेगा। इस पहल का उद्देश्य भारतीय एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और खेल के विकास में योगदान देने वाले सभी प्रमुख हितधारकों को सम्मानित करना है।




यह समारोह भारतीय एथलेटिक्स की उपलब्धियों का उत्सव होगा, जिसमें मौजूदा और पूर्व एथलीटों, कोचों, तकनीकी अधिकारियों, मार्गदर्शकों, राज्य संघों, प्रायोजकों और खेल को आगे बढ़ाने वाले अन्य सहयोगियों को सम्मान दिया जाएगा। आयोजन में देश के कई दिग्गज और उभरते एथलीटों की मौजूदगी रहने की संभावना है। पुरस्कार समारोह में कुल 10 श्रेणियों में सम्मान दिए जाएंगे। इनमें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, सर्वश्रेष्ठ पुरुष एवं महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ कोच, सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी, सर्वश्रेष्ठ राज्य संघ और एथलेटिक्स को बढ़ावा देने वाले राज्यों के पुरस्कार शामिल हैं।

एएफआई अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा कि भारतीय एथलेटिक्स ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह सम्मान केवल पदक विजेताओं के लिए नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के लिए हैं जो पर्दे के पीछे रहकर खेल को मजबूत बनाने में योगदान देते हैं। एएफआई की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज ने कहा कि यह समारोह भारतीय एथलेटिक्स से जुड़े हर स्तर के समर्पण, संघर्ष और योगदान को सम्मान देने का माध्यम बनेगा। वहीं, ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा का मानना है कि ऐसे सम्मान युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ पूरे खेल तंत्र को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। (अनंत ज्ञान)

# टीएमसी के राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को गुरुवार को एक और राजनीतिक झटका लगा जब पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बड़ाईक ने उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने अपना इस्तीफा राज्यसभा सचिवालय को सौंपते हुए इसे तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का अनुरोध किया है। अपने इस्तीफा पत्र में बड़ाईक ने लिखा कि मैं राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देता हूं, जिसे तत्काल प्रभाव से स्वीकार किया जाए। मैं उपसभापति तथा राज्यसभा सचिवालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग और सहायता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। हालांकि, उन्होंने अपने इस्तीफे के पीछे किसी विशेष कारण का उल्लेख नहीं किया है। अब राज्यसभा सचिवालय की ओर से इस्तीफे से संबंधित संवैधानिक और प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

## 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन करेगा कनाडा

**एजेंसी, ओटावा।** कनाडा ने बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक नया डिजिटल सेफ्टी बिल पेश किया है, जिसके तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर रोक लगाने का प्रस्ताव है। हालांकि, कंपनियों को यदि वे पर्याप्त सुरक्षा उपाय साबित कर सकें तो छूट दिए जाने का प्रावधान भी रखा गया है।

कनाडा के पहचान और संस्कृति मंत्री मार्क मिलर ने बिल सी-34 पेश किया, जिसका उद्देश्य ऑनलाइन नुकसान को रोकने के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचा तैयार करना है। प्रस्तावित कानून के तहत चैटजीपीटी जैसे एआई चैटबॉट्स सहित सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को रेगुलेट करने की योजना है।

सरकारी बयान के अनुसार, मौजूदा कानून केवल नुकसान होने के बाद कार्रवाई की अनुमति देते हैं, जबकि नया बिल प्लेटफॉर्म्स को पहले ही संभावित नुकसान रोकने के लिए जिम्मेदार बनाएगा। 'सेफ सोशल मीडिया एक्ट' के तहत सोशल मीडिया कंपनियों और एआई सेवाओं को बच्चों को नुकसानदेह कंटेंट और साइबर बुलिंग से बचाने के लिए बाध्य किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# केंद्र सरकार ने ईथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर किया शून्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने ईथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क को पूरी तरह से हटा दिया है। यह शुल्क छूट पेट्रोल के ई22, ई25, ई27 और ई30 संस्करणों पर लागू होगी।

वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना में जानकारी दी है कि 22 फीसदी से लेकर 30 फीसदी तक ईथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। अधिसूचना के मुताबिक 22, 25, 27 और 30 फीसदी ईथेनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 'शून्य' होगा। यह उत्पाद शुल्क छूट ग्राहकों को ईथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों के मई के दूसरे पखवाड़े में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगभग 7.50 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है। केंद्र सरकार ने मार्च में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपए प्रति लीटर घटाया था, जिससे उसने वार्षिक राजस्व में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का घाटा उठाया था। सरकार ने यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से घरेलू उपभोक्ताओं को बचाने के उद्देश्य से लिया था। (अनंत ज्ञान)

अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

**मैं, चेत राम (76 वर्ष)** पुत्र श्री धनु निवासी गांव जाहू कलां डाकघर व उप-तहसील जाहू जिला हमीरपुर (हि.प्र.), घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र सुमन कुमार (आयु 42 वर्ष) मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अतः मैं अपने पुत्र सुमन कुमार को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा सभी संबंधित नोट करें।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0।**
मुकदमा -इन्द्राज सेहत नाम
पेशी- 16.06.26
**मुनीष कुमार पुत्र श्री वचित्र सिंह निवासी महाल रजोल मौजा रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।**
**बनाम आम जनता**
**विषय- दरुस्ती नाम हि0प्र0रा0 अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के तहत महाल रजोल मौजा रजोल में नाम दरुस्ती वारे।**
उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है उनके पिता का सही नाम वचित्र सिंह पुत्र श्री महताव निवासी गांव व डाकखाना रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 है। जबकि महाल रजोल मौजा रजोल. में उनका नाम भीम सिंह दर्ज है जो कि गलत इन्द्रराज हुआ है। प्राथी अपने पिता के नाम को दरुस्त करके वचित्र सिंह पुत्र श्री महताव महाल रजोल मौजा रजोल में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त नाम की दरुस्ती वारे किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 16.06.26 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 02/06/26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ। को
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0।**

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0।**
मुकदमा नः- 141/T/25
किस्म मुकदमाः तकसीम
तारीख पेशीः- 14-07-2026
1. कुल भूषण पुत्र रोशन लाल, 2. संजीव कुमार पुत्र रोशन लाल, 3. कुलदीप चन्द पुत्र रोशन लाल, 4. राजेश कुमार पुत्र रोशन लाल, 5. भारत भूषण पुत्र रोशन लाल वासीगण महाल सेहरी तहसील प्रागपुर जिला काँगड़ा हि0 प्र0
**वनाम**
1. सतीश कुमार पुत्र मस्त राम, 2. अंकित पुत्र कमल किशोर, 3. कनिका पुत्री कमल किशोर, 4. स्नेहलता विधवा कमल किशोर समस्त वासीगण महाल सेहरी तहसील प्रागपुर जिला काँगड़ा हि0 प्र0
**विषयः-** भूमि तकसीम खाता नम्वर 103, खतौनी 115, खसरा किता 21 रकवा 01-65-05 है0 स्थित महाल श्रीनगर तहसील प्रागपुर जिला कांगड़ा हि0 प्र0 जमावन्दी वर्ष 2020-21.
**समन वनामः-** 1. सतीश कुमार पुत्र मस्त राम, 2. अंकित पुत्र कमल किशोर, 3. कनिका पुत्री कमल किशोर, 4. स्नेहलता विधवा कमल किशोर उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें उपरोक्त प्रतिवादीगणों के समनों की तामील साधारण तरीके से न हो पा रही है। अतः अब इस अख्वारी इश्तेहार द्वारा प्रतिबादी उपरोक्त को सूचित किया जाता हैं कि वे इस केस की पैरवी हेतू दिनांक 14-07-2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होवे। गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 11-06-2026 को हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी तहसील प्रागपुर (कांगड़ा)**

**IN THE COURT OF THE EXECUTIVE MAGISTRATE- CUM-NAIB TEHSILDAR, DHEERA, DISTRICT KANGRA HIMACHAL PRADESH**
Date of hearing 30-6-2026
Case No. 6/NT/Birth/2026
**In the matter of-** Meera Devi d/o Shaligaram r/o Village Malehar, Post office Marhoon, Tehsil Dheera, Gram Panchayat Devi, District Kangra, Himachal Pradesh ...Applicant
**Versus**
General Public Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh ...Respondent
Subject-Application under section 13(3) of the Birth and Death Registration Act, 1969.
**Public Notice-** Whereas, Smt. Meera Devi d/o Shaligaram r/o Village Malehar, Post office Marhoon, Tehsil Dheera, Gram Panchayat Devi, District Kangra, Himachal Pradesh has filed an application in this court for registration of birth of her sister Pawna Devi d/o Shaligram i.e 5-12-1973, under under section 13(3) of the Birth and Death Registration Act, 1969, in the Birth Register of Gram Panchayat Devi. Now, therefore, objections, if any, are invited from the general public in respect of registration of birth of applicant's sister Pawna Devi d/o Shaligram i.e 5-12-1973, in the record of birth Register of Gram Panchayat Devi. Any person having any objection in this regard may appear in this court on or before 30-06-2026, either personally or through a duly authorized agent or counsel. In case no objection is received within stipulated period, the matter shall be decided as ex-parte without any further opportunity of being heard and final order for registration of birth of applicant's sister Pawna Devi d/o Shaligram i.e 5-12-1973, shall be passed, accordingly.
Issued under my hand and seal of the court today, 09-6-2026
**Executive Magistrate, Dheera**

**IN THE COURT OF THE EXECUTIVE MAGISTRATE- CUM-NAIB TEHSILDAR, DHEERA, DISTRICT KANGRA HIMACHAL PRADESH**
Date of hearing 30-6-2026
Case No. 5/NT/Birth/2026
**In the matter of-** Meera Devi d/o Shaligaram r/o Village Malehar, Post office Marhoon, Tehsil Dheera, Gram Panchayat Devi, District Kangra, Himachal Pradesh ...Applicant
**Versus**
General Public Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh ...Respondent
Subject-Application under section 13(3) of the Birth and Death Registration Act, 1969.
**Public Notice-** Whereas, Smt. Meera Devi d/o Shaligaram r/o Village Malehar, Post office Marhoon, Tehsil Dheera, Gram Panchayat Devi, District Kangra, Himachal Pradesh has filed an application in this court for registration of birth of her brother Bihari Lal s/o Shaligram i.e 4-02-1968, under under section 13(3) of the Birth and Death Registration Act, 1969, in the Birth Register of Gram Panchayat Devi. Now, therefore, objections, if any, are invited from the general public in respect of registration of birth of applicant's brother Bihari Lal s/o Shaligram i.e 4-02-1968, in the record of birth Register of Gram Panchayat Devi. Any person having any objection in this regard may appear in this court on or before 30-06-2026, either personally or through a duly authorized agent or counsel. In case no objection is received within stipulated period, the matter shall be decided as ex-parte without any further opportunity of being heard and final order for registration of birth of applicant's brother Birhari Lal i.e 4-02-1968, shall be passed, accordingly. Issued under my hand and seal of the court today, 09-6-2026
**Executive Magistrate, Dheera**

**IN THE COURT OF THE EXECUTIVE MAGISTRATE-CUM-NAIB TEHSILDAR, DHEERA, DISTRICT KANGRA HIMACHAL PRADESH**
Date of hearing 09-7-2026
Cae No.813210/2026
**In the matter of-** Ranjeet Singh s/o Hamir Chand, Mohal Karner, Mauza Naura, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh ...Applicant
**Versus**
General Public c/o Na, General Public, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh 176101 ...Respondents
**Proclamation regarding correction of name under section 37(i) & (ii) of HPLRA, 1954.**
Whereas, Ranjeet Singh s/o Hamir Chand, Mohal Karner, Mauza Naura, Tehsil Dheera, District Kangra, Himachal Pradesh has filed an application alongwith an affidavit before this court that the name of his late father has been recorded wrongly, in revenue record of mohal Karner, Mauza Naura, Tehsil Dheera, District Kangra HP as "Amir Chand". But in other documents such as Adhar card and Parviar Nakal, her correct name has been recorded as Hamir Chand. Hence, applicant has filed an application for correction of name of his late father as "Hamir Chand alias Amir Chand in the revenue record of mohal Karnehar, mauza Naura, tehsil Dheera, district Kangra HP. Now, therefore, objections, if any are invited from the general public with regard to the correction of name of applicant i.e. "Hamir Chand alias Amir Chand". Any person having any objection in this regard may appear in this court on or before 09-7-2026, either personally or through a duly authorized agent or counsel. In case no objection is received within stipulated period, the matter shall be decided as ex-parte without any further opportunity of being heard and final order for correction of name shall be passed, accordingly. Issued under my hand and seal of the court today, 10-06-2026
**Executive Magistrate, Dheera**

# कुल्लू-मनाली की वादियां बनी गर्मी से राहत और सुकून पाने का सबसे पसंदीदा ठिकाना

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** देश के मैदानी क्षेत्रों में इन दिनों भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लोगों का जीना मुश्किल कर रहा है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश की वादियां विशेषकर कुल्लू-मनाली, लोगों के लिए राहत और सुकून का सबसे पसंदीदा ठिकाना बन गई हैं। यही कारण है कि गर्मी के मौसम में यहां पर्यटकों का जमावड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है।

कुल्लू-मनाली का सुहावना मौसम, बर्फ से ढकी पर्वत चोटियां, हरे-भरे देवदार के जंगल, कल-कल बहती ब्यास नदी और शांत वातावरण पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। यहां पहुंचते ही लोगों को गर्मी से राहत मिलने लगती है और वे प्रकृति की गोद में सुकून के पल बिताने का आनंद लेते हैं।



गर्मी के मौसम में लगातार बढ़ता जा रहा पर्यटकों का जमावड़ा। अनंत ज्ञान

## कुल्लू-मनाली में सैलानियों की बढ़ती भीड़

**कुल्लू**-मनाली आज भी देश के प्रमुख और पसंदीदा पर्यटन स्थलों में शामिल है। यहां का सुहावना मौसम, प्राकृतिक सौंदर्य और साहसिक गतिविधियां पर्यटकों को विशेष अनुभव प्रदान करती हैं। मैदानी इलाकों की भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए इन दिनों बड़ी संख्या में सैलानी कुल्लू-मनाली पहुंच रहे हैं। पर्यटक हिमालय की वादियों में सुकून भरे पल बिता रहे हैं और बर्फीले पहाड़ों, नदी किनारों तथा हरियाली का आनंद ले रहे हैं। स्थानीय पर्यटन व्यवसाय को भी इससे बढ़ावा मिल रहा है और होटल-व्यापार में रौनक देखने को मिल रही है।

## कुल्लू और मनाली में साहसिक पर्यटन का बढ़ता आकर्षण

**कुल्लू**-मनाली अब केवल प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र ही नहीं, बल्कि साहसिक पर्यटन गतिविधियों का प्रमुख गढ़ बन चुका है। कटराईं, डोभी और आसपास के क्षेत्रों में पैराग्लाइडिंग का रोमांच पर्यटकों को आसमान की सैर कराता है, जबकि ब्यास नदी में रिवर राफ्टिंग का अनुभव सैलानियों को रोमांच से भर देता है। इसके साथ ही ट्रैकिंग, कैंपिंग, जिपलाइन, एटीवी राइड और अन्य पर्वतीय गतिविधियां भी बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। पटियाला से अपने परिवार के साथ कुल्लू-मनाली घूमने पहुंचे पर्यटक मंजीत कौर, अंकित, अमनदीप और रंधावा ने बताया कि मैदानी क्षेत्रों में इस समय भीषण गर्मी और लू का प्रकोप है, जबकि पहाड़ों में पहुंचते ही मौसम पूरी तरह बदल जाता है। उन्होंने कहा कि कुल्लू-मनाली पहुंचते ही हल्की गर्मी के बीच अचानक ठंडी हवाएं और बादलों की गर्जना वातावरण को बेहद सुहावना बना देती है।

## सुबह और शाम का मौसम मनमोहक

**पर्यटकों** ने कहा कि यहां का सुबह और शाम का मौसम विशेष रूप से मनमोहक होता है। पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवाएं, हरियाली और प्राकृतिक दृश्य मन को शांति और सुकून प्रदान करते हैं। उनका कहना है कि कुल्लू-मनाली का वातावरण न केवल शारीरिक थकान को दूर करता है, बल्कि मानसिक रूप से भी लोगों को तरोताजा कर देता है। इसी कारण वे हर वर्ष यहां आने का प्रयास करते हैं। स्थानीय पर्यटन कारोबार से जुड़े लोग भी मानते हैं कि इस प्रकार की प्राकृतिक विविधता और साहसिक गतिविधियां कुल्लू-मनाली को देश के सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थलों में बनाए रखती हैं और यहां पर्यटन उद्योग को लगातार मजबूती प्रदान करती हैं।

## पर्यटन कारोबार में तेजी अच्छी कमाई की उम्मीद

**कुल्लू-मनाली** में गर्मी बढ़ने के साथ ही पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि इस बार भी सीजन से अच्छी आय की उम्मीद है। होटल, होमस्टे, टैक्सी सेवाएं और साहसिक पर्यटन गतिविधियों से जुड़े व्यवसायियों के लिए यह समय खासा लाभकारी साबित हो रहा है। सप्ताहांत और छुट्टियों के दौरान पर्यटकों की भीड़ और अधिक बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है और रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कुल्लू-मनाली की सबसे बड़ी खासियत यहां का बदलता मौसम है, जो पर्यटकों को आकर्षित करता है। कभी तेज धूप, कभी ठंडी हवाएं और अचानक बादलों का घिरना पर्यटकों को अनोखा अनुभव देता है। यही प्राकृतिक विविधता इस क्षेत्र को बार-बार आने के लिए प्रेरित करती है और इसे देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में बनाए रखती है।

# मौसम की मार से सेब उत्पादकों के टूटे हौसले

### ओलावृष्टि ने बागवानों की उम्मीदों पर फेरा पानी, बागवान बोले-कई स्थानों पर बड़ी मात्रा में फल जमीन पर गिरे

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** कुल्लू घाटी के सेब उत्पादकों के लिए यह वर्ष निराशा और चिंता लेकर आया है। फसल की शुरुआत से ही मौसम का मिजाज बागवानों के अनुकूल नहीं रहा। पहले फूल खिलने के दौरान प्रतिकूल मौसम ने उत्पादन की संभावनाओं को प्रभावित किया और जब पेड़ों पर सेब की अच्छी सेटिंग दिखाई देने लगी तो ओलावृष्टि ने बागवानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। लगातार बदलते मौसम और प्राकृतिक आपदाओं के कारण इस वर्ष सेब की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे बागवानों की आर्थिक स्थिति पर भी गहरा असर पड़ा है।

क्षेत्र के बागवानों का कहना है कि इस बार मौसम ने पूरे सीजन में साथ नहीं दिया। फूल आने के समय तापमान में उतार-चढ़ाव और असमय वर्षा के कारण परागण प्रक्रिया प्रभावित हुई। इसके बावजूद जब फलों की अच्छी सेटिंग हुई तो बागवानों को बेहतर उत्पादन की उम्मीद जगी थी, लेकिन ओलावृष्टि ने उनकी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। कई बागानों में फलों पर ओलों के निशान पड़ गए हैं, जबकि अनेक स्थानों पर बड़ी मात्रा में फल जमीन पर गिर गए हैं। बागवान मेहरचंद, भेदराम, करतार, संजय, विनय, अमृ देवी और कूदम ने बताया कि इस वर्ष मौसम की बेरुखी ने उनकी आर्थिकी को बुरी तरह प्रभावित किया है। उनका कहना है कि सेब उत्पादन ही उनके परिवारों की आय का मुख्य स्रोत है, लेकिन लगातार प्रतिकूल परिस्थितियों के चलते उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बागवानी में पूरे वर्ष की मेहनत और निवेश दांव पर लगा रहता है, लेकिन जब प्रकृति साथ नहीं देती तो सारी उम्मीदें टूट जाती हैं। नुकसान से निराश बागवान अब आने वाले वर्ष से नई उम्मीदें लगाए बैठे हैं। उनका कहना है कि इस सीजन की भरपाई अब संभव नहीं है और अगले वर्ष ही मौसम का मिजाज उनके लिए नई इबारत लिख सकता है। फिलहाल घाटी के बागवान नुकसान का आकलन करने और शेष बची फसल को बचाने में जुटे हैं। सेब उत्पादकों ने सरकार से भी प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करवाकर उचित राहत प्रदान करने की मांग की है, ताकि प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई हो सके। बागवानों का कहना है कि कठिन परिस्थितियों में सरकारी सहयोग ही उन्हें संबल प्रदान कर सकता है।

कुल मिलाकर इस वर्ष मौसम की मार ने कुल्लू घाटी के सेब उत्पादकों के हौसले पस्त कर दिए हैं। कभी प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाने वाली सेब बागवानी आज मौसम की अनिश्चितताओं से जूझ रही है और बागवान बेहतर भविष्य की उम्मीद में अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं।

## बागवानों को इस बार आय में गिरावट की संभावना

**हिमाचल** प्रदेश के बागवानों के अनुसार इस बार फसल से होने वाली आय में भारी गिरावट की आशंका जताई जा रही है। इससे न केवल बागवान परिवार प्रभावित होंगे, बल्कि मजदूरों, पैकिंग यूनिट, परिवहन और अन्य सहायक व्यवसायों पर भी व्यापक असर पड़ सकता है। कई किसानों ने बागानों के रखरखाव, दवाइयों और खाद पर पहले ही भारी खर्च किया है, जिसकी भरपाई अब कठिन लग रही है। स्थानीय बागवानों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। कभी असमय बारिश, कभी ओलावृष्टि और कभी लंबे सूखे दौर ने बागवानी क्षेत्र की चुनौतियां बढ़ा दी हैं। इस अनिश्चित मौसम का सीधा असर फलों की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों पर पड़ रहा है। विशेषकर सेब उत्पादन पर इसका गंभीर प्रभाव देखने को मिल रहा है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार माना जाता है। बागवानों का कहना है कि यदि मौसम का यही रुख जारी रहा तो आने वाले वर्षों में उत्पादन में और गिरावट संभव है, जिससे उनकी आय और अधिक प्रभावित होगी। किसानों ने सरकार और संबंधित विभागों से मांग की है कि बागवानी क्षेत्र को बचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, जिसमें मौसम आधारित बीमा, आधुनिक तकनीक का उपयोग और समय पर विशेषज्ञ सलाह शामिल हो।

# अवहेलना: महंगा पड़ा अपनी जान खतरे में डालना, 3500 रुपए का कटा चालान

◆ **सनरूफ और खिड़की से बाहर निकल सफर कर रहे थे पर्यटक**

अनंत ज्ञान



**मनाली।** यातायात नियमों को तोड़कर अपनी जान जोखिम में डालना पर्यटकों को महंगा पड़ गया। मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलती गाड़ी में सनरूफ से बाहर निकलने पर पुलिस ने पर्यटक वाहन का 3500 रुपए का चालान किया है। सोशल मीडिया पर तस्वीर वायरल होते ही मनाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार , मनाली-लेह हाईवे पर उत्तर प्रदेश के नंबर की गाड़ी में सवार कुछ पर्यटक सनरूफ और खिड़की से बाहर निकले हुए थे। इससे न केवल उनकी अपनी जान खतरे में थी, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य वाहनों और पर्यटकों के लिए भी खतरा पैदा हो गया था। इसी दौरान किसी राहगीर ने इसकी तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया पर डाल दी, जो देखते ही देखते वायरल हो गई। जैसे ही यह वायरल तस्वीर मनाली पुलिस के संज्ञान में आई, पुलिस टीम तुरंत हरकत में आ गई। साइबर और ट्रैफिक सैल की मदद से वाहन की पहचान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी अनिल कुमार के नाम पर दर्ज यूपी 11 सीयू 1100 के रूप में हुई। पुलिस ने बिना कोई वक्त गंवाए मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत उक्त वाहन का 3500 रुपए का ऑनलाइन चालान कर पर्यटकों को सबक सिखाया। डीएसपी केडी शर्मा ने इस मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि पहाड़ों की खूबसूरत वादियों में आकर शांति भंग करने वाले और स्टंटबाजी को मनोरंजन समझने वाले तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा।

### मणिकर्ण घाटी स्थित कसोल में रेव पार्टी पर पुलिस का बड़ा एक्शन

# जंगल में आधी रात छापेमारी कर केरल व पंजाब के दो युवक गिरफ्तार

◆ **कब्जे से कोकीन, 2.7 ग्राम चरस भी की बरामद**

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** जिले की मणिकर्ण घाटी स्थित पर्यटन नगरी कसोल में चल रही एक कथित रेव पार्टी पर कुल्लू पुलिस ने आधी रात को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा कसोल क्षेत्र में आयोजित हो रही कथित रेव पार्टियों पर कड़ा संज्ञान लेने के बाद की गई है।

न्यायाधीश रोमेश वर्मा के निर्देशों के अनुसार जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण को दस दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए थे, जिसके बाद पुलिस और प्रशासन ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी थी। जानकारी के अनुसार पुलिस को कसोल के जंगल क्षेत्र में आयोजित एक पार्टी में नशे के सेवन और तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने देर रात अचानक मौके पर दबिश दी और वहां मौजूद लोगों की तलाशी शुरू की। जांच के दौरान दो युवकों के कब्जे से विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थ बरामद हुए, जिसके बाद दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल सांई (33) निवासी एर्नाकुलम, केरल तथा चिराग भाटिया निवासी खरड़, जिला एसएएस नगर (मोहाली), पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार राहुल सांई के कब्जे से 0.96 ग्राम कोकीन बरामद की गई, जबकि चिराग भाटिया से दो एक्स्टेसी गोलियां, पांच हिस्सों वाली एलएसडी पेपर स्ट्रिप, 1.31 ग्राम कोकीन तथा 2.7 ग्राम चरस बरामद हुई है। बरामद नशीले पदार्थों को कब्जे में लेकर पुलिस ने आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि कार्यक्रम आयोजकों ने आयोजन के लिए सामान्य अनुमति प्राप्त की थी, लेकिन उसकी आड़ में नशे से जुड़ी गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। मणिकर्ण पुलिस थाना में दोनों आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं।

कुल्लू के पुलिस अधीक्षक मदन लाल कौशल ने बताया कि आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है।

उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य घाटी में सक्रिय ड्रग नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचना। उन्होंने कहास कि पर्यटन स्थलों पर नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# भरेड़ी में लावारिस बैल के हमले से दुकानदार घायल



अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भरेड़ी कस्बे में मंगलवार दोपहर एक लावारिस बैल के हमले में 74 वर्षीय दुकानदार ईश्वर दास गंभीर रूप से घायल हो गए। वे गांव बगबाड़ के निवासी हैं और भरेड़ी चौक में दुकान चलाते हैं। घटना के बाद क्षेत्र में लावारिस पशुओं के बढ़ते आतंक को लेकर लोगों में रोष है। जानकारी के अनुसार, ईश्वर दास दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी पास घूम रहे एक बैल ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में वे सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरेड़ी पहुंचाया।

डॉ. विवेक ने बताया कि घायल की बाजू में गहरी चोट लगी है, जिस पर पांच टांके लगाए गए हैं। सिर और पीठ पर भी चोटें आई हैं, हालांकि प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लावारिस पशुओं की समस्या गंभीर बनी हुई है और कई लोग पहले भी हमलों में घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# अतिरिक्त समय में जनगणना कार्य को लेकर अध्यापकों में बढ़ा रोष

◆ **प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कुंज ने की आदेश वापस लेने की मांग**

अनंत ज्ञान

**मनाली।** प्रदेश राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कुल्लू के अध्यक्ष कुंज लाल ठाकुर, महासचिव रवींद्र ठाकुर, मुख्य संरक्षक हरि सिंह ठाकुर व जिला कुल्लू के समस्त खंडों के राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्षों ने जनगणना-2027 के लिए शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नियमित विद्यालय/कार्यालय समय के अतिरिक्त प्रातः एवं सायंकालीन समय में कार्य करने संबंधी आदेशों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए साझा बयान जारी करते हुए इन्हें जल्द से जल्द वापस लेने की मांग की है।

कुंज लाल ठाकुर ने कहा कि शिक्षक एवं कर्मचारी सदैव राष्ट्रीय दायित्वों के निर्वहन में अग्रणी रहे हैं, लेकिन विद्यालयी कार्यों के साथ-साथ अतिरिक्त समय में जनगणना कार्य करवाना अत्यंत अव्यावहारिक, तनावपूर्ण तथा कर्मचारियों के मानवीय एवं पारिवारिक पक्षों की अनदेखी करने वाला निर्णय है। कई शिक्षकों को उनके विद्यालयों से 15-20 किलोमीटर दूर जनगणना क्षेत्र आवंटित किए गए हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त मानसिक एवं शारीरिक दबाव का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि महिला कर्मचारियों एवं शिक्षिकाओं के लिए ऐसी व्यवस्था और भी अधिक कठिनाइयां उत्पन्न करेगी। यदि महिला कर्मचारी शाम अथवा देर रात तक जनगणना कार्य करती हैं, तो उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा, यह एक गंभीर प्रश्न है। प्रशासन को इस महत्वपूर्ण पहलू पर भी विचार करना चाहिए। सुबह और शाम के सीमित समय में जनगणना कार्य करवाने की व्यवस्था न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि कर्मचारियों के मानसिक तनाव और कार्यभार को भी अत्यधिक बढ़ाने वाली है। संघ का मानना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं त्रुटिरहित जनगणना, दोनों कार्य पूर्ण एकाग्रता, पर्याप्त समय और अनुकूल कार्य परिस्थितियों की मांग करते हैं।

संघ ने प्रदेश सरकार, शिक्षा विभाग एवं जनगणना निदेशालय से मांग की है कि जनगणना कार्य के लिए पूर्व की भाँति नियमित ड्यूटी समय में पर्याप्त समय उपलब्ध करवाया जाए तथा विद्यालय/कार्यालय समय के अतिरिक्त जनगणना कार्य करवाने संबंधी आदेशों की तत्काल समीक्षा कर उन्हें वापस लिया जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उक्त आदेशों को वापस नहीं लिया तासे जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के बहिष्कार के लिए मजबूर होंगे।

# कटराईं व डोभी पैराग्लाइडिंग स्थलों पर मोबाइल शौचालयों का अभाव

◆ **हर दिन पर्यटकों को हो रही भारी परेशानी**

◆ **स्थानीय लोगों ने प्रशासन से से की कार्रवाई करने कर अपील**

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** पर्यटन नगरी कुल्लू-मनाली में इन दिनों पर्यटकों की भारी आमद देखने को मिल रही है। साहसिक पर्यटन गतिविधियों में पैराग्लाइडिंग का रोमांच लेने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक कटराईं और डोभी स्थित पैराग्लाइडिंग स्थलों पर पहुंच रहे हैं। हालांकि इन दोनों प्रमुख पैराग्लाइडिंग काउंटरों पर मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था न होने के कारण पर्यटकों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों और पर्यटकों का कहना है कि कटराईं तथा डोभी पैराग्लाइडिंग स्थल प्रदेश के महत्वपूर्ण साहसिक पर्यटन केंद्रों में शामिल हैं, जहां प्रतिदिन सैकड़ों पर्यटक पहुंचते हैं। पैराग्लाइडिंग के लिए कई बार पर्यटकों को अपनी बारी का इंतजार भी करना पड़ता है, लेकिन शौचालय सुविधा उपलब्ध न होने से उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। महिलाओं के लिए यह समस्या और भी गंभीर बन जाती है। पर्यटकों का कहना है कि सरकार और प्रशासन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाओं की कमी पर्यटन अनुभव को प्रभावित कर रही है। उनका मानना है कि जहां पर्यटन गतिविधियों से राजस्व प्राप्त हो रहा है, वहां स्वच्छता और जनसुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

स्थानीय व्यापारियों और समाजसेवियों ने भी इस समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि पैराग्लाइडिंग स्थलों पर मोबाइल शौचालय स्थापित किए जाने चाहिए। इससे न केवल पर्यटकों को राहत मिलेगी बल्कि आसपास का वातावरण भी स्वच्छ बना रहेगा। वर्तमान में कई लोग मजबूरी में खुले स्थानों का उपयोग करते हैं, जिससे स्वच्छता संबंधी समस्याएं उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि स्वच्छ भारत अभियान और पर्यटन विकास की दृष्टि से ऐसे स्थलों पर मोबाइल शौचालयों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग और संबंधित पंचायतों से मांग की है कि कटराईं और डोभी पैराग्लाइडिंग काउंटरों पर शीघ्र मोबाइल शौचालय स्थापित किए जाएं ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। लोगों का कहना है कि कुल्लू-मनाली की पहचान विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में है। ऐसे में यदि मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए तो पर्यटकों का अनुभव और बेहतर होगा तथा क्षेत्र की पर्यटन छवि को भी मजबूती मिलेगी। स्थानीय जनता ने प्रशासन से इस विषय पर शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की है।

# प्रयास शर्मा 'एपेक्स स्टूडेंट ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित



डीडीएम कॉलेज में वार्षिक समारोह आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** डीडीएम कॉलेज का वार्षिक समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र राणा रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने, अनुशासन बनाए रखने और समाज के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण का आधार है। कॉलेज के प्राचार्य विजय कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं सह-पाठयक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने विभिन्न मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। समारोह में सचिव पवना शर्मा, निदेशक भुनेश शर्मा और प्रबंध निदेशक राजेश कपिल भी उपस्थित रहे। बीए एलएलबी 10वें सेमेस्टर के छात्र प्रयास शर्मा को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों, नेतृत्व क्षमता और कॉलेज गतिविधियों में योगदान के लिए 'एपेक्स स्टूडेंट ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस सम्मान पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बधाई दी।

# अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में प्रतीक बंसल ने नेपाल में जीता कांस्य पदक

अनंत ज्ञान



**बड़सर।** उपमंडल बड़सर की ग्राम पंचायत जमली के होनहार खिलाड़ी प्रतीक बंसल ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित 17वीं एनएसकेए इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में प्रतीक ने कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र को बड़ी उपलब्धि दिलाई है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले प्रतीक की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। खेल प्रेमियों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने इसे बड़सर ही नहीं बल्कि पूरे हमीरपुर जिले के लिए गर्व का क्षण बताया है। प्रतीक बंसल ग्राम पंचायत जमली के निवासी हैं। उनके पिता पवन कुमार शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, जबकि माता वार्ड सिस्टर के पद पर सेवाएं दे रही हैं। परिवार ने इस उपलब्धि को प्रतीक की वर्षों की मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम बताया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतीक की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। सीमित संसाधनों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर उन्होंने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा और लगन के बल पर वैश्विक मंच पर भी पहचान बनाई जा सकती है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और खेल प्रेमियों ने प्रतीक बंसल तथा उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लोगों को उम्मीद है कि वह आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में और बड़ी सफलताएं हासिल कर हिमाचल तथा देश का नाम रोशन करेंगे।

# धार्मिक आयोजन सिर पर और पानी का है संकट

## सोलन में आगामी दिनों में शहरवासियों को करना पड़ सकता है पानी की कमी का सामना

अनंत ज्ञान



फाइल फोटो

**सोलन।** आगामी दिनों में राधा स्वामी सत्संग और मां शूलिनी मेले के चलते सोलन शहर में पेयजल की मांग बढ़ने के साथ पानी की किल्लत भी गहरा सकती है। गर्मियों के मौसम, पर्यटकों की बढ़ती संख्या, बाहर से आने वाले मेहमानों तथा धार्मिक आयोजनों के कारण इन दिनों शहर में पानी की खपत सामान्य दिनों की तुलना में काफी बढ़ जाती है। ऐसे में अगले लगभग 15 दिनों तक शहरवासियों को पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान प्रशासन पर शहर की आबादी के अलावा बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की प्यास बुझाने की चुनौती रहती है।

जानकारी के अनुसार नगर निगम सोलन की दैनिक पेयजल आवश्यकता लगभग एक करोड़ लीटर है, जबकि इन दिनों जल शक्ति विभाग की विभिन्न पेयजल योजनाओं से नगर निगम को केवल 70 से 75 लाख लीटर पानी ही उपलब्ध हो पा रहा है। बुधवार को शहर को कुल 77 लाख लीटर पानी की आपूर्ति की गई, जिसमें गिरी पेयजल योजना से 55 लाख लीटर तथा अश्वनी खड्ड पेयजल योजना से 22 लाख लीटर पानी प्राप्त हुआ। नगर निगम द्वारा जारी जल वितरण कार्यक्रम के अनुसार डिग्री कॉलेज लाइन से पतरार, डिग्री कॉलेज क्षेत्र, सरस्वती विहार, पवन विहार, विवेकानंद विहार, सूर्य विहार, साइंटिस्ट कॉलोनी, शनि मंदिर क्षेत्र और नेगी कॉलोनी में जलापूर्ति की जाएगी।

कपूर लॉज लाइन के माध्यम से सुगंधा क्षेत्र, बीडीओ कार्यालय, सुंदर नगर, हाउसिंग बोर्ड, कलीन, पीक तथा कोर्ट क्षेत्र में पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

इसके अलावा न्यू चंबाघाट (ब्रुअरी) लाइन से मशरूम सेंटर, कृषि विभाग के आवास, डीजल पंप, समरहिल, कोणार्क होटल, पीएनडी के आसपास के क्षेत्र, पड़ाग तथा ब्रुअरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने और जल संरक्षण में सहयोग की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि उपलब्ध पानी सीमित है और यदि सभी उपभोक्ता आवश्यकता के अनुसार ही पानी का उपयोग करें तो अधिक से अधिक लोगों तक पेयजल पहुंचाया जा सकता है। गर्मियों और बड़े आयोजनों के दौरान कई दिनों तक पानी की मांग लगभग दोगुनी हो जाती है। ऐसे में लोगों को पानी की बर्बादी रोकने, भंडारण में सावधानी बरतने तथा आवश्यक कार्यों के लिए ही पानी का इस्तेमाल करने की आवश्यकता है, ताकि आने वाले दिनों में संभावित जल संकट का प्रभाव कम किया जा सके।

नगर निगम सोलन ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा परिस्थितियों में जल आपूर्ति को संतुलित बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती है। विभाग लगातार दोनों प्रमुख पेयजल योजनाओं—गिरी और अश्वनी खड्ड—से अधिकतम आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन स्त्रोतों में पानी की उपलब्धता सीमित होने के कारण दबाव बढ़ गया है। गर्मी के साथ-साथ धार्मिक आयोजनों और पर्यटकों की आमद ने शहर की मांग को काफी बढ़ा दिया है।

प्रशासन ने यह भी बताया कि कई क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से अतिरिक्त जल आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसी भी वार्ड में गंभीर संकट न उत्पन्न हो। नगर निगम ने लोगों से अपील की है कि वे गैर-जरूरी कार्यों में पानी का उपयोग न करें और रिसाव या लीकेज की तुरंत सूचना दें। जल शक्ति विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है और वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं नियमित बनाने पर जोर दिया है। नगर निगम सोलन ने बताया कि जल संकट की स्थिति को देखते हुए आपूर्ति समय में भी आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं, ताकि सभी क्षेत्रों में समान रूप से पानी पहुंच सके। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति और बिगड़ती है र्त व्यवस्था भी लागू की जा सकती है। जनभागीदारी बढ़ाकर सामुदायिक टैंकों की सफाई, जल वितरण निगरानी और जागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है।

# शूलिनी विवि को मिला आईसीएफ इंडिया कोचिंग एक्सीलेंस अवार्ड-2026

अनंत ज्ञान




फाइल फोटो

**सोलन।** बेंगलुरु के ताज यशवंतपुर में आयोजित आईसीएफ इंडिया कोचिंग कॉन्क्लेव में शूलिनी यूनिवर्सिटी को युवाओं को सशक्त बनाने के लिए 'ऑर्गनाइजेशन/यूनिवर्सिटी' श्रेणी में प्रतिष्ठित आईसीएफ इंडिया कोचिंग एक्सीलेंस अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान इंटरनेशनल कोचिंग फेडरेशन (आईसीएफ) इंडिया की ओर से उन संस्थानों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने कोचिंग के माध्यम से सकारात्मक बदलाव और युवा विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

यह उपलब्धि शूलिनी यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती पहचान को दर्शाती है। इससे पहले वर्ष 2022 में विश्वविद्यालय को पहले आईसीएफ इंडिया कोचिंग एक्सीलेंस अवार्ड्स में सीइएटी टायर्स जैसी संस्थाओं के साथ 'ऑनरेबल मेंशन' प्राप्त हुआ था। वहीं वर्ष 2024 में यूनिवर्सिटी ने आईसीएफ कोचिंग इम्पैक्ट अवार्ड्स की सोशल इम्पैक्ट श्रेणी में 'ग्लोबल ऑनरेबल मेंशन' हासिल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई थी।

वाइस चांसलर प्रो. अतुल खोसला ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल बौद्धिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवीय मूल्यों और नेतृत्व क्षमता का विकास भी उसकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आईसीएफ से मिला यह सम्मान नेतृत्व, सहानुभूति, नवाचार और सार्थक प्रभाव पर आधारित संस्थागत संस्कृति को और मजबूत करेगा। सेंटर फॉर लीडरशिप कोचिंग की निदेशक पायल जिंदल खन्ना ने कहा कि कोचिंग युवाओं के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और भविष्य के प्रति दृष्टिकोण को सकारात्मक रूप से बदलने की शक्ति रखती है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य भावनात्मक रूप से परिपक्व, आत्म-जागरूक और भविष्य के लिए तैयार नागरिक तैयार करना है। इस उपलब्धि से शूलिनी यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक और प्रशिक्षण क्षेत्र में योगदान और भी मजबूत हुआ है। संस्थान ने कोचिंग आधारित शिक्षा मॉडल को प्रभावी ढंग से लागू कर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और नवाचार को बढ़ावा दिया है। यह सम्मान विश्वविद्यालय के निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन और वैश्विक मानकों की पुष्टि करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला-2026 कलाकारों के ऑडिशन 15 से 18 जून तक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला-2026 की सांस्कृतिक संध्याओं में अपनी प्रस्तुति देने के इच्छुक कलाकारों के लिए ऑडिशन 15 जून से 18 जून, 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी जिला भाषा अधिकारी सोलन ने दी। उन्होंने बताया कि ऑडिशन ठोडो मैदान के समीप स्थित नगर निगम सोलन के हॉल में प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक आयोजित होंगे। इन ऑडिशनों के माध्यम से विभिन्न सांस्कृतिक संध्याओं के लिए कलाकारों का चयन किया जाएगा। जिला भाषा अधिकारी ने बताया कि इच्छुक कलाकार 14 जून, 2026 को सायं 5:00 बजे तक अपने आवेदन भेज सकते हैं। आवेदन ई-मेल के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑडिशन एवं आवेदन प्रक्रिया से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला भाषा अधिकारी सोलन कार्यालय के दूरभाष नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला-2026 के दौरान आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

### समाचार पत्र विक्रेता पवन शर्मा का निधन



**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुराने बस स्टैंड सोलन के समीप स्थित मंगत राम न्यूज़ एजेंसी से जुड़े वरिष्ठ समाचार पत्र विक्रेता पवन शर्मा का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे सोलन शहर में शोक की लहर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शुक्रवार शाम को सैर के दौरान ओल्ड बस स्टैंड के समीप उन्हें अचानक हृदयाघात हुआ था, जिसके बाद वह चक्कर खाकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शिमला रेफर कर दिया गया। शिमला के अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था, लेकिन बुधवार 10 जून को उन्होंने अंतिम सांस ली और प्रभु चरणों में विलीन हो गए। मंगत राम न्यूज़ एजेंसी से जुड़े पवन शर्मा अपने हंसमुख स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और आत्मीय व्यवहार के कारण हर वर्ग के लोगों में लोकप्रिय थे। वर्षों से अखबारों के माध्यम से लोगों तक सूचनाएं पहुंचाने का कार्य करने वाले पवन शर्मा ने अपने व्यवहार से शहरवासियों के दिलों में विशेष स्थान बनाया था।

### नाहन में दो सगे भाईयों का जमीनी विवाद खूनी झड़प में बदल गया

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शहर के बड़ा चौक बाजार में बुधवार को दो सगे भाईयों के बीच जमीनी विवाद के चलते हुई बहसबाजी खुनी झड़प में तब्दील हो गई। जब छोटे भाई ने पास की दुकान से नारियल काटने का दराट लाकर बड़े भाई पर हमला बोल दिया। हमले में घायल हुए बड़े भाई को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। पुलिस स्टेशन नाहन की टीम ने मौके का जायजा लिया है। आरोपी दबोच लिए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जिले के एएसपी योगेश रोल्टा ने बताया कि राम प्रकाश पुत्र स्व0 श्री रत्न लाल निवासी रतन भवन रानी ताल ठ0 नाहन जिला सिरमौर ने पुलिस थाना नाहन मे मामला दर्ज करवाया कि दिनांक 10 जून को जब वह बड़ा चौक में अपनी दुकान के अन्दर मजदूर हरप्रीत सिंह व हरजीत से सफाई करवा रहा था। इसी दौरान इसका छोटा भाई दुर्गेश व इसके स्व0 भाई राज कुमार की पत्नी नीलम दोनों ही इसके काम को रुकवाने के लिए आये व बहसबाजी करने लगे। योगेश रोल्टा ने बताया कि दुर्गेश ने दौड़कर सामने राकेश की जूस की दुकान से नारियल काटने वाले तेज धार वाले दराट को उठाकर लाया तथा नीलम ने आगे घेरकर दुर्गेश ने पीछे से इसकी गर्दन पर दराट से दो वार किए।

### नेचड़ मैदान में 14 जून को होगा विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पंचायत दाड़लाघाट के गांव स्यार स्थित नेचड़ मैदान में 14 जून को विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों और ट्रांसपोर्टरों के सहयोग से होने वाले इस आयोजन में हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के नामी पहलवान अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इस बार भी दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। विजेता और उपविजेता पहलवानों को आकर्षक नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में अर्की के विधायक संजय अवस्थी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि अदाणी समूह के सीएमओ संदीप सीरह विशेष अतिथि रहेंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पहलवानों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है। यह दंगल पारंपरिक खेल संस्कृति, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का माध्यम बनेगा।

### शिलाई में महिला मतदाता बढ़ाने की अनोखी पहल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिलाई विधानसभा क्षेत्र में महिला मतदाता लिंगानुपात जो पूरे भारत के विधानसभा क्षेत्रों में सबसे कम था को बढ़ाने के लिए एसडीएम शिलाई ने बनाई नई रणनीति। इस नीति के तहत दिनांक 18 से 10 बीएलओ और 10 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं अपने केंद्र के सर्वेक्षण पंजीयक को साथ लेकर एसडीएम कार्यालय में आएंगी। उल्लेखनीय है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पास उसके आंगनवाड़ी केंद्र का अपडेटेड छमाही सर्वे नाम वार और उमर वार होता है। एसडीएम खुद इस सर्वे रजिस्टर से 18 वर्ष से ऊपर की उन महिलाओं की पहचान करेंगे जिनका मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है।तत्पश्चात, बीएलओ से उसी वक्त फॉर्म भरवाकर सुनिश्चित किया जाएगा कि उसके क्षेत्र की छूटी हुई महिला का वो पहचान पत्र बनवाए। गौर हो कि शिलाई विधानसभा में महिला मतदाता लिंगानुपात पूरे भारतवर्ष में सबसे कम था जो कि आरंभ में 801 प्रति 1000 पुरुष मतदाता था।

# कालाअंब में लघु उद्योग भारती ने उद्योगों की चुनौतियों पर किया मंथन

अनंत ज्ञान



**नाहन।** लघु उद्योग भारती, कालाअंब इकाई द्वारा संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों ने स्थानीय उद्योगपतियों के साथ संवाद स्थापित कर औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश, उत्तर क्षेत्र प्रभारी अरविंद धुम्मल, प्रदेश अध्यक्ष अखिल मोहन, प्रदेश महामंत्री अश्वनी गर्ग तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विक्रम बिंदल का कालाअंब आगमन हुआ। स्थानीय उद्यमियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और क्षेत्रीय उद्योगों के विकास से जुड़े मुद्दों को उनके समक्ष रखा।

हालांकि इन पदाधिकारियों का मुख्य कार्यक्रम पांवटा साहिब में नई इकाई के गठन के लिए निर्धारित था, लेकिन कालाअंब इकाई के विशेष आग्रह पर उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर यहां अल्प प्रवास किया और स्थानीय उद्योगपतियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं, नीतिगत सहयोग, निवेश वातावरण और एमएसएमई क्षेत्र के सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ।

### पांवटा में 4 किलो 602 ग्राम चूरा,पोस्त स्कूटी से बरामद किया

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 4 किलो 602 ग्राम भुक्की/चूरा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना पांवटा साहिब की पुलिस टीम गश्त के दौरान टोल बैरियर पांवटा साहिब के पास मौजूद थी।

इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि विजय पुत्र राजकुमार, निवासी भाटांवाली, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर, स्कूटी पर हरबर्टपुर से भूपपुर की ओर आ रहा है और उसके पास भारी मात्रा में भुक्की/चूरा पोस्त है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 4 किलो 602 ग्राम भुक्की/चूरा पोस्त बरामद किया गया।

# खेत बचाओ अभियान के तहत ग्रामीणों को दिया गया प्रशिक्षण और जागरूकता संदेश




प्रशिक्षण शिविर के दौरान किसान।

**सोलन।** कंडाघाट स्तिथ कृषि विज्ञानं केंद्र, सोलन भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा 1 से 30 जून तक चलाए जा रहे खेत बचाओ अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहा है. इस अभियान के मध्येनज़र केंद्र के वैज्ञानिकों के दो दल किसानों के घर द्वार पर जाकर उन्हें जागरूक एवं प्रशिक्षित कर रहे हैं।

इसी कड़ी में केंद्र द्वारा 1 से 5 जून तक किसानों एवं नौणी विश्वविद्यालय के औद्यानिकी महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों को इस अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अमित विक्रम ने किसानों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें मिट्टी परीक्षण का महत्व तथा प्रशिक्षण के परिणाम अनुरूप खादों के संतुलित मात्रा में प्रयोग करने की सलाह दी, साथ ही साथ उन्होंने मृदा के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए भी प्रेरित किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने जल संरक्षण,प्राकृतिक खेती एवं उर्वरकों के संतुलित उपयोग विषयों पर पोस्टर के माध्यम से किसानों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किये। केंद्र के वैज्ञानिकों डॉ आरती शुक्ला, डॉ मीरा देवी एवं डॉ अनुराग शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को प्राकृतिक खेती के सभी स्तम्भ जैसे जीवामृत, घन जीवामृत, आच्छादन तथा वापसा विषयों पर प्रैक्टिकल के माध्यम से भी जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम के दौरान, केंद्र द्वारा 5 जून को पर्यावरण दिवस का भी आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 50 किसानों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम से किसानों को लाभ मिला।

# प्रधानमंत्री मोदी की दीर्घायु व राष्ट्र की उन्नति के लिए अग्रवाल एवं वैश्य समाज ने किया हवन

अनंत ज्ञान



प्रधानमंत्री की दीर्घायु के लिए किया गया हवन।

**सोलन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु, सफल नेतृत्व और देश की निरंतर प्रगति की कामना को लेकर गुरुवार को सोलन में अग्रवाल एवं वैश्य समाज द्वारा सामूहिक हवन एवं सहभोज का आयोजन किया गया। स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता एवं वार्ड-12 की नवनिर्वाचित पार्षद प्रियंका अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों की बड़ी संख्या मौजूद रही।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है और देश विकास, सुरक्षा तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्य अतिथि प्रियंका अग्रवाल सहित उपस्थित लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन कुंड में आहुतियां देकर प्रधानमंत्री की दीर्घायु और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वक्ताओं ने भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार में अग्रवाल समाज के योगदान को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जनसंघ के गठन काल से ही अग्रवाल समाज संगठन को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। इस दौरान स्वर्गीय अमरनाथ बंसल, राम कुमार बिंदल, शशि भूषण मित्तल और सत्यप्रकाश गोयल के योगदान को भी स्मरण किया गया।

कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के प्रधान दिनेश गर्ग, वरिष्ठ उपप्रधान सतीश बंसल, महासचिव राकेश अग्रवाल, वैश्य समाज के प्रधान रमेश बंसल, श्री श्याम परिवार ट्रस्ट सोलन के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, त्रिलोक अग्रवाल, पंकज बंसल, डॉ. सुधा गुप्ता, सतीश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, पवन गोयल, रमेश सिंगला, चंद्रपाल अग्रवाल, सांवल मल, भूपेंद्र बंसल, विनय गुप्ता, निशांत गोयल, राहुल गोयल, विक्रम गुप्ता, मदन गुप्ता, सुनील गर्ग, विनोद गुप्ता, अंकित अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता, सुशील बंसल, टिक्का राम, विनोद कुमार गुप्ता और अरूष गुप्ता सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

# धुंदन स्कूल में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान




सफाई करते हुए छात्र।

**दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवियों द्वारा श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी संतोष बद्दू के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर में उगी झाड़ियों एवं अनावश्यक घास-फूस की सफाई कर स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्रमदान के दौरान स्वयंसेवियों ने पूरे उत्साह एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए स्वच्छता और सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को साफ-सुथरा बनाने के साथ विद्यार्थियों को सामूहिक कार्य और सामाजिक दायित्वों के प्रति भी जागरूक किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनोरमा कुमारी चड्ढा ने स्वयंसेवियों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्रमदान विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, स्वच्छता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यालय एवं समाज को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवियों को स्वास्थ्यवर्धक अल्पाहार भी वितरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवियों ने न केवल परिसर की सफाई की बल्कि पौधों की देखभाल और आसपास के क्षेत्र को भी व्यवस्थित किया। एनएसएस इकाई ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी संतोष बद्दू ने कहा कि ऐसे श्रमदान गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने सभी स्वयंसेवियों को निरंतर सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर शिक्षकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन से विद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा और स्वच्छता का संदेश फैल गया। विद्यालय प्रशासन ने ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने पर जोर दिया। स्वच्छता और अनुशासन भी बढ़ेगा।

# आरटीओ सोना चंदेल की कार्यशैली बनी चर्चा का विषय




आरटीओ सोना चंदेल।

अनंत ज्ञान

**शिलाई।** समाज और प्रशासन के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी बनाने में ईमानदार, निष्पक्ष और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। जिला सिरमौर की क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) सोना चंदेल अपनी कार्यशैली, सादगी और निष्पक्ष निर्णयों के कारण इन दिनों लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं। स्थानीय स्तर पर लोगों का मानना है कि सोना चंदेल ने नियमों के पालन को सर्वोपरि रखते हुए अपने तथा अपने रिश्तेदारों के वाहनों के चालान काटकर यह संदेश दिया है कि कानून सभी के लिए समान है। उनके इस कदम को प्रशासनिक निष्पक्षता और पारदर्शिता का उदाहरण माना जा रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न वर्गों के लोगों का कहना है ऐसे अधिकारी न केवल आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करते हैं, बल्कि युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनते हैं।

# नाहन बीडीसी चुनाव में रमेश चौधरी अध्यक्ष एवं माया देवी उपाध्यक्ष चुने गए

अनंत ज्ञान



**नाहन।** खण्ड विकास समिति में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित रमेश चौधरी व उपाध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित माया देवी निर्वाचित हुई। बीडीओ ऑफिस नाहन में एस.डी.एम. राजीव संख्यान की अध्यक्षता में आयोजित निर्वाचन बैठक में भाजपा समर्थित 11 सदस्यों ने भाग लिया। कांग्रेस की तरफ कोई भी सदस्य निर्वाचन बैठक में नहीं पहुंचा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने भाजपा समर्थित नाहन खण्ड विकास समिति के गठन की समस्त क्षेत्र वासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई दी है। डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों और निर्णयों से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय से लेकर पंचायती राज चुनाव में जनता ने कांग्रेस के खिलाफ अपना जनमत दे दिया है और प्रदेश में कांग्रेस सरकार जाने वाली है और भाजपा सरकार आने वाली है। एस.डी.एम. राजीव संख्यान ने आज ही नव निर्वाचित अध्यक्ष रमेश चौधरी और उपाध्यक्ष माया देवी को शपथ भी दिलवाई। नाहन खण्ड विकास समिति के गठन को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

भाजपा समर्थित प्रतिनिधियों ने इसे जनता के समर्थन का परिणाम बताया, जबकि कांग्रेस की अनुपस्थिति पर भी चर्चा रही। नव निर्वाचित अध्यक्ष रमेश चौधरी और उपाध्यक्ष माया देवी ने विकास कार्यों को प्राथमिकता देने और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया।

# पार्षद कपिल गर्ग ने निजी खर्च से शुरू कराया रामकुंडी तालाब का जीर्णोद्धार

अनंत ज्ञान



**नाहन।** नगर परिषद चुनाव के नतीजे आए अभी कुछ ही दिन हुए हैं। नगर परिषद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव भी शेष है, लेकिन वार्ड नंबर-1 से नवनिर्वाचित पार्षद कपिल गर्ग उर्फ मोंटी ने अपने चुनावी वादों को अमलीजामा पहनाने की शुरुआत कर दी है।

शहर की ऐतिहासिक पहचान रहे रामकुंडी तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू होते ही यह पहल पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गई है ।वर्षों से जर्जर हालत में पड़ा रामकुंडी तालाब पानी के अभाव, गाद और झाड़ियों के कारण अपनी पहचान खो चुका था। स्थानीय लोगों की नजरों के सामने धीरे-धीरे यह ऐतिहासिक स्थल खंडहर में तब्दील होता जा रहा था। चुनाव प्रचार के दौरान कपिल गर्ग ने इस स्थान के पुनर्जीवन का वादा किया था और अब जीत के तुरंत बाद उन्होंने उस दिशा में पहला कदम भी उठा दिया है। वार्डवासियों और सहयोगियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीनें लगाकर तालाब में जमी गाद, मिट्टी, झाड़ियां और घास-फूस हटाने का काम शुरू किया गया।

खास बात यह है कि यह कार्य फिलहाल किसी सरकारी बजट से नहीं बल्कि कपिल गर्ग द्वारा अपने निजी संसाधनों से करवाया जा रहा है। कपिल गर्ग ने बताया कि रामकुंडी केवल एक तालाब नहीं बल्कि नाहन की ऐतिहासिक विरासत का हिस्सा है। लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहे इस स्थल को नई पहचान देने के लिए विस्तृत योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी चरण में करीब डेढ़ से दो करोड़ रुपये की लागत से यहां आधुनिक पार्क विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### नवनिर्वाचित प्रधान-उपप्रधान 15 को लेंगे शपथ

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले की 249 ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधानों एवं उपप्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह 15 जून को आयोजित किया जाएगा। समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री नव-निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को शपथ दिलाएंगे। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह 15 जून को प्रातः 10 बजे लता मंगेशकर कला केंद्र में आयोजित होगा। उन्होंने सभी नव-निर्वाचित प्रधानों एवं उपप्रधानों से समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर समारोह में भाग लेने का आग्रह किया है। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### श्रीकृष्ण नहीं चाहते थे महाभारत युद्ध हो : गौरदास

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** डेरा बाबा रूद्रानंद जी अमलेहड़ में स्वामी हेमानंद महाराज के सान्निध्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा के दौरान राष्ट्रीय संत गौरदास महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भागवत महिमा का विस्तृत वर्णन किया। वीरवार को अपने प्रवचनों में संत गौरदास जी महाराज ने कहा कि पृथ्वी का सबसे प्राचीन तीर्थ श्री नैमिषारण्य है, जबकि प्रथम शिवालय श्री सोमनाथ मंदिर माना जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कभी नहीं चाहते थे कि महाभारत का युद्ध हो। उन्होंने युद्ध टालने के लिए अनेक प्रयास किए, लेकिन दुर्योधन ने किसी भी समझौते को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने बताया कि युद्ध समाप्त होने के बाद जब भगवान श्रीकृष्ण द्वारका लौटने लगे तो माता कुंती ने उन्हें रोकने की प्रार्थना की। इसी दौरान अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा विलाप करती हुई प्रभु के पास पहुंची और बताया कि अश्वत्थामा ने उसके गर्भ पर ब्रह्मास्त्र का प्रहार किया है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने दिव्य स्वरूप से उत्तरा के गर्भ में प्रवेश कर नौ माह तक बालक परीक्षित की रक्षा की। उन्होंने आगे बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह को भी अंतिम समय दर्शन दिए। जीवनभर प्रभु का स्मरण करने वाले भीष्म पितामह ने भगवान के दर्शन करते हुए अपने प्राण त्यागे।

### जनगणना-2027 के लिए प्रशिक्षण संपन्न

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जनगणना -2027 के प्रथम चरण हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस (एचएलओ) के सफल संचालन के लिए ऊना तहसील डीआरडीए हॉल में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तहसीलदार एवं चार्ज ऑफिसर विपन ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में लगभग 100 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों ने भाग लेकर जनगणना कार्य से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्राप्त कीं। प्रशिक्षण का संचालन समन्वयक मीना कुमारी एवं फील्ड ट्रेनर राकेश शर्मा एवं डॉ. किशोरी लाल शर्मा द्वारा किया गया, दोनों प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को एचएलओ मोबाइल ऐप के उपयोग, भवन एवं परिवार सूचीकरण, डिजिटल डेटा संग्रहण, जीपीएस आधारित मैपिंग तथा ऑनलाइन रिपोर्टिंग की प्रक्रियाओं का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रगणकों को फील्ड में आने वाली संभावित चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षकों ने जनगणना कार्य में डेटा की शुद्धता, गोपनीयता तथा समयबद्धता के महत्व पर विशेष बल दिया।

### चिंतपूर्णी की बहुमंजिला पार्किंग में फैली दुर्गंध

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी स्थित बाबा श्री माई दास सदन की बहुमंजिला पार्किंग में इन दिनों अव्यवस्थाओं के कारण श्रद्धालुओं और स्थानीय वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्किंग की छत से गुजर रही पाइपलाइन से लगातार गंदा पानी रिसकर नीचे फर्श पर गिर रहा है, जिससे परिसर में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई है। विशेष रूप से कुछ पिलरों के आसपास बड़ी मात्रा में गंदा पानी जमा होने से पूरे पार्किंग परिसर में तीव्र दुर्गंध फैल रही है। इसके चलते यहां वाहन खड़े करने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। पावन धार्मिक स्थल पर फैली इस अव्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। मामले को लेकर जब मंदिर अधिकारी संजीव प्रभाकर से संपर्क किया गया तो उन्होंने समस्या पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि मंदिर न्यास के कनिष्ठ अभियंता (जेई) को पाइपलाइन की जांच कर शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मंदिर अधिकारी ने आश्वासन दिया कि रिसाव की समस्या का जल्द समाधान कर पार्किंग परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# बंगाणा अस्पताल को लगातार दूसरी बार 'कायाकल्प अवॉर्ड'

## जल्द मिलेगी ऑपरेशन थियेटर की सुविधा, स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। सिविल अस्पताल बंगाणा को वर्ष 2026 के 'कायाकल्प अवॉर्ड' के लिए लगातार दूसरी बार चयनित किया गया है। राज्य स्तरीय टीम द्वारा फरवरी और मार्च 2026 में किए गए निरीक्षण एवं सर्वेक्षण के आधार पर अस्पताल का चयन किया गया।

यह पुरस्कार अस्पताल में स्वच्छता, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों की देखभाल, साफ-सफाई तथा प्रभावी अस्पताल प्रबंधन के आधार पर प्रदान किया जाता है। इस उपलब्धि के लिए अस्पताल को दो लाख रुपए की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सिविल अस्पताल बंगाणा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय स्थान हासिल कर जिला ऊना का नाम रोशन किया है। इस सफलता का श्रेय अस्पताल प्रशासन, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों की सामूहिक मेहनत एवं समर्पण को दिया जा रहा है। सिविल अस्पताल बंगाणा में जल्द ही ऑपरेशन थियेटर (ओटी) की सुविधा शुरू होने जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए आवश्यक मशीनरी एवं उपकरण उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। ओटी सुविधा शुरू होने के बाद मरीजों को सामान्य सर्जरी और अन्य ऑपरेशन संबंधी सेवाओं के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना अथवा अन्य अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

कार्यकारी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक दरोच ने बताया कि नागरिक अस्पताल बंगाणा में ऑपरेशन थिएटर स्थापित करने के लिए उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही आधुनिक मशीनें एवं आवश्यक उपकरण स्थापित कर दिए जाएंगे। ओटी सुविधा शुरू होने के बाद अस्पताल में सामान्य सर्जरी सहित कई आवश्यक ऑपरेशन किए जा सकेंगे, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में भी मरीजों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा।

### विधायक के प्रयासों से बदली अस्पताल की तस्वीर



**कुटलैहड़** के विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों से अस्पताल में कई नई सुविधाएं शुरू की गई हैं। पिछले दो वर्षों के दौरान सिविल अस्पताल बंगाणा में स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। अस्पताल में सस्ती दवाइयों की दुकान, अल्ट्रासाउंड सुविधा, स्त्री रोग विशेषज्ञ की तैनाती, कैंटीन सुविधा तथा अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिससे आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को तत्काल उपचार मिल रहा है।

◆ बेहतर सेवाओं, मरीजों की देखभाल एवं स्वच्छता के लिए दिया गया सम्मान

# कृषि सहकारी सभा संसोवाल ने मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित


मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते कृषि सहकारी सभा संसोवाल के पदाधिकारी।

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हरौली क्षेत्र की संसोवाल कृषि सहकारी सभा के आम इजलास में मेधावी स्टूडेंट्स को सहकार ग्राम प्रतिभा सम्मान पुरस्कार देकर नवाजा गया। सभा की ओर से प्रेरणा, आनंदिता, राधिका गुलेरिया व राजवीर को 1100-1100 रुपए की नकद राशि दी। सभा के चेयरमैन शिव शशि कंवर ने बताया कि सभा के विकास को ओर अधिक गति देने के लिए आम इजलास बुलाया गया है, जिसमें मेधावी स्टूडेंट्स को सहकार ग्राम प्रतिभा सम्मान पुरस्कार दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस सभा में गांव संसोवाल रोड़ा व समनाल के लोग सभा में खाते खुलवाने में अधिक दिलचस्पी ले रहे हैं। सभा में लगातार खाते खुल रहे हैं। सभा द्वारा उचित मूल्य की दुकान व किसानों के लिए खाद भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

आम इजलास में कृषि, बागवानी, इफको, कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से विषय बाद विशेषज्ञों की ओर से किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि हर फल ,फसल बारे खेतों में जाकर किसानों को जानकारी दी जा रही है। फसल बीमा योजना का लाभ लेने बारे जागरूक किया गया। अधिक जानकारी के लिए विभाग से भी संपर्क किया जा सकता है।

> संसोवाल कृषि सहकारी सभा क्षेत्र में मॉडल के तौर पर उभरी है। सभा के सभी कार्य खाताधारक हित में हैं। सभा को विकसित करने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं।
> **-शिव शशि कंवर, अध्यक्ष संसोवाल कृषि सहकारी सभा**

# धार्मिक नगरी चिंतपूर्णी में घायल गोवंश का किया रेस्क्यू

अनंत ज्ञान



**चिंतपूर्णी।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी के बाबा श्री माईदास सदन स्थित पार्किंग क्षेत्र में स्थानीय निवासियों, मंदिर न्यास के कर्मियों और फायर ब्रिगेड की टीम ने सूझबूझ और सामूहिक सहयोग का परिचय देते हुए एक गंभीर रूप से घायल बैल को सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के तुरंत बाद पशु चिकित्सक द्वारा बैल का त्वरित उपचार कर उसे नया जीवन दिया गया। पशु चिकित्सक डॉ. हर्ष ठाकुर ने बताया कि उन्हें फायर ब्रिगेड कार्यालय के ठीक सामने पार्किंग क्षेत्र में यह बैल मिला था, जिसकी हालत बेहद नाजुक और दयनीय थी। बैल के शरीर पर बड़े-बड़े मस्से थे, जिनके कारण गहरे जख्म बन गए थे। स्थानीय निवासी अजय कुमार, वरुण शर्मा, मंदिर न्यास के कर्मचारियों और फायर ब्रिगेड की टीम ने बिना समय गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सभी ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद बैल को सुरक्षित तरीके से काबू किया। इसके तुरंत बाद डॉ. हर्ष ठाकुर ने बैल का इलाज शुरू किया। डॉ. हर्ष ठाकुर ने आम जनता से अपील की कि यदि यह बैल दोबारा क्षेत्र में दिखाई देता है, तो उसकी फिर से ड्रेसिंग की जाएगी, ताकि वह पूरी तरह स्वस्थ हो सके।

# बढेड़ा में निक्षय शिविर में जांचा 70 लोगों का स्वास्थ्य

## शिविर में किए 87 लैब परीक्षण; निशुल्क प्रदान कीं एक्स-रे सेवाएं, टीबी के लक्षण व इलाज बताया

अनंत ज्ञान

**हरोली।** टीबी मुक्त भारत अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से स्वस्थ खंड हरोली एवं सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा, हरोली के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बढेड़ा में विशेष निक्षय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान कुल 87 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 87 लैब जांचें एवं एक्स-रे सेवाएं निशुल्क प्रदान की गईं। इसके अलावा मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श, दवाइयां तथा स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन भी उपलब्ध करवाया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को क्षय रोग (टीबी) के लक्षणों, समय पर जांच एवं उपचार के महत्व तथा रोग से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उपस्थित लोगों को टीबी के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी संदिग्ध लक्षण की स्थिति में तुरंत स्वास्थ्य संस्थान से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।



बढेड़ा में विशेष निक्षय शिविर में जांच करवाने पहुंचे लोग व स्वास्थ्य विभाग की टीम।

शिविर के दौरान सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की टीम ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए चलने-फिरने में असमर्थ मरीजों तक भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई। इसी क्रम में टीम एक बार फिर पारस बैंस के घर पहुंची और उनका तथा उनकी माताजी का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम ने दोनों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. वंदना, सीएचओ वंदना, गुलशन कुमार, सतिंद्र (फार्मासिस्ट), निहाल सिंह, मनीष, आशा वर्कर्स एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर को सफल बनाने में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा। शिविर के समापन पर स्वास्थ्य टीम ने लोगों से 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' के संकल्प को साकार करने तथा टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।

# 'प्रयास' संस्था ने दो जरूरतमंद परिवारों को दी ऑक्सीजन कंसंट्रेटर सहायता

अनंत ज्ञान



**बरमाणा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के सहयोग व मार्गदर्शन में संचालित 'प्रयास' संस्था ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के दो जरूरतमंद परिवारों को तत्काल स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराई है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत धौण कोठी के गांव वलोह निवासी हरी सिंह की माताजी तथा नगर परिषद बिलासपुर वार्ड-1 गांधी मार्केट निवासी साजिद के चाचा लंबे समय से गंभीर सांस रोग से पीड़ित हैं। दोनों परिवारों को इस समय चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी। जैसे ही मामला संस्था के संज्ञान में आया, तुरंत सहायता उपलब्ध करवाई गई।

अवाहदेवी कार्यालय में दोनों मरीजों के परिजनों को एक-एक आधुनिक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर निशुल्क प्रदान किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। 'प्रयास' संस्था के डॉक्टर विकास ठाकुर ने परिजनों को उपकरण के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी और किसी भी समस्या के लिए संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराया। संस्था ने बताया कि डॉक्टर की पर्ची और आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर जरूरतमंद मरीज इन उपकरणों का लाभ ले सकते हैं। इस सहायता के लिए परिजनों और स्थानीय लोगों ने सांसद अनुराग ठाकुर और प्रयास संस्था का आभार व्यक्त किया।

# खेलों से जुड़ें, नशे से रहें दूर : कैप्टन बालक राम शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश वेटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन बालक राम शर्मा ने कहा कि युवाओं और बच्चों को खेलों की ओर प्रेरित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उन्हें चिट्टा जैसे घातक नशों से दूर रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज कई युवा गलत संगत और नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, जिसका मुख्य कारण उचित मार्गदर्शन और सकारात्मक गतिविधियों की कमी है। यदि बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों और अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाए तो वे स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वासी बन सकते हैं। कैप्टन शर्मा ने सरकार, प्रशासन और समाज से गांव-गांव में खेल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को भी इस गंभीर समस्या पर ध्यान देना चाहिए ताकि युवाओं को नशे के दलदल से बचाकर उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।



# जनगणना ड्यूटी को लेकर शिक्षकों में रोष

अनंत ज्ञान

**स्वारघाट/बिलासपुर।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश ने जनगणना-2027 के तहत शिक्षकों से स्कूल समय के बाद तथा छुट्टियों में जनगणना कार्य करवाने संबंधी निर्देशों का कड़ा विरोध किया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि ऐसे आदेशों को वापस नहीं लिया गया तो शिक्षक जनगणना कार्य के बहिष्कार के लिए मजबूर होंगे।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा ने बताया कि डीसी चंबा द्वारा जनगणना-2027 में ड्यूटी पर लगाए गए शिक्षकों से दिन में नियमित स्कूल कार्य करवाने तथा स्कूल समय समाप्त होने के बाद और अवकाश के दिनों में जनगणना कार्य करवाने के निर्देश उपमंडल दंडाधिकारियों और जिला शिक्षा उपनिदेशकों को दिए गए हैं। इन निर्देशों के बाद शिक्षकों में भारी असंतोष व्याप्त है।

उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य अत्यंत व्यापक और समय लेने वाला है, जिसे स्कूल समय के बाद पूरा करना संभव नहीं है। एक ओर शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई और विद्यालयी गतिविधियों की जिम्मेदारी निभानी पड़ती है, वहीं दूसरी ओर जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य का अतिरिक्त बोझ डालना अनुचित है। रमेश शर्मा ने कहा कि जनगणना ड्यूटी में बड़ी संख्या में महिला अध्यापकों को भी लगाया गया है। यदि उन्हें देर शाम या रात तक फील्ड में कार्य करना पड़ता है तो उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में कभी भी जनगणना का कार्य इस प्रकार स्कूल समय के बाद नहीं करवाया गया और इसके लिए अलग से पूर्णकालिक समय निर्धारित किया जाता रहा है।

◆ स्कूल समय के बाद कार्य करवाने के आदेश वापस लेने की मांग

संघ ने मांग की है कि स्कूल समय के बाद तथा छुट्टियों में जनगणना कार्य करवाने संबंधी सभी आदेश तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाएं। साथ ही सरकार अन्य विभागों के कर्मचारियों की भी सेवाएं लेकर जनगणना कार्य को सुचारु रूप से संचालित करे।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने आरोप लगाया कि विभाग अपनी प्रशासनिक कमियों को छिपाने के लिए शिक्षकों पर अतिरिक्त दबाव बना रहा है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि शिक्षकों की जायज मांगों की अनदेखी की गई तो आगामी दिनों में आंदोलनात्मक कदम उठाने पर भी विचार किया जाएगा।

### बिलासपुर में दो मामलों में 5.38 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिलासपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कुल 5.38 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद कर पांच लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पहले मामले में थाना सदर के तहत स्पेशल डिटेक्शन टीम ने लेक व्यू कैफे घोलरा के पास नाकाबंदी के दौरान एक कार (एचपी-91-7001) को जांच के लिए रोका तो उससे 4.28 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। कार में सवार तीनों आरोपियों की पहचान दीप कुमार (टाली), शीतल (डियारा) और चंदन (कोठीपुरा) निवासी के रूप में हुई है। दूसरे मामले में थाना तलाई पुलिस ने गश्त के दौरान आईपीएच पंप हाउस के पास एक युवक को पकड़ा, जो पुलिस को देखकर भागने लगा और संदिग्ध वस्तु फेंक दी। जांच में उससे 1.1 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान आकाश निवासी तरनतारन (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### समर मेले में नन्हे बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्राम पंचायत मोरसिंघी के राजकीय प्राथमिक पाठशाला मसधाण में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में समर मेले का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वृत्त पर्यवेक्षिका श्याम देई ने की। 3 से 6 वर्ष के बच्चों ने चित्रकला, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभा दिखाई। इसका उद्देश्य बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक व भावनात्मक विकास को प्रोत्साहित करना है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं व अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर शकुंतला देवी, कृष्णी देवी, निर्मला देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### साइक्लिस्ट सचिन ने राइड से दिया फिटनेस का संदेश

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बिलासपुर के साइक्लिस्ट सचिन भारद्वाज ने 145 किलोमीटर लंबी साइकिल यात्रा कर लोगों को फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने बिलासपुर से जंजैहली तक का यह चुनौतीपूर्ण सफर 15 घंटे में पूरा किया। उनकी यात्रा बिलासपुर से शुरू होकर बरमाना, सलापड़, सुंदरनगर और बग्गी होते हुए चैलचैक व करसोग रोड तक पहुंची। इसके बाद उन्होंने कुकड़ीगालू, मांडूनाला, किलिंग और हटगढ़ मार्ग से लौटकर बिलासपुर में यात्रा समाप्त की। सचिन ने बताया कि तेज गर्मी, खड़ी चढ़ाइयों और घुमावदार पहाड़ी रास्तों के बावजूद उन्होंने यह सफर पूरा किया। इस दौरान तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। उन्होंने लोगों से छोटे कार्यों के लिए वाहनों के बजाय साइकिल अपनाने की अपील की।



### जुखाला पंचायत कार्यालय में एक माह से पेयजल संकट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भीषण गर्मी के बीच ग्राम पंचायत जुखाला कार्यालय पिछले करीब एक महीने से गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहा है। स्थिति यह है कि पंचायत भवन में आने वाले लोगों के लिए पीने का पानी उपलब्ध नहीं है और शौचालयों को भी बंद करना पड़ा है। वाटर कूलर भी पानी न होने के कारण बेकार पड़ा है। पंचायत कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधा के अभाव में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक दिक्कत बुजुर्गों, महिलाओं और दूरदराज से आने वाले लोगों को हो रही है। पंचायत सचिव सतीश कुमार ने बताया कि पिछले 26 दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है। इस संबंध में जल शक्ति विभाग को कई बार सूचित किया गया, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। पानी की कमी के कारण शौचालयों में गंदगी फैलने पर उन्हें बंद करना पड़ा। वहीं, जल शक्ति विभाग के एसडीओ निशांत कपूर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की कॉलोनी में जेसीबी कार्य के दौरान पंचायत भवन की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। मरम्मत कार्य जल्द शुरू किया जाएगा और दो दिन के भीतर पेयजल आपूर्ति बहाल करने का प्रयास रहेगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द व्यवस्था सुधारकर पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाएं बहाल की जाएं।

### आम आदमी पार्टी से नंदलाल चंदेल बने जिला अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी जिला बिलासपुर के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक सर्किट हाउस बिलासपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दिल्ली से हमीरपुर लोकसभा सह-प्रभारी छाया तिवारी ने की। इस बैठक में जिला कार्यकारिणी तथा तीनों विधानसभा क्षेत्रों की कार्यकारिणियों का गठन किया गया। पार्टी संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। जिला अध्यक्ष पद पर नंदलाल चंदेल को नियुक्त किया गया, जबकि सतीश शर्मा को जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। झाडूत्ता विधानसभा अध्यक्ष के रूप में कपिल शर्मा, नयना देवी जी विधानसभा से राजकुमार और बिलासपुर विधानसभा से आशीष गौतम को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा स्वपन ठाकुर को जिला उपाध्यक्ष तथा राजनकांत शर्मा को सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। वहीं विधानसभा बिलासपुर के ऑब्जर्वर के रूप में पूर्णेन्दर मोहन कश्यप को पदभार सौंपा गया।

# बिलासपुर के दो स्कूलों ने 'विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025' में लहराया परचम

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित नवाचार प्रतियोगिता 'विकसित भारत बिल्डाथॉन-2025' में बिलासपुर जिले के दो सरकारी स्कूलों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुखाला और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठी के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शिक्षा विभाग की उप निदेशक (स्कूल शिक्षा गुणवत्ता) ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को हार्दिक बधाई दी है।

जिले की 445 पाठशालाओं ने इस प्रतियोगिता में पंजीकरण कराया था और कुल 890 मॉडल एवं प्रोटोटाइप प्रस्तुत किए गए। जिला समन्वयक अतुल शर्मा के अनुसार जुखाला स्कूल की छात्राएं गरिमा शर्मा, याशिका, सिमरन और अनन्या शर्मा तथा बरठी स्कूल की अविका शर्मा की टीम ने जिला स्तर पर चयनित 1000 विजेताओं में स्थान बनाया। शिक्षा मंत्रालय, नीति आयोग और अटल इनोवेशन मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस देशव्यापी स्कूल हैकाथॉन में विद्यार्थियों ने रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और नवाचार क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। छात्रों ने 'स्वदेशी और समृद्ध भारत' की थीम पर आधारित प्रोजेक्ट तैयार कर अपने विचारों को 2 से 5 मिनट के वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसे विशेषज्ञों ने सराहा।

विजेता टीमों को नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और आगे अपने प्रोटोटाइप को विकसित करने के लिए मेंटरशिप, कॉर्पोरेट सहयोग तथा संसाधन सहायता प्रदान की जाएगी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के प्रधानाचार्य राकेश मनकोटिया ने भी इस उपलब्धि पर छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी। उप शिक्षा निदेशक ने इसे जिले के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह सफलता शिक्षा में नवाचार और अनुभवात्मक अधिगम को बढ़ावा देने का परिणाम है।

# आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटी 'आप' : छाया

**अनंत ज्ञान, अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** आम आदमी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में दिल्ली से हमीरपुर लोकसभा की सह-प्रभारी छाया तिवारी ने बिलासपुर सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संगठन को मजबूत करने और चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। छाया तिवारी ने कहा कि हाल ही में हुए पंचायती राज चुनावों में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले विधानसभा चुनावों में भी पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी और जनता तीसरे विकल्प के रूप में आम आदमी पार्टी को मौका देगी। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस और भाजपा दोनों को देख चुकी है, अब बदलाव की जरूरत है।

उन्होंने युवाओं की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी युवाओं के साथ मजबूती से खड़ी है। हाल ही में युवाओं द्वारा बनाई गई 'कॉकरोच पार्टी' का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि युवा अपने हकों के लिए संघर्ष कर रहे हैं और पार्टी इस लड़ाई में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी देश सेवा और देश प्रेम की भावना से काम करने वाली पार्टी है।

# एम्स की आपात सेतु पहल को प्रदेशभर में लागू करने का करेंगे प्रयास : धर्माणी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि एम्स बिलासपुर की 'आपात सेतु' पहल को प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों से जोड़कर लागू करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिल सके। एम्स बिलासपुर के दौरे के बाद अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत मरीज के एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में रेफर होने पर उसकी पूरी जानकारी पहले से उपलब्ध रहेगी, जिससे इलाज में देरी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि शुरुआत में इस योजना को जिला बिलासपुर के स्वास्थ्य संस्थानों से जोड़ा जाएगा।

मंत्री ने कहा कि एम्स संस्थान को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। संस्थान की विभिन्न समस्याओं जैसे रेन शेल्टर, पार्किंग, स्टाफ परिवहन और अतिरिक्त स्टाफ क्वार्टर को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एम्स में उपलब्ध आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की तर्ज पर प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को भी उन्नत किया जाएगा, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस अवसर पर एम्स कार्यकारी निदेशक ले. जर्नल दलजीत सिंह ने मंत्री का स्वागत किया और संस्थान की विस्तृत जानकारी दी।



### तकनीकी शिक्षा मंत्री ने डंगार स्कूल के विद्यार्थियों से किया संवाद

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उन्हें जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता और स्पष्ट लक्ष्य के साथ लगातार प्रयास ही सफलता की कुंजी है। संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षा, लैंगिक समानता और व्यवस्था से जुड़े सवाल पूछे। एक छात्रा द्वारा अंग्रेजी शिक्षक की कमी का मुद्दा उठाने पर मंत्री ने जल्द नियुक्ति का आश्वासन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बेटियों के सम्मान और सुरक्षा की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर मंत्री ने स्कूल में खेल सुविधाओं के विकास के लिए 15 लाख रुप की घोषणा की।

## न्यूज ब्रीफ

### आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, पांगी।** बाल विकास परियोजना पांगी के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र हुडान भटोरी, प्रघवाल और धनाला में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 3 रिक्त पद भरे जाएंगे। पात्र महिला उम्मीदवारों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 निर्धारित है। आवेदिका की आयु 18 से 35 वर्ष तथा परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार 1 जुलाई सायं 5 बजे तक आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन बाल विकास परियोजना अधिकारी, पांगी (किलाड़), जिला चंबा कार्यालय में जमा करवा सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए 70182-08894 और 98771-85933 पर संपर्क करें।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 30 तक भेजें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, मेडिकल, सामाजिक कार्यों, विज्ञान, नागरिक सेवा, उद्योग और अन्य क्षेत्रों में सराहनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष दिए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के क्रम में अगले वर्ष के पद्म पुरस्कार-2027 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी पत्र के अनुसार पद्म पुरस्कार-2027 के आवेदन संबंधित विभागों की संस्तुतियों सहित 30 जून तक सामान्य प्रशासन विभाग में पहुंच जाने चाहिए।

पोहलानी माता बारह पत्थर मेले एवं कुश्ती दंगल की तैयारियां पूर्ण

### पोहलानी माता बारह पत्थर में दंगल 14 को

**अनंत ज्ञान, अजीत सिंह, डलहौजी।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पोहलानी माता बारह पत्थर में 14 जून 2026 को आयोजित होने वाले पारंपरिक मेला एवं विशाल कुश्ती दंगल की तैयारियों को लेकर मेला कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयोजन, खिलाड़ियों के स्वागत एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मेला कमेटी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रविवार को मेले के साथ दंगल आयोजित किया जाएगा, जिसमें दूर-दराज से पहलवान भाग लेंगे। बड़ी माली के विजेता को पारंपरिक बड़ी बलटोही तथा उपविजेता को छोटी बलटोही दी जाएगी। छोटी माली और अंडर-19 वर्ग के विजेताओं को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। कमेटी ने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में पहुंचकर मेले की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

### मुगला में 13 जून को लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में 13 जून (शनिवार) को मानवता की सेवा और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं राजपिता रमित की प्रेरणा से हो रहा है। शिविर में मुकेश रेपसवाल मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक चलेगा। इसमें मेडिकल कॉलेज चंबा की टीम रक्त संग्रहण एवं स्वास्थ्य जांच करेगी। जोनल इंचार्ज दुनी चंद ने युवाओं और समाजसेवियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### जनगणना ड्यूटी को लेकर विरोध, सौंपा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, देशराज कश्यप, धरवाला।** मैहला क्षेत्र में विद्यालयीन समय के दौरान जनगणना कार्य लगाए जाने और स्कूल समय के बाद अतिरिक्त दबाव बनाए जाने से शिक्षकों में आक्रोश है। सरकारी शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने एकजुट होकर विरोध दर्ज किया और चार्ज अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने कहा कि वे राष्ट्रीय कार्य में सहयोग के लिए तैयार हैं, लेकिन इससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। भौगोलिक कठिनाइयों और दूर-दराज गांवों में ड्यूटी होने से आवागमन भी चुनौतीपूर्ण है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि शिक्षकों को पूर्ण समय दिया जाए और बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता दी जाए।

# चंबा और कांगड़ा जिले को जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित सड़क के लिए आगे आए ग्रामीण

## भूमि गिफ्ट डीड की मुहिम हुई तेज, संपर्क मजबूत होने से बढ़ेंगे नए अवसर

अनंत ज्ञान



नयागांव-बजोल-बड़ाभंगाल सड़क परियोजना को पूरा करने के प्रयास तेज।

**ओपी शर्मा, भरमौर।** चंबा और कांगड़ा जिलों को सीधे जोड़ने वाली नयागांव-बजोल-बड़ाभंगाल सड़क परियोजना को पूरा करने के लिए अब स्थानीय लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रयास तेज कर दिए हैं।

वर्षों से अधूरी पड़ी इस बहुप्रतीक्षित सड़क के निर्माण में भूमि गिफ्ट डीड सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है, जिसके चलते ग्रामीणों को आज भी आवागमन की भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत ग्रौंडा की प्रधान कविता देवी ने राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग की टीम की मौजूदगी में ग्रामीणों के साथ बैठक कर लोगों से सड़क निर्माण के लिए अपनी भूमि की गिफ्ट डीड जल्द करने का आग्रह किया। इस अवसर पर उपप्रधान शेर सिंह, वार्ड पंच रीना देवी सहित धारडी गांव के अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार 21 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित सड़क में नयागांव की ओर से करीब 9 किलोमीटर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन शेष हिस्से में भूमि उपलब्ध न होने के कारण काम लंबे समय से रुका हुआ है। सड़क निर्माण में देरी का खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों का मानना है कि सड़क बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और व्यापार के नए अवसर खुलेंगे तथा दुर्गम क्षेत्रों के लोगों को बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। प्रधान कविता देवी ने कहा कि यह केवल एक सड़क नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास की जीवनरेखा है। यदि सभी लोग सहयोग करें और समय रहते भूमि गिफ्ट डीड की प्रक्रिया पूरी हो जाए तो वर्षों पुराना सपना जल्द साकार हो सकता है। समाजसेवी अश्विनी कुमार ने भी लोगों से आगे आने की अपील करते हुए कहा कि यह परियोजना चंबा और कांगड़ा को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण विकास योजना है। सड़क बनने से दोनों जिलों के बीच दूरी कम होगी और क्षेत्र के सामाजिक व आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर सभी को इस जनहितकारी परियोजना के लिए सहयोग देना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को बेहतर सड़क सुविधा का लाभ मिल सके।

# धधकते जंगलों से तपता रहा चंबा, बारिश ने दी राहत



अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा जिले के जंगलों में पिछले कई दिनों से लगी आग ने पूरे क्षेत्र के जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। जिला मुख्यालय से लेकर दूरदराज के गांवों तक पहाड़ियों पर धधकते जंगल और धुएं के गुबार आम दृश्य बन गए थे। आग की घटनाओं से पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा और तापमान में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

लगातार आग लगने से गर्मी का प्रकोप बढ़ता गया और कई क्षेत्रों में सामान्य से अधिक तापमान महसूस किया गया। धुएं की मोटी परत ने वायु गुणवत्ता को भी प्रभावित किया, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि वीरवार को हुई बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई और लोगों को गर्मी तथा धुएं से राहत मिली। फिर भी यह सवाल बना हुआ है कि हर वर्ष गर्मियों में होने वाली जंगल आग की घटनाओं पर रोक कब लगेगी। स्थानीय लोगों ने वन विभाग और प्रशासन से निगरानी व्यवस्था मजबूत करने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# 59 लाख से बनी उप मंडी तीसा का शुभारंभ



◆ विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने वर्चुअल किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चुराह।** चुराह क्षेत्र के किसानों और बागवानों के लिए वीरवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ, जब 59 लाख रुपए की लागत से निर्मित उप मंडी तीसा का शुभारंभ किया गया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने वर्चुअल माध्यम से इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का उद्घाटन किया।

आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस उप मंडी में छह दुकानें और एक कोल्ड स्टोर का निर्माण किया गया है, जिससे क्षेत्र के कृषि और बागवानी उत्पादों को बेहतर विपणन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। कुलदीप सिंह पठानिया ने तीसा क्षेत्र के किसानों और बागवानों को बधाई देते हुए कहा कि चुराह क्षेत्र फूलों, फलों तथा गैर-मौसमी सब्जियों के उत्पादन के लिए प्रदेशभर में अपनी अलग पहचान रखता है। हिमाचल प्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष दिलदार अली बट्ट ने उप मंडी तीसा के शुभारंभ को चुराह क्षेत्र के किसानों और बागवानों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी यशवंत खन्ना, जिला परिषद सदस्य निर्मला भूटानी, कृषि विभाग के उपनिदेशक भूपेंद्र कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।



### जो मैं कहता हूं, वो मैं करके दिखाता हूं: ललित ठाकुर

**कार्यक्रम** में एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने कहा कि जो वादा जनता से किया जाता है, उसे धरातल पर उतारना ही उनकी प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा 'जो मैं कहता हूं, वो मैं करके दिखाता हूं।' उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में किसानों और बागवानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है तथा कृषि और बागवानी क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा राज्य सरकार प्राकृतिक मक्की, गेहूं, जौं और हल्दी के लिए समर्थन मूल्य प्रदान कर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक प्राकृतिक खेती अपनाकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं।

पर्यटन सीजन में सतर्क हुआ पर्यटन विभाग

# पर्यटकों से ओवरचार्जिंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : राजीव मिश्रा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** जिले में पर्यटन सीजन की शुरुआत के साथ ही पर्यटन गतिविधियों में तेजी आने लगी है। पर्यटकों की बढ़ती आमद को देखते हुए पर्यटन विभाग ने भी व्यवस्थाओं को लेकर कमर कस ली है। जिला पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा ने कहा कि चंबा आने वाले पर्यटकों की सुविधा, सुरक्षा और अनुभव सुनिश्चित करने के लिए विभाग लगातार निगरानी बनाए हुए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी होटल, गेस्ट हाउस, टैक्सी संचालक अथवा अन्य पर्यटन सेवा प्रदाता द्वारा निर्धारित दरों से अधिक शुल्क वसूलने या पर्यटकों के साथ किसी प्रकार की अनुचित व्यवहार की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विभाग किसी भी स्थिति में पर्यटकों के हितों से समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि चंबा जिला अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण देशभर के पर्यटकों को आकर्षित करता है। खजियार, डलहौजी, चंबा, भरमौर, पांगी सहित जिले के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर इन दिनों पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों को नियमों का पालन करने और पर्यटकों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं जिम्मेदार व्यवहार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने पर्यटकों से भी अपील की कि वे चंबा की वादियों का आनंद लें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पर्यटन विभाग से संपर्क करें। विभाग द्वारा शिकायतों के त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला पर्यटन अधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि पर्यटन कारोबारियों, स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से इस पर्यटन सीजन में पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं और सुखद अनुभव प्राप्त होंगे।



अनंत ज्ञान स्पैशल

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ: संजय टंडन

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़/ऊना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने की उपलब्धि पर हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के हरोली गांव में विशेष हवन और प्रार्थना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता और हिमाचल प्रदेश भाजपा सह प्रभारी संजय टंडन ने कार्यक्रम में भाग लिया। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित कई पार्टी पदाधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

संजय टंडन ने कहा कि यह उपलब्धि केवल राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, सुशासन और जनकल्याण के प्रति समर्पित नेतृत्व का सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता, गरीब कल्याण और वैश्विक पहचान के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए विशेष प्रार्थना की गई। इस दौरान संजय टंडन ने गौ सेवा भी की और गायों को चारा खिलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व मंच पर नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है और विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम में विकसित भारत के संकल्प को भी दोहराया गया।

# जीएमसीएच-32 में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं पर हुआ मंथन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ।** गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच), सेक्टर-32, चंडीगढ़ के सामुदायिक चिकित्सा विभाग एवं मनोरोग विभाग द्वारा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण-2 (एनएमएचएस-2) के अंतर्गत मेन्टल हेल्थ सिस्टम असेसमेंट (एमएचएसए) सर्वसम्मति बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. दिनेश कुमार वालिया ने सभी गणमान्य अतिथियों एवं हितधारकों का स्वागत किया। जीएमसीएच-32 की डायरेक्टर प्रिंसिपल प्रो. रवनीत कौर ने मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए साक्ष्य-आधारित योजना निर्माण के महत्व पर बल दिया तथा एनएमएचएस-2 टीम के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज ऑथोरिटी, चंडीगढ़ के चीफ जुडिशल मेजिस्ट्रेट कम सेक्रेटरी सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में मानसिक स्वास्थ्य को समग्र स्वास्थ्य का अभिन्न अंग बताते हुए मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# एसबीआई चंडीगढ़ में रक्तदान शिविर, 134 यूनिट रक्त एकत्र



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, स्थानीय प्रधान कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा अपने स्थानीय प्रधान कार्यालय, चंडीगढ़ परिसर में पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कृष्ण शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक एवं अमरेश कुमार झा, मुख्य महाप्रबंधक (चंडीगढ़ मंडल) ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया तथा शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से पीजीआई के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं।

इस अवसर पर कुल 134 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। एसबीआई लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती आशा शर्मा एवं एसबीआई लेडीज क्लब, चंडीगढ़ मंडल की अन्य सदस्याओं ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया तथा उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट किए।

यह रक्तदान शिविर समाज के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सामुदायिक कल्याण के प्रति उसके समर्पण को प्रतिबिंबित करता है।

# गुरुग्राम : मुंबई एक्सप्रेसवे पर चलते ट्रक में लगी भीषण आग

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** सोहना-मुंबई एक्सप्रेसवे पर वीरवार अलसुबह ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। ट्रक ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट का कीमती सामान लेकर मुंबई से दिल्ली की ओर जा रहा था। हादसे के समय चालक की सूझबूझ से बड़ा नुकसान और जनहानि टल गई। आग लगते ही ड्राइवर ने ट्रक को सड़क किनारे रोक दिया और क्लीनर के साथ कूदकर सुरक्षित बाहर निकल आया। जानकारी के अनुसार ट्रक मुंबई एक्सप्रेसवे से गुरुग्राम-दिल्ली की ओर आ रहा था। सोहना एलिवेटेड हाईवे की तरफ मुड़ते ही ट्रक के केबिन से धुआं उठने लगा। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे केबिन को अपनी चपेट में ले लिया।

चलते वाहन में आग लगने से एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी मच गई। आग तेजी से फैलते हुए कंटेनर तक पहुंच गई। लपटें इतनी ऊंची थीं कि दूर-दूर तक काले धुएं के गुबार दिखाई देने लगे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर अधिकारियों के अनुसार यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो पूरा ट्रक और उसमें रखा सामान जलकर राख हो सकता था। आग के कारण ट्रक का केबिन पूरी तरह नष्ट हो गया, जबकि कंटेनर में रखे सामान को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। घटना के चलते सोहना रोड पर यातायात प्रभावित रहा। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने वाहनों को एक लेन से निकाला, जिससे हाईवे पर लंबा जाम लग गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# हरियाणा में आठवीं के विद्यार्थी पढ़ेंगे सिख गुरुओं का इतिहास

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** हरियाणा में आठवीं कक्षा के विद्यार्थी अब सिख गुरुओं का इतिहास पढ़ेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिख समाज और प्रदेशवासियों से किया गया एक महत्वपूर्ण वादा पूरा करते हुए राज्य के विद्यालयों की कक्षा 8वीं के इतिहास पाठ्यक्रम में सिख गुरुओं व बाबा बन्दा सिंह बहादुर से जुड़े इतिहास को शामिल किया है। स्कूली बच्चे सिख गुरुओं के साथ-साथ बाबा बन्दा सिंह बहादुर जी के त्याग, बलिदान और आदर्शों से रू-ब-रू होंगे।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा में मनाए गए गुरु तेगबहादुर जी के 350वें शहीदी समागम के अवसर पर घोषणा की थी कि आने वाली पीढियों को सिख इतिहास, गुरुओं के आदर्शों और उनके महान बलिदानों से परिचित कराने के लिए इन्हें विद्यालयी शिक्षा का हिस्सा बनाया जाएगा। अब सरकार ने इस घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए इसे पाठ्यक्रम में शामिल कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोबिंद सिंह जी तक सभी सिख गुरुओं ने मानवता, समानता, सेवा, करुणा, भाईचारे और सामाजिक न्याय का संदेश दिया। उन्होंने समाज को जाति, धर्म और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर मानव कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। सिख गुरुओं की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, क्योंकि वे समाज में सद्भाव, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का मार्ग दिखाती हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सिख गुरुओं और बाबा बंदा सिंह बहादुर का जीवन केवल एक समुदाय की धरोहर नहीं, बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर ने गुरु गोबिंद सिंह जी की प्रेरणा से अन्याय, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को सम्मान और अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में जब नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और महान व्यक्तित्वों के आदर्शों से जोडने् की आवश्यकता है, तब सिख गुरुओं और बाबा बंदा सिंह बहादुर के जीवन पर आधारित अध्याय विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का माध्यम बनेंगे।

# पानीपत : मां की डांट से आहत हो बेटी ने फंदा लगा दी जान

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत सनौली रोड स्थित आर्य नगर में एक 19 साल की युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान खुशबू के रूप में हुई है। परिवार के अनुसार, खुशबू ने कक्षा सात तक पढ़ाई करने के बाद करीब पांच साल पहले स्कूल छोड़ दिया था। इसके बाद वह अमूमन घर पर ही रहती थी और घर पर रहकर उर्दू की तालीम ले रही थी।

खुशबू अपने छह भाई-बहनों में चौथे नंबर पर थी। अभी महज 11 दिन पहले ही खुशबू की बड़ी बहन की शादी हुई थी, जिसकी वजह से घर में अभी भी शादी का माहौल था और रिश्तेदार मौजूद थे। खुशबू के पिता इसराइल और मां शबनम दोनों ही फैक्टरी में करते है। माता-पिता के काम पर चले जाने के बाद अक्सर घर में खुशबू और उसके छोटे भाई-बहनों के बीच किसी न किसी बात को लेकर कहासुनी और झगड़ा होता रहता था। मां की इसी डांट और काम पर चलने की बात को खुशबू बर्दाश्त नहीं कर पाई और वह गहरे सदमे में आ गई। इसी बात से परेशान होकर उसने बुधवार की रात को घर के भीतर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

# 'बच्चों को नैतिक शिक्षा के साथ-साथ ब्रह्मज्ञान की जानकारी भी जरूरी'

अनंत ज्ञान




**पंचकूला/चंडीगढ़।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन पवित्र आशीर्वाद से बाल संत समागम का आयोजन पंचकूला के सेक्टर 9 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने गीत, एक्शन सांग, स्किट, कविता, कव्वाली, स्पीच, इत्यादि प्रस्तुत कर सतगुरु के संदेश को पहुंचाया । वहीं एक स्किट के माध्यम से बाबा गुरुबचन सिंह जी के संदेश सादा जीवन, नशा न करने, दहेज लेने व देने पर प्रतिबंध प्रस्तुत किया । इसके साथ साथ सभी पत्रिकाओं को पढ़ने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर सतगुरु माता जी का संदेश देने मोहाली से प्रचारक राजन सूरी ने कहा कि बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों द्वारा सतगुरु की शिक्षाओं का बहुत सुंदर प्रस्तुतीकरण किया है। आज सतगुरु माता जी हमें दो तरह की सिखलाई दे रहे हैं। पहली सिखलाई परिवार व सांसारिक जीवन में सबसे प्यार, मीठा बोलना,सेवाभाव रखना, आलस न करना व बड़ों का सत्कार करना एवं किसी का दिल न दुखाना। बच्चे जो पढ़ाई कर रहे हैं वो दिल लगाकर पूरी आत्मीयता से , लग्न व मेहनत से पढ़ाई करें । दूसरी सिखलाई है जिस पर विशेष जोर दिया जा रहा है-वो है ब्रह्मज्ञान। आत्मा का नाता निरंकार प्रभु से हर पल हर समय जोड़कर रखना। उन्होंने एक उदाहरण के माध्यम से बताया कि रेगिस्तान में एक ब्रह्मज्ञानी संत हसन हुआ करते थे। वे दिन रात खुदा की इबादत करने थे। लोगों ने उन्हें बुरा भला कहना शुरू किया। वो झोपड़ी छोड़ झील के किनारे चले गए। झील पर देखते हैं एक कुत्ता पानी पीने आता है पर अपना अक्स देखकर भोंकते भौंकते चला जाता है। वही दूसरा कुत्ता आता है वो सीधे झील में छलांग लगाता है और खूब मस्ती करते पानी पीकर चला जाता है। इसी प्रकार हमें भी अपने हर कर्म को करते हुए निराकार में ही आनंदित रहना है।

इसी प्रकार किसी भी फल में बहुत सारे बीज होते हैं परंतु वो भाग्यशाली बीज होता है जिसे माली बीजता है और पौधा बनता है। इसलिए हमें भी अपने आपको भाग्यशाली मानते हुए इस निराकार में संलिप्त होकर जीवन जीना चाहिए।

# नारनौल में वेतन नहीं मिलने पर सफाई कर्मियों ने की हड़ताल

अनंत ज्ञान

**नारनौल।** नारनौल शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण कार्य से जुड़े वाहन चालकों और कर्मचारियों ने गुरूवार को वेतन नहीं मिलने के विरोध में हड़ताल शुरू कर दी। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इसके चलते उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। हड़ताल के कारण शहर के कई क्षेत्रों में घरों से कूड़ा नहीं उठ पाया, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित रही।

हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने बताया कि करीब तीन महीने पहले क्लासिक मैन पावर कंपनी ने नारनौल शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण का ठेका संभाला था। कंपनी के कार्य का शुभारंभ स्थानीय विधायक ओमप्रकाश यादव और नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी द्वारा किया गया था। नई व्यवस्था से लोगों को शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार की उम्मीद थी, लेकिन कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने से स्थिति बिगड़ती जा रही है।

कर्मचारियों का कहना है कि वे लगातार कंपनी प्रबंधन से वेतन भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। वेतन लंबित रहने के कारण कई कर्मचारियों को दैनिक जरूरतें पूरी करने में भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा पेट्रोल पंप संचालकों का भुगतान नहीं किए जाने के कारण कई पेट्रोल पंपों ने वाहनों को ईंधन देना बंद कर दिया है। इससे भी कार्य प्रभावित हुआ है। जानकारी के अनुसार शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण के लिए करीब 31 टेंपो, पांच ट्रैक्टर, दो लोडर तथा लगभग 50 चालक एवं अन्य कर्मचारी कार्यरत हैं।

हड़ताल के चलते शहर के विभिन्न वार्डों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़े के ढेर लगने शुरू हो गए हैं। नागरिकों ने जल्द समाधान निकालकर सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

# कमलेश को अध्यक्ष और लोकपाल को चुना उपाध्यक्ष

## जुब्बल पंचायत समिति की कमान कांग्रेस के हाथ, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने दोनों को दी बधाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पंचायत समिति जुब्बल के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए वीरवार को संपन्न चुनाव में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत दर्ज की। पंचायत समिति कक्ष जुब्बल में एसडीएम गुरमीत नेगी तथा बीडीओ करण सिंह की उपस्थिति में हुई चुनाव प्रक्रिया के दौरान पंचायत समिति वार्ड रावीं की सदस्या कमलेश झगटा को अध्यक्ष तथा पंचायत समिति वार्ड शिली-पराली के सदस्य लोकपाल शरखोली को उपाध्यक्ष चुना गया।

अध्यक्ष पद के लिए कमलेश झगटा के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसका सभी पंचायत समिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के लिए लोकपाल शरखोली के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे भी सभी सदस्यों का समर्थन प्राप्त हुआ। इसके बाद एसडीएम गुरमीत नेगी ने दोनों उम्मीदवारों को क्रमशः पंचायत समिति जुब्बल की निर्विरोध अध्यक्षा और उपाध्यक्ष घोषित किया। जानकारी के अनुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्षा कमलेश झगटा, उपाध्यक्ष लोकपाल शरखोली तथा पंचायत समिति के अन्य सदस्यों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि पंचायत समिति स्थानीय विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।


शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ नवनिर्वाचित पंचायत समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारी।

### क्षेत्र के विकास को मिलेगी गति : रोहित

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायत समितियों के माध्यम से विकास कार्यों को गति देने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाने के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष जितेंद्र मैहता, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्तो लंतथा संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# बाथू की बेटी अनिका राणा ने योग में जीता स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान



**हरोली।** हरोली विधानसभा क्षेत्र के बाथू गांव की प्रतिभाशाली बेटी अनिका राणा ने अंतरराष्ट्रीय योग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर हिमाचल प्रदेश का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। योग के क्षेत्र में अनिका राणा की असाधारण प्रतिभा, समर्पण और कठिन परिश्रम ने उन्हें यह गौरवपूर्ण सफलता दिलाई है। विश्व मंच पर स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने न केवल अपने परिवार और क्षेत्र का, बल्कि पूरे प्रदेश और देश का सम्मान बढ़ाया है। अनिका की इस उपलब्धि को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अपने सोशल मीडिया संदेश के माध्यम से उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अनिका राणा की यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है तथा यह उपलब्धि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

उपमुख्यमंत्री ने अनिका राणा को इस स्वर्णिम सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अनिका भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करती रहेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट के आरोप में पति और जेठ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** उपमंडल अंब के तहत ग्राम पंचायत बेहड़ जसवां के गांव कुंग्राला (बागड़ू) में घरेलू विवाद का मामला गंभीर रूप ले गया। पत्नी के साथ कथित रूप से बेरहमी से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने महिला के पति और उसके जेठ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ शांति भंग करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीना देवी का किसी बात को लेकर अपने पति कुशल कुमार के साथ विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के दौरान कुशल कुमार ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच उसका बड़ा भाई भी मौके पर पहुंच गया और उसने भी कुशल कुमार का साथ देते हुए महिला के साथ मारपीट की। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस थाना अंब की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए महिला के पति तथा जेठ को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मामले से जुड़े सभी पक्षों का सिविल अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवाया। इसके बाद दोनों पक्षों को थाना अंब लाया गया, जहां पुलिस ने उन्हें समझाने और विवाद को शांत कराने का प्रयास किया। हालांकि थाना परिसर में भी दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस होती रही। थाने में दर्ज शिकायत में बीना देवी ने आरोप लगाया है कि पिछले करीब दो वर्षों से उसके और उसके पति के बीच लगातार अनबन चल रही है। उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है और उसे अपनी जान का खतरा महसूस होता है। महिला ने पुलिस से सुरक्षा और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 126 और 170 सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है तथा मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी अंब अनिल पटयाल ने मामले की पुष्टि की है।

### नप जोगिंद्रनगर में नहीं हुआ अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के लिए वीरवार को निर्धारित चुनाव कोरम के अभाव में संपन्न नहीं हो सका। नियमानुसार आवश्यक संख्या में पार्षदों की उपस्थिति न होने के कारण चुनाव प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी मनीश चौधरी ने बताया कि नगर परिषद में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के रिक्त पदों को भरने के लिए आज विशेष बैठक बुलाई गई थी। नियमों के अनुसार बैठक की कार्यवाही संचालित करने के लिए सात निर्वाचित पार्षदों में से कम से कम पांच पार्षदों की उपस्थिति आवश्यक थी, लेकिन बैठक में कोई भी पार्षद उपस्थित नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि पर्याप्त कोरम न होने के कारण अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी। उन्होंने कहा कि नियमानुसार अब नगर परिषद की पुनः बैठक 12 जून, को सायं 3 बजे आयोजित की जाएगी, जिसमें अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के लिए चुनाव करवाया जाएगा। एसडीएम ने सभी संबंधित पार्षदों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### एनटीए के खिलाफ फूटा एसएफआई का गुस्सा



**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई की राज्य कमेटी ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की लगातार सामने आ रही विफलताओं और परीक्षा प्रणाली में बढ़ती अनियमितताओं के विरोध में गुरुवार को शिमला में जोरदार प्रदर्शन किया। उपायुक्त कार्यालय के समीप आयोजित इस प्रदर्शन में एसएफआई कार्यकर्ताओं ने सामूहिक गिरफ्तारियां देकर अपना विरोध दर्ज कराया। संगठन ने आरोप लगाया कि एनटीए आज प्रशासनिक अक्षमता, जवाबदेही के अभाव और छात्र हितों की उपेक्षा का प्रतीक बन चुकी है। एसएफआई नेताओं ने कहा कि पेपर लीक, परीक्षाओं के रद्द होने और तकनीकी खामियों ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की विश्वसनीयता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, जिससे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य संकट में पड़ गया है। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नीट-यूजी, यूजीसी-नेट, सीयूईटी सहित विभिन्न राष्ट्रीय परीक्षाओं में सामने आई अनियमितताओं ने पूरे देश की परीक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। संगठन के अनुसार पिछले एक दशक में देशभर में दर्जनों पेपर लीक और पुनर्परीक्षाओं की घटनाओं ने करोड़ों छात्रों की मेहनत और सपनों को नुकसान पहुंचाया है। एसएफआई ने केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्रालय पर छात्रों की समस्याओं के समाधान के बजाय अपनी जिम्मेदारियों से बचने का आरोप लगाते हुए कहा कि परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, निष्पक्ष और भरोसेमंद बनाने में सरकार पूरी तरह विफल रही है। संगठन ने इसे देश के करोड़ों विद्यार्थियों से जुड़ा राष्ट्रीय संकट बताते हुए व्यापक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया।

### बग्गी-टिक्कर-रोपा बैहना नहर की बदहाल

**अनंत ज्ञान, प्रकाश धीमान, बैहना।** बल्हघाटी की सुकेती खड्ड के इस ओर स्थित ऊपरी गांवों के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लगभग 35-40 वर्ष पूर्व जल शक्ति विभाग द्वारा बग्गी से टिक्कर और रोपा बैहना तक सिंचाई नहर का निर्माण किया गया था। उस समय इस नहर में नियमित रूप से पानी आता था और क्षेत्र के किसान अपनी फसलों तथा सब्जियों की सिंचाई के लिए इसका लाभ उठाते थे। लेकिन समय के साथ रखरखाव के अभाव में नहर की स्थिति लगातार खराब होती चली गई और अब यह कई स्थानों पर झाड़ियों, मिट्टी तथा मलबे से भर चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बग्गी-सुंदरनगर नहर का पानी भी इस नहर में नियमित रूप से नहीं पहुंच रहा है। लोगों ने बताया कि विभाग को कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। दो-तीन माह पूर्व विभाग ने नहर की सफाई का अभियान शुरू किया था। इस दौरान झाड़ियां और पेड़ काटे गए, लेकिन उनका मलबा आज भी नहर में पड़ा हुआ है, जिससे पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है।किसान यूनियन मंडी के वित्त सचिव एवं चिट्टा निवारण कमेटी भडयाल के सदस्य खूब राम लुहाखरा ने कहा कि उन्होंने कई बार विभाग को इस समस्या से अवगत करवाया है। उन्होंने मांग की कि नहर की पूरी तरह सफाई कर किसानों को नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि भीषण गर्मी में फसलों और सब्जियों को सूखने से बचाया जा सके। इस संबंध में जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता महेंद्र सिंह ने बताया कि मामला विभाग के ध्यान में है। पंचायत चुनावों के कारण सफाई कार्य अधूरा रह गया था। उन्होंने कहा कि टेंडर लगाए जा चुके हैं और शीघ्र ही नहर की सफाई पूरी कर लोगों को नियमित रूप से पानी उपलब्ध करवाया जाएगा।

## नीरज के आरापों से प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर खड़े हुए सवाल : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के भीतर चल रही बयानबाजी के बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस नेता नीरज भारती द्वारा लगाए गए आरोपों ने सरकार की कार्यप्रणाली और



प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि जब सत्तारूढ़ दल के अपने ही नेता सरकार के खिलाफ खुलकर बोल रहे हैं तो इससे प्रदेश की जनता के सामने वास्तविक स्थिति उजागर हो रही है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस लंबे समय से भाजपा में गुटबाजी की बात करती रही, लेकिन वर्तमान हालात ने कांग्रेस को ही आईना दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि नीरज भारती के बयानों से साफ संकेत मिलते हैं कि सरकार के भीतर सब कुछ सामान्य नहीं है। जयराम ने दावा किया कि कांग्रेस नेताओं के बीच बढ़ता असंतोष अब सार्वजनिक रूप से सामने आने लगा है, जिससे सरकार की स्थिति कमजोर होती दिखाई दे रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश और सरकार का नेतृत्व करने के बजाय एक विशेष गुट के नेतृत्व तक सीमित दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास की गति प्रभावित हुई है और जनता सरकार के कई निर्णयों से संतुष्ट नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जनभावनाओं की अनदेखी का परिणाम आने वाले समय में राजनीतिक रूप से देखने को मिलेगा और प्रदेश की जनता लोकतांत्रिक तरीके से अपना निर्णय सुनाएगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि नीरज भारती के आरोपों ने सरकार की जवाबदेही और पारदर्शिता को लेकर नई बहस छेड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपने ही नेताओं द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों का संतोषजनक उत्तर देने में असफल रही है। जयराम ने कहा कि प्रदेश की जनता विकास, सुशासन और जवाबदेह प्रशासन चाहती है तथा सरकार को इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# शिमला में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार व सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर लगी मुहर

## चमयाना अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक में करोड़ों के बजट को मंजूरी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला के अटल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चमयाना में गुरुवार को रोगी कल्याण समिति गवर्निंग बॉडी की प्रथम बैठक आयोजित की गई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल की अध्यक्षता में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए करोड़ों रुपए के बजट को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में अस्पताल की वित्तीय स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। गवर्निंग बॉडी के 11 सदस्यों की उपस्थिति में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित प्राप्तियों और व्यय से संबंधित प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जून 2023 में गठित रोगी कल्याण समिति के माध्यम से अस्पताल के विकास को नई दिशा मिली है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में विभिन्न विभागों की नौ विशेषज्ञ ओपीडी सेवाएं संचालित हो रही हैं, जिनके माध्यम से हजारों मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। बीते वर्ष 17 हजार से अधिक ओपीडी दर्ज की गईं, जबकि इस वर्ष अब तक लगभग 14 हजार मरीज उपचार प्राप्त कर चुके हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों, सर्जरी और विशेष रूप से रोबोटिक सर्जरी के बढ़ते आंकड़े संस्थान की बढ़ती विश्वसनीयता और चिकित्सकीय दक्षता को दर्शाते हैं। कर्नल डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक और जनसुलभ बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। अस्पताल में एमआरआई, अल्ट्रासाउंड, पेट स्कैन, एक्स-रे सहित विभिन्न जांच सेवाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अब


बैठक की अध्यक्षता करते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल। अनंत ज्ञान

प्रदेश के लोगों को उपचार के लिए बड़े संस्थानों का रुख नहीं करना पड़ रहा, क्योंकि एम्स और पीजीआई स्तर की अनेक सुविधाएं चमयाना अस्पताल में ही उपलब्ध हो रही हैं। इससे मरीजों का समय और आर्थिक बोझ दोनों कम हुए हैं तथा उन्हें अपने प्रदेश में ही बेहतर उपचार मिल रहा है। अस्पताल परिसर में पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने और मरीजों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए भी बड़े स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि भट्टाकुफर से चमयाना अस्पताल तक सड़क को चौड़ा और पक्का करने का कार्य तेजी से जारी है। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद परिवहन सुविधाएं भी बेहतर होंगी और हिमाचल पथ परिवहन निगम की नियमित बस सेवाएं शुरू की जाएंगी, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी।

## ग्रेप्लिंग में पदक विजेता मयंक को मंत्री ने किया सम्मानित

अनंत ज्ञान



**भीम बसेड़ू राजपूत महादेव।** यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) एशियन ग्रेप्लिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक जीतकर लौटे शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के डोमेहर निवासी मयंक पाल का लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सम्मान किया। अंडर-20 वर्ग के 62 किलोग्राम भार वर्ग में पदक जीतकर मयंक ने देश व प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 4 से 6 जून तक द नांग (वियतनाम) में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के तत्वावधान में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों ने भारतीय ग्रेप्लिंग संघ के बैनर तले भाग लिया और प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। विक्रमादित्य सिंह ने मयंक पाल को बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के डोमेहर गांव के खिलाड़ी ने देश के लिए पदक जीतकर प्रदेश और भारत का मान बढ़ाया है। मंत्री ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें तथा खेलों और अन्य सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं। मयंक पाल की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों, खेल प्रेमियों और विभिन्न संगठनों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## अदीति ने जीता मिस नॉदर्न इंडिया की फर्स्ट रनर-अप का खिताब

अनंत ज्ञान



**पालमपुर।** 18 वर्ष की अदीति भारद्वाज ने प्रतिष्ठित मिस्टर एंड मिस नॉदर्न इंडिया स्पर्धा में प्रतिभागिता करते हुए फर्स्ट रनर-अप का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले इंद्रधनुष ऑडिटोरियम सेक्टर-5 पंचकुला में आयोजित किया गया था। यह उनका पहला पेजेंट अनुभव था, जिससे यह उपलब्धि और भी विशेष बन जाती है। इस प्रतियोगिता में पूरे नॉर्थ इंडिया से लगभग 1,800 से 2,000 प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिए थे, जिनमें हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्य शामिल थे। इनमें से 200 प्रतिभागियों का सेमीफाइनल के लिए चयन हुआ और अंततः 80 फाइनलिस्ट (40 लड़के और 40 लड़कियां) ग्रैंड फिनाले तक पहुंचे। अदीति को मिस ब्यूटीफुल स्माइल और बेस्ट इन रैम्प वॉक के विशेष खिताब भी प्राप्त हुए। साथ ही 31,000 रुपए का पुरस्कार भी मिला।

अदीति कृषि विभाग में उपनिदेशक के पद पर कार्यरत राजकुमार की पुत्री हैं जबकि उनकी माता सरोज देवी विद्युत बोर्ड में सुपरिटेंडेंट के पद पर कार्यरत हैं। वह हिमाचल प्रदेश के गांव चकोल, पोस्ट ऑफिस नोहरा, तहसील बैजनाथ की निवासी हैं। अदीति के लिए यह पहला अनुभव ही एक यादगार उपलब्धि बन गया है।

### बेसहारों की सेवा को बनाया जीवन का उद्देश्य

## मासूमों के भविष्य को पंख लगा रही धर्मपुर की पल्लवी

अनंत ज्ञान



**धर्मपुर।** धर्मपुर ब्लॉक के लवनपुर (बरोटी) गांव की युवा शिक्षिका पल्लवी शर्मा समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायक कार्य कर रही हैं। वर्तमान में वह केएसडब्ल्यू फाउंडेशन से जुड़कर जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के साथ उनके बेहतर भविष्य के निर्माण में योगदान दे रही हैं। 9 नवंबर 2001 को एक साधारण परिवार में जन्मी पल्लवी के पिता हरवंश लाल ढाबा संचालक हैं, जबकि माता जीवा देवी गृहिणी हैं।

पल्लवी बताती हैं कि छठी कक्षा के दौरान दिल्ली बस अड्डे पर जरूरतमंद और बेसहारा बच्चों को देखकर उनके मन में समाजसेवा का भाव जागृत हुआ। उस घटना ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। इसके बाद उन्होंने अपनी पॉकेट मनी जरूरतमंद बच्चों की सहायता पर खर्च करनी शुरू कर दी और सेवा कार्यों से जुड़ गईं। पल्लवी आज जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा, बुजुर्गों के सम्मान और बेसहारा पशुओं की सेवा को अपना कर्तव्य मानती हैं। वह अपना जन्मदिन भी गरीब बच्चों के बीच मनाती हैं और उन्हें उपहार देकर खुशियां बांटती हैं। भविष्य में पल्लवी एक स्वतंत्र एनजीओ स्थापित कर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा, करियर मार्गदर्शन और अन्य सहायता उपलब्ध करवाना चाहती हैं। उनका लक्ष्य हिमाचल के युवाओं को नशे से दूर रखकर शिक्षा, खेल और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से सकारात्मक दिशा देना है। पल्लवी का मानना है कि हर बच्चा शिक्षा और हर बुजुर्ग सम्मान का अधिकार रखता है तथा समाज की छोटी-सी सेवा भी बड़े बदलाव की शुरुआत बन सकती है।

## सीबीएसई स्कूलों में मेरिट के आधार पर नियुक्ति की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सीबीएसई संबद्ध सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर नया विवाद सामने आया है। सीबीएसई सब-कैडर के लिए चयनित शिक्षकों ने नियुक्तियां पूरी तरह मेरिट के आधार पर किए जाने की मांग उठाई है। इस मुद्दे को लेकर शिक्षक संघ जल्द ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात करेगा और चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की पैरवी करेगा। संघ का कहना है कि यदि नियुक्तियां मेरिट के अनुसार की जाती हैं तो योग्य और उच्च रैंक प्राप्त करने वाले शिक्षकों को उनकी पसंद के विद्यालयों में सेवाएं देने का अवसर मिलेगा, जिससे शिक्षा व्यवस्था भी अधिक मजबूत होगी। राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने बताया कि सीबीएसई सब-कैडर भर्ती प्रक्रिया के शुरुआती चरण में अभ्यर्थियों को अपनी पसंद के दस विद्यालयों या स्टेशनों का विकल्प भरने की सुविधा दी गई थी।

### सवाल रुकावट के लिए दोषी कौन, जनता को जानने का अधिकार : अनुराग

# दो साल से मेडिकल कॉलेज तैयार क्यों नहीं किया जा रहा लोकार्पित?

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने वार को जोलसप्पड़ स्थित निर्माणाधीन डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने मेडिकल कॉलेज परियोजना में हो रही लगातार देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की। अनुराग ने कहा कि 'बड़ी मुश्किल से केंद्र सरकार से हमीरपुर के लिए मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति दिलवाई गई थी। लगभग 300 करोड़ रुपये की इस महत्वपूर्ण परियोजना को पूरा होने में अब



10 वर्ष लगने वाले हैं। जनता यह जानना चाहती है कि आखिर कौन लोग इस परियोजना में लगातार रुकावट बनते रहे और इसके लिए कौन जिम्मेदार है।' उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के भवन लगभग दो वर्ष पूर्व ही बनकर लगभग तैयार हो चुके हैं, लेकिन आज तक न तो यहां 600 विद्यार्थियों के लिए नियमित कक्षाएं शुरू हो पाई हैं और न ही जनता के लिए ओपीडी सेवाएं आरंभ की गई हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब आधारभूत ढांचा तैयार है तो फिर कॉलेज को शुरू करने में आखिर किस बात की देरी हो रही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2017 में इस मेडिकल कॉलेज की नींव रखी गई थी, लेकिन प्रारंभिक चरण में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध कराने में विलंब किया गया। उन्होंने कहा कि 'पहले वीरभद्र सिंह सरकार ने जमीन उपलब्ध नहीं करवाई और अब प्रदेश में फिर कांग्रेस की सरकार है, लेकिन इसके बावजूद मेडिकल कॉलेज का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। आखिर ऐसी कौन सी बाधाएं हैं जो इस महत्वपूर्ण परियोजना को जनता को समर्पित होने से रोक रही हैं?' उन्होंने कहा कि हमीरपुर सहित आसपास के जिलों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यह मेडिकल कॉलेज स्वीकृत कराया गया था। यदि इसी प्रकार परियोजनाओं में वर्षों तक देरी होती रही तो जनता को उनका लाभ कब मिलेगा, यह एक बड़ा प्रश्न है।

## अब अध्ययन अवकाश पर मिलेगा पूरा वेतन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी निर्णय लेते हुए अध्ययन अवकाश के दौरान पूर्ण वेतन प्रदान करने का ऐतिहासिक फैसला किया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की बजट घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए राज्य सरकार ने सीसीएस अवकाश नियम, 1972 के नियम-56 में संशोधन कर दिया है। अब सेवा अवधि के दौरान उच्च शिक्षा अथवा व्यावसायिक दक्षता बढ़ाने के लिए अध्ययन अवकाश पर जाने वाले कर्मचारियों को 100 प्रतिशत वेतन मिलेगा।

जानकारी के अनुसार, अब तक अध्ययन अवकाश लेने वाले कर्मचारियों को उनके मूल वेतन का केवल 40 प्रतिशत हिस्सा ही दिया जाता था, जबकि महंगाई भत्ता और आवास भत्ता अलग से प्रदान किया जाता था। नई व्यवस्था लागू होने के बाद कर्मचारी आर्थिक चिंताओं से मुक्त होकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। सरकार का मानना है कि बेहतर शिक्षा और उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारी अधिक दक्षता के साथ कार्य करेंगे, जिससे प्रशासनिक सेवाओं की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा। इस निर्णय से विभिन्न विभागों में कार्यरत हजारों कर्मचारियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने की संभावना है।